RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 20
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 नवंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



थियेटर से हमारा संबंध बहुत विशेष और पवित्र होता है
विविध-12

# दिल्ली, महाराष्ट्र व गुजरात में हालत बदतरः सुप्रीम कोर्ट

**● सभी राज्यों से मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में संदिग्ध कोरोना संक्रमित लोगों से प्राप्त नमूनों को व्यवस्थित करते चिकित्साकर्मी — पायनियर

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में महामारी की हालत 'बदतर' हो गई है और गुजरात में 'स्थिति नियंत्रण से बाहर' है। वहीं महाराष्ट्र को चेतावनी दी कि दिसंबर में उसे और मुश्किल हालात का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। देश भर में कोविड-19 के मामलों में तेजी से हो रहे इजाफे पर चिंता व्यक्त करते हुए अदालत ने केंद्र और सभी राज्यों से दो दिन के भीतर स्थिति रिपोर्ट पेश कर यह विस्तार से बताने को कहा है कि वर्तमान में कोरोना वायरस संबंधी हालत से निपटने के लिए उन्होंने क्या कदम उठाए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि महाराष्ट्र में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है, ऐसे में अधिकारियों को कदम उठाने होंगे तथा दिसंबर में 'और भी बदतर स्थिति' का सामना करने के तैयार रहना होगा। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल संजय जैन से कहा, 'दिल्ली में हालत काफी बिगड़ गई, खासकर नवंबर के महीने में। आप स्थिति रिपोर्ट पेश करें और बताएं कि इस बाबत क्या कदम उठाए गए हैं।'

न्यायमूर्ति आरएस रेड्डी और न्यायमूर्ति एमआर शाह भी पीठ का हिस्सा हैं। पीठ ने कहा, 'गुजरात में, हालात बेकाबू हो रहे हैं'। महाराष्ट्र की ओर से पेश वकील से पीठ ने कहा, 'मामले बढ़े हैं जबकि अभी तो नवंबर ही आया है। दिसंबर में और बुरे हालात के लिए तैयार रहें। आपको कदम उठाने होंगे।' पीठ ने केंद्र और राज्यों से कहा कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों से निपटने और हालात को सुधारने के लिए वे हरसंभव प्रयास करें। शीर्ष अदालत एक मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें उसने कोविड-19 के मरीजों को उचित उपचार देने और अस्पतालों में शवों को सम्मानजनक तरीके से रखने के बारे में संज्ञान लिया। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले की सुनवाई 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

पीठ ने कहा कि देशभर में खासकर दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। पीठ ने तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया जिसमें उन्होंने बताया था कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 15 नवंबर को एक बैठक ली थी तथा राष्ट्रीय राजधानी में हालात से निपटने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल संजय जैन ने पीठ को सूचित किया कि शीर्ष अदालत के पहले के आदेश के अनुरूप विशेषज्ञों की समिति बनाई गई है तथा दिल्ली सरकार द्वारा अन्य निर्देशों का भी पालन किया गया है। इससे पहले 19 जून को दिए गए आदेश में शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्यों को प्रभावी निगरानी तथा सरकारी और कोविड अस्पतालों को मार्गदर्शन करने के लिए विशेषज्ञों के एक पैनल के गठन का आदेश दिया था, जिससे कि मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। सुप्रीम कोर्ट केंद्र को यह भी निर्देश दिया था कि टेस्टिंग तथा अन्य सुविधाओं के लिए एक समान दरें तय की जाए तथा केंद्र सरकार के अस्पतालों में वरिष्ठ डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ कमेटी का गठन करने का आदेश दिया था। अदालत ने कहा था कि विशेषज्ञों की सीमित निगरानी करे तथा कोविड मरीजों के उचित इलाज के लिए सभी सरकारी अस्पतालों, कोविड अस्पतालों ( शेष पेज 9 )

## कोरोना की निगेटिव रिपोर्ट पर ही मिलेगी महाराष्ट्र में एंट्री

**● दिल्ली, राजस्थान, गुजरात से आने वाले विमान यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर जांच अब होगी जरूरी**

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि एनसीआर दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और गोवा के हवाई अड्डों से यात्रा करने वाले सभी घरेलू यात्रियों को उड़ान से पहले अपने साथ आरटी-पीसीआर जांच की निगेटिव रिपोर्ट लेकर रखना होगा और उन्हें महाराष्ट्र के हवाई अड्डे पर उतरने पर निरीक्षण टीमों को दिखाना होगा। आदेश में कहा गया है कि महाराष्ट्र में हवाई अड्डों पर उतरने के निर्धारित समय के 72 घंटे के भीतर आरटी-पीसीआर जांच के लिए नमूना संग्रह किया जाना चाहिए। दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और गोवा से आने वाले लोगों के पास अगर जांच रिपोर्ट नही होगी तो उन्हें राज्य में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। राज्य सरकार के एक आदेश में कहा गया, 'बिना लक्षणों वाले यात्रियों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। लक्षणों वाले यात्रियों के पास वापस लौटने और अपने घर जाने का विकल्प होगा। इससे पहले महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना संक्रमण पर रोकथाम के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें बगैर मास्क दिखने पर 200 से 500 रुपए ( शेष पेज 9 )

## उप्र में सभागारों में सौ से ज्यादा लोगों के जुटने पर लगी रोक

**लखनऊ( पीएनएस )।** कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने किसी भी बंद हॉल (सभागार) में आयोजित होने वाले समारोहों में सौ से ज्यादा लोगों के जुटने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस सिलसिले में सोमवार को शासन ने नए दिशा-निर्देश जारी किए। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने सोमवार को प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, विभिन्न जोन के अपर पुलिस महानिदेशकों, पुलिस महानिरीक्षकों और परिक्षेत्रों के पुलिस उप महानिरीक्षकों, सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों तथा लखनऊ और गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर नए दिशा-निर्देशों का अनुपालन ( शेष पेज 9 )

## हिमाचल में स्कूल कॉलेज 31 दिसंबर तक बंद रहेंगे

**शिमला ( पीएनएस )।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर सोमवार को सभी स्कूलों और कॉलेजों को 31 दिसंबर तक बंद रखने का फैसला किया और चार जिलों में रात्रिकालीन कर्फ्यू लगा दिया। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने बताया कि शिमला, मंडी, कांगड़ा और कुल्लू जिलों में मंगलवार से 15 दिसंबर तक रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की हुई बैठक में पाबंदी लगाने का फैसला किया गया। सभी शैक्षणिक संस्थान 25 नवंबर तक बंद थे। अब इन संस्थानों को 31 दिसंबर तक बंद रखने का फैसला किया गया है।

# पूरे एलएसी पर अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटा चीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सात माह से जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। वहीं चीन पूरे एलएसी के पास आधारभूत ढांचों के विकास में लगा हुआ है। इसमें गोला-बारूद के भंडारण के लिए बंकर, सड़कों का निर्माण आदि शामिल है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब दोनों पक्ष जल्द ही कोर कमांडर स्तर की नौंवें दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। दोनों कमांडरों ने वार्ता जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है, चीन के आक्रामक तरीके से आधारभूत ढांचों के विकास के प्रयासों ने भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठानों को सतर्क कर दिया है।

सूत्रों ने सोमवार को कहा कि इससे पहले गतिरोध की पृष्ठभूमि में चीन सिर्फ लद्दाख सेक्टर स्थित एलएसी के पास निर्माण कार्य कर रहा था। लेकिन सिक्किम के पास डोकलाम के पूर्व में भी उसने काम



**● डोकलाम के पास बंकर और सड़क निर्माण कर रहा है ड्रैगन**

शुरू कर दिया है जो गंभीर चिंता का विषय है। वर्ष 2017 में डोकलाम ने 70 दिन लंबा गतिरोध चला था भारत ने चीन द्वारा वहां पर सड़क निर्माण पर आपत्ति जताई थी। यह मुद्दा राजनयिक और सैन्य स्तर पर चली गहन वार्ताओं के बाद सुलझा था। ताजा घटनाक्रम में सेटेलाइट से मिली तस्वीरों से पता चलता है कि चीन भूटान और चीन के बीच सीमा पर डोकलाम के पास सिंचे ला (दर्रा) से दो किलोमीटर दूर गोला-बारूद भंडारण के लिए बंकर का निर्माण कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि नए निर्माणों की मदद से चीन के सैनिक भीषण ठंड में भी यहां रह सकेंगे तथा पर्याप्त जमीनी मदद के जरिये किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम होंगे। मैक्सार टेक्नोलॉजी की उच्च रेजोल्यूशन वाली तस्वीरें संकेत देती है कि बंकर से सिंचे-ला दर्रे तक सड़क के जरिये पहुंचा जा सकता है, जहां से सभी मौसम के इस्तेमाल हो सकने वाली सड़क जुड़ जाती है, जिसका निर्माण चीनी कामगारों ने किया है। 2017 में गतिरोध के बाद डोकलाम में बंकरों तथा सड़क का निर्माण. 'गांव' का और डोकलाम पहाड़ी से सटी नौ किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण इस बात के मजबूत संकेत है कि चीन को उस इलाके में निर्माण में कोई हिचकिचाहट नहीं है, जिसके बारे में भूटान का दावा है कि वह उसका है। स्टार्टफॉर के सितंबर 2020 के एक अध्ययन में कहा गया है कि 2017 डोकलाम संकट से लगता है कि ( शेष पेज 9 )

# ओवैसी को झटका, बंगाल में वरिष्ठ पार्टी नेता पाशा तृणमूल में शामिल

**● एआइएमआईएम पर अलगाववादी राजनीति करने का लगाया आरोप, कहा- इससे बिहार में भाजपा को मिला लाभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की पश्चिम बंगाल इकाई के नेता अनवर पाशा सोमवार को यह दावा करते हुए अपने साथियों के साथ सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए कि उनकी मूल पार्टी वोटों का ध्रुवीकरण कर बस भाजपा को मदद पहुंचाने का काम कर रही है। पाशा ने आरोप लगाया कि लोगों का एक वर्ग धर्म का इस्तेमाल कर देश को विध्वंस की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल पश्चिम बंगाल पर नजर गड़ाए हुए लोगों, चाहे उन्होंने भगवा पहन रखा हो या हरा, को जान लेना चाहिए कि ऐसे बांटने वालों की इस राज्य में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम ने बिहार में वोटों के ध्रुवीकरण में भूमिका निभाई और वहां भाजपा को सरकार बनाने में मदद पहुंचाई, लेकिन ऐसा बंगाल में नहीं होगा। पाशा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की 30 फीसद जनसंख्या मुसलमान है और बिहार में जो भी राजनीतिक घटनाक्रम हुआ, उसे इस राज्य में नहीं दोहराया जा सकता है। मंत्री द्वय ब्रत्य बसु और मोली घाटक ने पाशा का तृणमूल कांग्रेस में स्वागत किया।

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को कहा था कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने के विषय पर वहां के अपने नेताओं के साथ चर्चा करेगी। उल्लेखनीय है कि एआईएमआईएम मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए जानी जाती है। बिहार चुनाव में सफल प्रयोग के बाद पार्टी पश्चिम बंगाल पर अपना ध्यान केंद्रित किए हुए है।

# असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का निधन

**● राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने जताया शोक**

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी/नई दिल्ली



1936-2020

**असम** के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का सोमवार को निधन हो गया। कोविड-19 संक्रमण से उबरने के बाद स्वास्थ्य संबंधी कुछ जटिलताओं के कारण गोगोई को पिछले दिनों अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इस बारे में बताया। गोगोई 84 साल के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी डॉली, बेटी चंद्रिमा और बेटा गौरव हैं। गोगोई के पुत्र गौरव लोकसभा सदस्य हैं। सरमा ने बताया कि 2001 से 2016 तक असम के तीन बार मुख्यमंत्री रहे गोगोई ने गौहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में शाम पांच बजकर 34 मिनट पर अंतिम सांस ली। सरमा ने कहा कि डॉक्टरों ने उनकी ईसीजी जांच की और पता चला कि हृदयगति रुक गई है। इसके बाद जीएमसीएच के अधीक्षक ने पुष्टि की कि गोगोई नहीं रहे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने गोगोई के निधन पर शोक प्रकट किया।

कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोगोई को सबसे पहले 26 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ दिनों के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। उन्हें दो नवंबर को फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोगोई के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था, जिससे 21 नवंबर को उनकी स्थिति बिगड़ गई और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। गोगोई का रविवार को डायलिसिस किया गया था।

पिछले कुछ घंटे से उनकी स्थिति लगातार बिगड़ रही थी और उनकी हालत बहुत नाजुक हो गई थी। गोगोई 2001 से तीताबोर विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। वह छह बार सांसद भी रहे और दो बार केंद्रीय मंत्री बने।सरमा ने बताया कि गोगोई के पार्थिव शरीर को दिसपुर में उनके आवास पर ले जाया जाएगा। वहां से पार्थिव शरीर को श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में ले जाया जाएगा जहां लोग मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि दे पाएंगे। सरमा ने कहा कि पूरे राजकीय सम्मान से गोगोई का अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं, कांग्रेस के असम अध्यक्ष रिपुन बोरा ने बताया कि गोगोई का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को गुवाहाटी में किया जाएगा।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,077 | ↑ | 195 | |
| निफ्टी | 12,926 | ↑ | 67 | |
| सोना | 49,767 | ↑ | 57 | /10g |
| चांदी | 61,351 | ↓ | 185 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रेलवे ने कॉरपोरेट ट्रेन तेजस के परिचालन को निलंबित किया

**नई दिल्ली।** रेलवे ने कोरोना वायरस महामारी के बीच यात्रियों की कमी की वजह से आईआरसीटीसी द्वारा लखनऊसे दिल्ली और अहमदाबाद से मुंबई के लिए चलाई जाने वाले अपनी कॉरपोरेट ट्रेनों के परिचालन को निलंबित कर दिया है। रेल मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड ने तेजस एक्सप्रेस ट्रेनों के अपने बेड़े का संचालन 17 अक्टूबर से फिर से शुरू किया था। इससे पहले महामारी के कारण इसके संचालन को बंद कर दिया गया था। आईआरसीटीसी के अनुसार कोविड की स्थिति सामान्य होते ही सेवाओं को फिर से शुरू कर दिया गया था। रेल पीएसयू ने एक बयान में कहा, हालांकि हाल में कोविड मामलों की संख्या मे वृद्धि हुई है।

# कोविड-19 रोकने में 70 प्रतिशत प्रभावी है ऑक्सफोर्ड विवि का टीका

**● सीरम इंस्टीट्यूट है इस टीके का भारतीय साझेदार**

**भाषा।** लंदन

**दवा** निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने सोमवार को कहा कि ब्रिटेन और ब्राजील में उसके कोविड-19 टीके के क्लीनिकल परीक्षण का अंतरिम विश्लेषण दर्शाता है कि यह औसतन 70 फीसद प्रभावी है। इस तरह यह अपने टीके के परीक्षण नतीजे को सामने रखने और इस जानलेवा वायरस पर अंकुश पाने की आस जगाने वाली एक और कंपनी बन गई है। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने एक बयान में बताया कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित किए गए कोविड-19 के टीके की पहली खुराक व्यवस्था में 90 फीसद असर नजर आया। इसे आधी खुराक और एक महीने बाद पूरी



जोहानेसबर्ग में एक व्यक्ति पर दवा निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका निर्मित टीके का परीक्षण करता चिकित्साकर्मी

खुराक के तौर दी गई थी। दूसरी खुराक व्यवस्था में इसका असर 62 फीसद रहा। इसमें भी दो पूर्ण खुराक एक महीने के अंतराल पर दी गई। उसने कहा, दोनों खुराक व्यवस्थाओं के संयुक्त विश्लेषण से (टीके का) प्रभाव 70.4 प्रतिशत देखा गया। इस दवा कंपनी ने कहा कि एक स्वतंत्र डाटा सेफ्टी मोनिटरिंग बोर्ड ने तय किया कि यह विश्लेषण उसके प्राथमिक लक्ष्य को पूरा करता है और दर्शाता है कि टीके की दो खुराक लेने पर 14 या उससे अधिक दिनों के बाद कोविड-19 से सुरक्षा प्रदान करता है। उसने कहा कि इस टीके से संबंधित कोई सुरक्षा चिंता सामने नही आई तथा एजेडडी 1222 नामक इस दवा से दोनों ही खुराक व्यवस्था में कोई मुश्किल पैदा नहीं हुई।

बयान के अनुसार कंपनी दुनियाभर में उन प्रशासनों के समक्ष नियामकीय आवेदन देने की तत्काल तैयारी करेगी जिनके पास सशर्त या शीघ्र मंजूरी देने की नियायमकी व्यवस्था है। बयान के मुताबिक एस्ट्राजेनेका निम्न आय वाले देशों में टीके की शीघ्र और सुगम उपलब्धता विश्व स्वास्थ्य संगठन से आपात उपयोग सूचीबद्धता का अनुरोध करेगी। ऑक्सफोर्ड टीका समूह के निदेशक और परीक्षण के मुख्य अध्ययनकर्ता प्रोफेसर एंड्रयू पोलार्ड ने कहा, ये निष्कर्ष दिखाते हैं कि हमारे पास एक प्रभावी टीका है जो कई लोगों की जान बचाएगा। उत्साह की बात है कि टीके की पहली खुराक व्यवस्था 90 प्रतिशत तक प्रभावी हो सकती है और इसका इस्तेमाल किया गया तो योजनाबद्ध आपूर्ति के साथ अधिक से अधिक लोगों को टीका दिया जा सकता है। इस टीके का इजाद ऑक्स्फोर्ड विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कंपनी वैक्सीटेक ने किया है। एस्ट्राजेनिका कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पास्कल सोरिएट ने कहा, आज इस महामारी के विरुद्ध हमारी लड़ाई में यह मील का पत्थर है। इस टीके की प्रभावकारिता और सुरक्षा इसकी पुष्टि करती है कि यह कोविड-19 के खिलाफ बड़ा प्रभावकारी होगा ( शेष पेज 9 )

# विरोध के बाद केरल सरकार पुलिस कानून में बदलाव से पीछे हटी

**● नई धारा किसी भी माध्यम के जरिए सभी प्रकार की अभिव्यक्ति और दृष्टिकोण व्यक्त करने की आजादी पर लगाती है रोक**

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम

**एलडीएफ** सरकार ने सोशल मीडिया के साथ-साथ राजनीतिक हलकों में भारी विरोध के बाद विवादित केरल पुलिस एक्ट में बदलाव को लागू करने का फैसला टाल दिया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सोमवार को कहा कि केरल पुलिस एक्ट में संशोधन को लागू नहीं किया जाएगा। इस एक्ट के तहत इंटरनेट या सोशल मीडिया पर किसी आपत्तिजनक सामग्री को लेकर पुलिस को असीमित अधिकार दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या मानहानि करने वाली पोस्ट डालने पर पांच साल जेल और दस हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

इस कानून में बदलाव को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे। विपक्षी दलों का आरोप है कि केरल सरकार द्वारा कानून में बदलाव का यह कदम मीडिया और आलोचकों की आवाज को कुचलने का प्रयास और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने भी इस नए कानून का विरोध करते हुए कहा था कि यह प्रेस की आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। इसका दुरुपयोग मीडिया और सरकार के आलोचकों के खिलाफ किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर भी ( शेष पेज 9 )

# जेवर एयरपोर्ट पर जल्द आएगी छोटे भूखंडों की स्कीम




**● आवासीय मांग को देखते हुए 60, 90, 120 वर्ग मीटर के प्लाट आम लोग ले सकेंगे**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण नए साल की शुरुआत में ही छोटे आवासीय भूखंडों की स्कीम लॉन्च करने जा रहा है। इसके लिए विकास प्राधिकरण का भूमि, संपत्ति वित्त और प्रशासनिक विभाग तेजी से काम कर रहे हैं।

यमुना प्राधिकरण अगले साल जनवरी में छोटे आवासीय भूखंडों की योजना निकालेगा। योजना निकालने से पहले यह प्रस्ताव प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। यमुना प्राधिकरण की आवासीय और औद्योगिक योजनाओं के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट आने के बाद यह इलाका निवेशकों की पसंद बना हुआ है। प्राधिकरण क्षेत्र में छोटे आवासीय भूखंडों की मांग बढ़ी है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने छोटे भूखंडों की योजना निकालने की तैयारी की है। इस योजना में 60, 90, 120 वर्ग मीटर के भूखंड निकाले की तैयारी है। योजना से पहले इसका प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

बोर्ड से प्रस्ताव पास होने के बाद इस योजना को लांच कर दिया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि अगले साल जनवरी में योजना लाई जाएगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। आवासीय योजना की बड़ी मांग है। छोटे भूखंडों को लेकर प्राधिकरण से बड़ी संख्या में लोगों ने पूछताछ की है। लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए नए साल पर यह आवासी योजना लाई जा रही है। ज्ञात हो कि अब तब यमुना प्राधिकारण बड़े भूखंडों पर ध्यान लगा रहा था मगर छोटे आवासीय प्लाटों की मांग सभी तरफ से हो रही थी। बड़ी कंपनियों के पहुंचने से आम लोगों की घरों का ध्यान इस बार रखा गया है।

## किसानों को लैंड पूलिंग के लाभ बताए जाएंगे

**नोएडा।** किसानों को लैंड पूलिंग योजना के फायदे बताने और जमीन का प्रबंधन करने के लिए यमुना प्राधिकरण लैंड मैनेजमेंट सिस्टम बनाएगा। इसके लिए यमुना प्राधिकरण कंपनी तलाश कर रहा है। अथॉरिटी ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल आरपीएफ निकाल दिया है। 15 दिनों तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। देश भर की कंपनियां इस काम के लिए आवेदन कर सकती हैं। फाइनल बिड खोलने से पहले प्री बिड कांफ्रेंस की जाएगी। पूरी योजना तैयार कर ली गई है। यमुना प्राधिकरण में आवासीय और औद्योगिक भूखंडों का आंवटन चल रहा है। प्राधिकरण जमीन भी खरीद रहा है। प्राधिकरण ने अब तक कितनी जमीन खरीदी है और कितनी आवंटित कर चुका है, इसका आंकड़ा उपलब्ध है। लेकिन जमीन को व्यवस्थित करने के लिए लैंड मैनेजमेंट सिस्टम की जरूरत है। इस सिस्टम के बन जाने से सभी जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। लैंड मैनेजमेंट सिस्टम बनाने के लिए प्राधिकरण ने आरएफपी निकाल दिया है।

## महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर समेत चार ने की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पिछले 24 घण्टों के दौरान महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर समेत चार लोगों ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। लॉकडाउन शुरू होने से लेकर अब तक गौतमबुद्ध नगर जिले में 300 से ज्यादा लोग सुसाइड कर चुके हैं। इन सब घटनाओं के पीछे आर्थिक तंगी, नौकरी जाने और बेतहाशा कर्ज बढ़ना वजह बताई जा रही हैं।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर 20 थाना क्षेत्र के सेक्टर 20 में रहने वाली शिल्पा 25 वर्ष ने सोमवार तड़के अपने घर में पंखे से फंदा लगा लिया। उन्होंने बताया कि उसके दो दोस्तों ने गंभीर हालत में उसे नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शिल्पा सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी और मानसिक तनाव में थी। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र की राजेश्वरी ने मानसिक तनाव के चलते जहर खा लिया है। थाना जेवर क्षेत्र के कानीगढ़ी गांव में रहने वाली बीना नामक महिला ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

नोएडा पुलिस ने बताया कि सेक्टर-20 में रहने वाले शिवचंद राय नामक युवक ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डूंडाहेडा एसटीपी रिएक्टर मरम्मत घोटाले की जांच पूरी

### कानूनी राय मिलने के बाद नगर निगम छह करोड़ का जल निगम को जारी करेगा रिकवरी नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




प्रताप विहार डूंडाहेड़ा स्थित नगर निगम के 70 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के रिएक्टरों की मरम्मत के मामले में नगर निगम की जांच समिति द्वारा की गई जांच पूर्ण हो गई है।

जांच रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर जल निगम की कार्यदायी संस्था सीएनडीएसके अधिकारियों की लापरवाही का आरोप लगा है। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने इस मामले में शासन को अवगत कराने एवं विधिक राय लेने के बाद उत्तर प्रदेश जल निगम की कार्यदाई संस्था सीएनडीएस इकाई को 6 करोड़ 39 लाख 66 हजार रुपए का रिकवरी नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त का कहना है कि जैसे विधिक राय उनके पास आ जाएगी तो वह जल निगम को इस संबंध में नोटिस दे दिया जाएगा। साथ ही जल निगम को अपना पक्ष रखने के लिए एक निश्चित समय भी दिया जाएगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट और भूरे लाल कमेटी के निर्देश पर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में सितंबर 2013 को सम्पन्न हुई बैठक में 70 एमएलडी के एसटीपी में 17.5 एमएलडी यूएसबी टाइप चारों रिएक्टरों की मरम्मत टेस्टिंग, कमिश्निंग, गैस होल्डर, गैस बर्नर, गैस यूटिलाइजेशन सिस्टमए, कन्वेयर सिस्टम की मरम्मत करने के लिए 6 करोड़ 39 लाख 66हजार रुपए में कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था।

इसमें जल निगम सीएनडीएस इकाई की मांग के बाद नगर निगम ने पूर्ण भुगतान कार्यदाई संस्था के पक्ष में कर दिया था। लेकिन कार्यदाई संस्था ने काम समय से नहीं किया और बीच में केवल दो रिएक्टरों की मरम्मत कर नगर निगम को हस्त गत करने के लिए सूचित किया। नगर निगम की जल निगम की टीम ने जब इन रिएक्टरों का मौका मुआयना किया तो उनमें अनेक तकनीकी खामियां पाई गई। इसके बाद नगर निगम ने इसको लेने से मना कर दिया। उसके बाद इस पूरे प्रकरण की जांच नगर निगम के चीफ इंजीनियर, जल निगम के महाप्रबंधक व इकाई यमुना प्रदूषण महाप्रबंधक से कराई गई । जिसकी रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंप दी गई।

नगर आयुक्त ने बताया कि कार्यदाई संस्था ने नगर निगम से पैसा तो पूरा ले लिया लेकिन 6 साल बाद भी काम नहीं किया उल्टे जो थोड़ा बहुत काम किया था वह भी संतोषजनक नहीं है। उन्होंने बताया कि अब इस पूरे प्रकरण से जहां शासन को अवगत कराया जाएगा।

## कोरोना से एक की मौत, 147 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जिले में कोरोना वायरस संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। जिसके बाद जनपद में मरने वालों की संख्या बढ़कर 77 हो गई है। इसके साथ ही सोमवार को जिले में संक्रमण के 147 नए मामले सामने आये हैं। आज 187 मरीज संक्रमण मुक्त भी हुये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। गौतमबुद्ध नगर के जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि सोमवार को कोविड.19 के संक्रमण की वजह से जनपद में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जिसके साथ ही कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़ कर यहां 77 हो गयी है। उन्होंने बताया कि आज सुबह तक गौतमबुद्ध नगर में कोविड.19 से संक्रमित 147 मरीज पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोविड.19 से संक्रमित 187 मरीज उपचार के बाद संक्रमण मुक्त हुये हैं। उन्होंने बताया कि यहां के विभिन्न अस्पतालों में 1302 मरीजों का उपचार चल रहा है।

## मांगों को लेकर फैक्ट्री गेट पर किया धरना प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** एमबीडी ग्रुप की कंपनी मैसर्स होलीफैथ इंटरनेशनल एवं एमगुलाब एंड संस साइट 4 साहिबाबाद की दोनों यूनिटों में लाकडाउन के बाद से महीने में केवल 12 दिन ही काम देने, मंहगाई भत्ता व बोनस तथा ओवर टाइम का भुगतान न किए जाने आदि के विरोध में तथा अपनी माँगों को लेकर दोनों संस्थानों के मजदूरों द्वारा कारखानों के मुख्य द्वार पर अपनी पेपर पैकेजिंग इम्पलाइज यूनियन गाजियाबाद संबद्ध सीआईटीयू के बैनर के साथ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। धरने पर राकेश, प्रकाश, सतीश चंद, तोताराम आदि मौजूद रहे।

## ग्रेनो में दो दोस्तों के बीच मारपीट और गोलीबारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दनकौर थानाक्षेत्र के डेरी गुजरान गांव में बकाया और ब्याज के पैसों को लेकर आज सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। इस संघर्ष में गोलीबारी भी हुई है।

जिससे इस घटना में कम से कम तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। दनकौर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडे ने बताया कि डेरी गुजरान गांव के रहने वाले दो दोस्तों अमित और राहुल के बीच पैसों का लेनदेन हुआ है। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह ब्याज को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। जिसके बाद दोनों तरफ से लोग आ गये। उन्होंने बताया कि तीखी बहस के साथ ही बाद में दोनों पक्षों के बीच जमकर में मारपीट हुई।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में अमित, अरुण, रेनू आदि गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि घटना के बाबत अरुण ने राहुल, सचिन व दो अन्य अज्ञात लोगों को नामित करते हुए थाना दनकौर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## संक्षिप्त समाचार



### शादी समारोह में नोएडा पहुंचे शिवपाल यादव

**नोएडा।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव अपने निजी कार्यक्रम के दौरान ग्राम गढ़ी चौखंडी सेक्टर 121 नोएडा में गढ़मुक्तेश्वर से ब्लॉक प्रमुख रवि यादव एवं प्रधान भरत यादव व किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव के छोटे भाई एडवोकेट अमित यादव की शादी समारोह में ग्राम गढ़ी चौखंडी नोएडा शामिल हुए और वर-वधू को आशीर्वाद दिया।शिवपाल यादव ने कहा कि जीवन को व्यस्ता के बीच जब अपनो के बीच पारिवारिक कार्यक्रमों में सम्मलित होना बड़ा ही अच्छा लगता है। हम लोग गांव में पले बड़े है।

### पुलिसकर्मियों ने मास्क बांटकर किया जागरूक

**गाजियाबाद।** लोगों को कोरोना से जागरूक करने के लिए मुरादनगर पुलिस ने मास्क बांटे तथा कोरोना में शारीरिक दूरी के नियमों का पालन करने की अपील की। सोमवार को मुरादनगर के ओलंपिक तिराहे सहित चौहारों व बाजारों में कोरोना महामारी से बचने के लिए थाना प्रभारी अमित कुमार व चौकी इंचार्ज मनीष कुमार ने क्षेत्र के मुख्य तिराहों व चौराहों पर पैदल गश्त करते हुए जनता को जागरूक किया। मास्क और शारीरिक दूरी का पालन थाना प्रभारी अमित कुमार ने दुकानदारों से कहा कि बिना मास्क के दुकानों पर किसी भी व्यक्ति को नहीं आने दे। इस मौके पर अमबरीश अलंकार, व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, मंडल उपाध्यक्ष अजय वर्मा, मीडिया प्रभारी पार्षद पति योगेंद्र कुमार, प्रशांत खटीक आदिल मिल्लत खान विपिन आदि लोग मौजूद रहे।

### रालोद की कार्यकारिणी का विस्तार

**गाजियाबाद।** रालोद के जिलाध्यक्ष ओमपाल चौधरी ने जिले की कमेटी की घोषणा की है, जिसमें जगदीश पटवारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। लोनी का अध्यक्ष सरताज, मुरादनगर विधानसभा का विशाल चौधरी व मोदीनगर का ललित सैन को बनाया गया है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू ने हिंडन तट पर स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को लेकर पर्याप्त जगह ना होने पर हो रही परेशानी के मामले का हल कराने की मांग जिला प्रशासन के समक्ष उठाई। इस मौके पर चौधरी तेजपाल सिंह, मनवीर सिंह, कुंवर अय्यूब अली, प्रवक्ता चौधरी, अजयवीर सिंह, ओडी त्यागी, कपिल चौधरी, प्रदीप त्यागी, बोबी चौधरी, अशोक तेवतिया, राहुल चौधरी आदि थे।



उपस्थित पदाधिकारी।

### डासना में जीडीए ने ध्वस्त किया कॉन्प्लेक्स



**गाजियाबाद।** जीडीए के सचल दस्ते ने आज डासना फ्लाईओवर इंदरगढ़ी हापुड़ रोड पर एक बहु मंजिला अवैध व्यवसायिक निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह जानकारी जीडीए ओएसडी सुशील कुमार चौबे ने दी। उन्होंने बताया बिना मानचित्र के इस बहु मंजिलें व्यावसायिक कांप्लेक्स का निर्माण किया गया था। इसकी सूचना जैसे ही जीडीए को मिली तो सचल दस्ते ने इस बहू मंजिलें व्यवसायिक निर्माण को गिरा दिया। इस मौके पर पुलिस बल भी मौजूद था।

## भाजपा विधायक से ठगी करने वाला गिरफ्तार

*नोएडा। भारतीय जनता पार्टी के विधायक को उनके कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट के लिए लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को नोएडा के सेक्टर- 49 थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, करोड़ों रुपए के ठगी करने के मामले में फरार चल रहे एक बिल्डर को नोएडा पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। नोएडा के अपर पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम रणविजय सिंह ने बताया कि नोएडा के सेक्टर 51 में रहने वाले कानपुर देहात की भोगनीपुर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक विनोद कुमार कटियार ने सेक्टर 49 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि तरुण और उसके एक अन्य साथी ने उनके कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट के लिए 50 करोड़ रूपये का लोन दिलवाने के नाम पर उनसे लाखों रुपया ठग लिया है।*


ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | पप्पू कुमार सिंह (कर्जदार), पिंकी सिंह (सह-कर्जदार) LBDEL00002648357 | फ्लैट नंबर जी 123, जीएफ ब्लॉक लिविन लाइफ प्लॉट नंबर 01 सेक्टर 05, वसुंधरा प्लाजा, वसुंधरा, गाजियाबाद क्षेत्र: 800 वर्ग फीट | रू. 1,21,77,170/- (नवम्बर 16, 2020 तक) | रू. 91,20,000/- / रू. 9,12,000/- | दिसम्बर 24, 2020 को सु. 11:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | जनवरी 08, 2021 सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **जनवरी 07, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **जनवरी 07, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **जनवरी 07, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : नवम्बर 24, 2020

स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## अंतरराज्यीय वाहन गिरोह के 4 शातिर गिरफ्तार, सात दुपहिया वाहन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात दुपहिया वाहन लूट व चोरी के आठ मोबाइल और 7100 रुपए नकद बरामद करने का दावा किया है। इनकी निशानदेही पर मोबाइल के पार्ट्स को अलग अलग करने वाली एक मशीन भी बरामद की गयी है।

नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में लगभग दो दर्जन चोरी लूटपाट के मामले दर्ज है। इनके नाम हैं राशिद पुत्र सलीम निवासी काशीराम आवास कॉलोनी सिकन्द्राबाद जिला बुलंदशहर, मनोज पुत्र सुरेश निवासी संगम विहार गाजियाबाद, सुहैल पुत्र शाबीर निवासी जस्सीपुरा गाजियाबाद व समीर पुत्र हारून निवासी कैलाभट्टा जिला गाजियाबाद। सभी को जीटी रोड रैड मॉल के समीप नया बस अड्डा के पास वाहन चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में पहले रैकी करते है उसके बाद मास्टर चाबी से वाहनो को लेकर फुर हो जाते है।




थाना कोतवाली में पुलिस गिरफ्त में वाहन चोर। साथ में जब्त की गई चोरी की मोटरसाईकिल।

## धर्म की अधर्म पर विजय की प्रेरणा है झंडा दिवसः पुलिस कमिश्नर

**नोएडा।** पुलिस झंडा दिवस उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए महत्वपूर्ण दिवस इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने कमिश्नरेट कार्यालय में पुलिस झंडारोहण किया और उन्होंने पुलिस झंडा दिवस के महत्व पर विस्तार से डाला प्रकाश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के द्वारा अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया।

नोएड्ा पुलिस अधिकारियों को संबोधित कर पुलिस झंडा दिवस की महत्ता एवं उसके इतिहास के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ध्वज को धर्म की अधर्म पर विजय की प्रेरणा के तौर पर माना जाता है। ध्वज कर्तव्य का पाठ और मूल्यों के लिए संघर्ष, समर्पण सिखाता है।

## आठ माह बाद कॉलेज पहुंचे छात्र, चली कक्षाएं

### कोरोना नियमों के चलते केवल पचास प्रतिशत रही उपस्थिति, परिसर हुआ सेनिटाइज



विभू मिश्रा। गाजियाबाद

करीब आठ माह बाद जिले के महाविद्यालयों में छात्रों की 50 फीसदी उपस्थिति के साथ सोमवार से कक्षाएं चलीं। इसके लिए सभी कालेजों में पहले से ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं।

कक्षाओं के संचालन के दौरान शासन की गाइडलाइन का पूरा पालन कॉलेजों में किया गया। प्राचार्यों का कहना है कि कोरोना से बचाव का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। बैठने की व्यवस्था और सैनिटाइजेशन सहित गाइडलाइन के अनुरूप तैयारियां की गईं हैं। सभी कॉलेज के मुख्य द्वार पर नोटिस बोर्ड लगाया गया है, जिस पर लिखा है कि बिना मास्क के विश्वविद्यालय परिसर में किसी को भी प्रवेश करने की अनुमति नहीं है।

कोरोना की वजह से पिछले करीब आठ माह से कॉलेजों में भौतिक रूप से कक्षाएं संचालित नहीं हो रही थीं। अब शासन के आदेश पर सोमवार से कॉलेजों में भौतिक रूप से कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया गया। क्लास शुरू करने के लिए कॉलेजों में गाइडलाइन के हिसाब से तैयारियां कराई गई हैं।

शंभु दयाल महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.मंजू गोयल ने बताया कि कालेज में भौतिक रूप से कक्षाएं चलाने के लिए कोरोना प्रोटोकॉल के तहत पूर्व में ही तैयारियां कर ली गई थीं। कॉलेजों में दाखिलों की प्रक्रिया और विभिन्न परीक्षाओ के मद्देनजर सैनिटाइजेशन तो पहले से ही लगातार कराया जाता रहता है। मास्क लगाने और शारीरिक दूरी का पालन भी कराया जाता है।

अब नियमित कक्षाएं चलाने के लिए जो गाइडलाइन विवि और शासन द्वारा जारी की गई हैं, उसके अनुरूप कॉलेजों में तैयारियां कराई गई हैं। छात्रों व स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कॉलेज गेट व कॉलेज कैम्पस में सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# राजधानी में कोरोना से हर घंटे 5 लोगों की मौत

## बिगड़ रहे हालात, 11 दिन में 5वीं बार 100 से ज्यादा लोगों की मौत, नवंबर में मृतकों की संख्या 1880 हुई



कश्मीरी गेट पर कोविड मोबाइल वैन के जरिए कोरोना की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो रंजन डिमरी।

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

पिछले 24 घंटों में दिल्ली में औसतन हर घंटे कोविड-19 की वजह से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जो देशभर में इस तरह की मौत के मामलों का एक बड़ा हिस्सा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के आधार पर यह विश्लेषण किया गया जिसमें पिछले 24 घंटे में कोविड-19 की वजह से देश और सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में मौत की कुल संख्या दी गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में इस महामारी से 511 और लोगों की मौत हो गई। दिल्ली में इस अवधि में इससे 121 लोगों की मौत हुई। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी नवीनतम बुलेटिन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को कोविड-19 के 6,746 नए मामले सामने आए थे और संक्रमण की दर 12.29 प्रतिशत थी जबकि इस महामारी से 121 और मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या 8,391 पहुंच गई थी। पिछले 11 दिनों में ऐसा पांचवीं बार था जब एक दिन में मौत का आंकड़ा 100 से पार पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कोविड-19 से 111, शुक्रवार को 118, 18 नवंबर को 131, और 12 नवंबर को 104 मरीजों की मौत हुई।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शहर में कोविड-19 से मृत्यु दर में बढ़ोतरी के लिए पराली जलाने से हुए प्रदूषण को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन सप्ताह में मृतकों की संख्या घटेगी। कोविड-19 की तीसरी लहर का सामना कर रही दिल्ली में इस समय मृत्यु दर 1.58 प्रतिशत है, जबकि देश में यह दर 1.48 प्रतिशत है। नवंबर के महीने में अभी तक दिल्ली में इस महामारी से 1,880 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 22 दिन में कोरोना वायरस से औसत मृत्यु दर लगभग 83 मौत प्रतिदिन है।

स्वास्थ्य मंत्री ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि पराली जलाने के कारण होने वाला प्रदूषण दिल्ली में बड़ी समस्या है। इससे श्वसन संबंधी दिक्कतें बढ़ जाती हैं

### ● स्वास्थ्य मंत्री जैन ने मृत्यु दर में बढ़ोतरी के लिए पराली से हुए प्रदूषण को ठहराया जिम्मेदार

और यह कोविड-19 से संक्रमित लोगों की बीमारी को और गंभीर बना देता है। जैन ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बीच पराली जलाने के कारण प्रदूषण काफी बढ़ गया और यह दोहरे हमले की तरह था। चूंकि पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण कुछ घटा है, इसलिए अगले कुछ सप्ताह में मृत्यु दर भी कम होगी।

उन्होंने कहा कि सात नवंबर को संक्रमण दर 15 प्रतिशत थी जो अब 12 प्रतिशत से कुछ अधिक रह गई है और 10 नवंबर को कोविड-19 के 8500 से ज्यादा मामले आए थे जबकि रविवार को 6746 मामले आए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा दिल्ली के अस्पतालों में 9481 बेड पर कोविड-19 के मरीज भर्ती हैं जबकि 7900 बेड खाली हैं।

## दो गज की दूरी...मास्क है जरूरी



# हाईकोर्ट ने पूछा-क्या लॉकडाउन ही कोरोना का एकमात्र समाधान?

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे कोरोना मामलों को देखते हुए तत्काल लॉकडाउन लगाने वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट ने खरिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि दिल्ली में कोरोना की रोकथाम के लिए क्या लॉकडाउन ही एकमात्र समाधान है? कोर्ट ने कहा कि लॉकडाउन से जुड़े निर्देश नीतिगत फैसले के तहत आते हैं, जो संबंधित संस्थाएं ही ले सकती हैं।

इसी के साथ हाई कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें कोविड-19 के बढ़ते मामलों तथा वायु प्रदूषण के स्तर के मद्देनजर आप सरकार को शहर में तत्काल लॉकडाउन लगाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने कहा कि याचिका बिना किसी पूर्व तैयारी के दायर की गई है और इसे अस्वीकार करने के साथ-साथ इस पर जुर्माना भी लगाया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता डॉ. कौशल कांत मिश्रा की ओर से पेश वकील पूजा धर से पीठ ने पूछा कि वह याचिका वापस लेंगी या फिर अदालत इसे खारिज करने के साथ-साथ जुर्माना भी लगाए। मिश्रा की वकील ने याचिका वापस लेने पर सहमति जताई और उपयुक्त अधिकारियों के समक्ष इसे प्रस्तुत करने की इजाजत मांगी।

अदालत ने ऐसी कोई मंजूरी देने से इनकार करते हुए कहा कि याचिका वापस ली गई हुई मानते हुए इसे खारिज किया जाता है। दिल्ली सरकार के अतिरिक्त स्थाई वकील गौतम




नारायण ने पीठ को सूचित किया कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष निर्देश दिए हैं कि उसकी इजाजत के बगैर लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता को इस मामले में केंद्र सरकार को पक्षकार बनाना होगा क्योंकि उसकी सहमति के बिना दिल्ली सरकार लॉकडाउन नहीं लगा सकती है। उनकी दलील पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को पक्षकार नहीं बनाया गया।

# पश्चिमी दिल्ली के दो बाजार सील करने का आदेश वापस

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

### ● दिल्ली सरकार द्वारा बाजारों के नियमन का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास लंबित

पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई में कोविड-19 के नियमों का पालन न करने पर शाम के दो बाजारों को बंद करने का आदेश जिला प्रशासन द्वारा जारी करने के कुछ घंटों बाद ही वापस ले लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पश्चिमी दिल्ली जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एडीएम की ओर से जारी आदेश के अनुसार नांगलोई के पंजाबी बस्ती बाजार और जनता मार्केट को 30 नवंबर तक के लिए बंद कर दिया गया था। जिले के अधिकारियों, नगर निगम और पुलिस द्वारा रविवार को सीलिंग की कार्रवाई भी की गई थी।

हालांकि, बंद करने के आदेश को कुछ घंटों बाद ही वापस ले लिया गया। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि बाजार बंद करने का आदेश इसलिए वापस लिया गया है, क्योंकि कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर दिल्ली सरकार द्वारा बाजारों के नियमन का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास लंबित है। जिले के अधिकारी किसी व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई कर सकते हैं लेकिन पूरे बाजार को सील नहीं कर सकते। ज्ञात हो दिल्ली के बाजारों में बढ़ती भीड़ के कारण कोरोना के मरीजों में इजाफा देखने को मिला था।

# आईटीबीपी के सेंटर में बढ़ाए जाएंगे बेड

**नई दिल्ली।** राजधानी में तेजी से बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए मरीजों के लिए बेड की सुविधा बढ़ाई जाएगी। आईटीबीपी के डीजी एसएस देसवाल ने कहा है कि दिल्ली-एनसीआर में कोरोना मरीजों के लिए बेड की संख्या 2,000 से बढ़ाकर 3,000 की जाएगी। इन बेड में ऑक्सीजन सप्लाई की सुविधा भी होगी।

आईटीबीपी के डीजी एसएस देसवाल ने बताया कि दिल्ली के के छतरपुर इलाके में स्थित कोविड केयर सेंटर में लगभग 550 कोरोना मरीज भर्ती हैं। यहां ऐसे मरीज हैं जो प्राइवेट और उच्च श्रेणी के अस्पतालों का खर्च नहीं उठा सकते।

इसलिए सरकार यहां हर सुविधा का ख्याल रख रही है। ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति है और केंद्र में 3,000 रोगियों का इलाज करने के लिए पर्याप्त डॉक्टर, नर्स और फार्मासिस्ट हैं।

# मुम्बई की इवेंट मैनेजर से एयरोसिटी के होटल में रेप

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

मुंबई में रहने वाली फ्रीलांस इवेंट मैनेजर के साथ दिल्ली के एरोसिटी क्षेत्र में कथित बलात्कार और छेड़छाड़ को लेकर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपियों की पहचान संदीप मेहता (57) और नवीन डावर (47) के रूप में की गई है जो हरियाणा के सोनीपत में ढाबा चलाते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मेहता पर धारा 376 (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

डावर पर धारा 354 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस को 28 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि वह मेहता से सोशल मीडिया के जरिए मिली थी।



वह बुधवार को दिल्ली आई थी और एरोसिटी में स्थित एक होटल में ठहरी थी। पुलिस ने बताया कि अगले दिन वह मेहता और उसके दोस्त डावर से कनाट प्लेस में मिली।

पीड़िता का आरोप है कि डावर ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। बाद में मेहता उसे होटल तक छोड़ने आया और उसने युवती से उसके कमरे में बलात्कार किया। बाद में मेहता पीड़िता को होटल से आनंद विहार लाया और यहां छोड़कर भाग गया।

# 'ट्रंप यात्रा के दौरान खालिद ने रची दंगे की साजिश'

### ● दिल्ली पुलिस ने अदालत में दायर की चार्जशीट

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने अदालत में दाखिल आरोपपत्र में कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद ने इस साल फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के दौरान दिल्ली दंगों को हवा देने की साजिश रची थी, ताकि भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का विश्व स्तर पर प्रचार हो सके।

दिल्ली पुलिस ने फरवरी में उत्तर-पूर्व दिल्ली में साम्प्रदायिक हिंसा के पीछे कथित तौर पर बड़ी साजिश होने के मामले में खालिद और जेएनयू छात्र शरजील इमाम के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। आरोपपत्र रविवार को दाखिल किया गया, जिसके अनुसार खालिद एक साजिश के तहत 23 फरवरी को दिल्ली से पटना गया और 27 फरवरी को वापस लौटा। इसमें आरोप लगाया गया कि खालिद ने अन्य आरोपी लोगों के साथ चांद बाग में एक कार्यालय में बैठक भी की थी। प्राथमिकी में पुलिस ने दावा किया कि साम्प्रदायिक हिंसा एक सोची समझी साजिश थी, जिसे खालिद और दो अन्य लोगों ने अंजाम दिया।

पुलिस ने आरोप लगाया कि खालिद ने कथित तौर पर दो अलग-अलग स्थानों पर भड़काऊ भाषण दिए थे और नागरिकों से अपील की थी कि वे ट्रंप की यात्रा के दौरान सड़कों पर उतरें और रास्ते जाम करें, ताकि भारत में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों


फाइल फोटो

का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा सके। पुलिस ने दावा किया कि इस साजिश में, कई घरों में आग्नेयास्त्र, पेट्रोल बम, एसिड की बोतलें और पत्थर एकत्र किए गए थे।

उसने आरोप लगाया कि सह-आरोपी मोहम्मद दानिश को दंगों में शामिल करने के लिए दो अलग-अलग स्थानों पर लोगों को एकत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में नागरिकता कानून में संशोधनों के समर्थकों और विरोधियों के बीच हिंसा के बाद 24 फरवरी को सांप्रदायिक झड़पें शुरू हुई थीं, जिसमें 53 लोगों की मौत हो गई और करीब 200 लोग घायल हो गए थे। सूत्रों के अनुसार खालिद, इमाम और एक अन्य आरोपी फैजान खान के खिलाफ कठोर गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया।

# दिल्ली दंगा: सिम बेचने के आरोपी की जमानत बरकरार

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के छात्र को फर्जी पहचान पत्र के आधार पर सिम बेचने के आरोपी की जमानत के खिलाफ दिल्ली पुलिस की अपील सोमवार को खारिज कर दी। आरोप है कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान फरवरी महीने में हिंसा भड़काने में इस सिम का कथित रूप से इस्तेमाल किया गया था।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ ने आरोपी फैजान खान को जमानत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के 23 अक्टूबर के आदेश के खिलाफ पुलिस की अपील खारिज कर दी। पुलिस ने दावा किया था कि नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में समन्वय के लिए फर्जी पहचान पत्र के आधार पर लिए गए इस सिम कार्ड का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि, उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि आरोपी फैजान खान के खिलाफ ऐसा कोई आरोप नहीं है कि वह किसी तरह की आतंकी फंडिग या इससे जुड़ी किसी अन्य गतिविधि में शामिल था।

कोर्ट ने आरोपी को राहत देते हुए कहा था कि यूएपीए कानून के तहत जमानत देने पर प्रतिबंध इस मामले में लागू नहीं होगा क्योंकि जांच एजेंसी ने ऐसा कुछ नहीं पेश किया है। उच्च न्यायालय ने फैजान खान को 25,000 रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि का जमानती पेश करने पर रिहाई का आदेश दिया था।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 3.26 करोड़ का सोना जब्त

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति के पास से 3.26 करोड़ का छह किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क (निवारक), दिल्ली के उपायुक्त हेमंत रोहिल्ला ने बताया कि गुप्त सूचना पर सीमा शुल्क (निवारक) के अधिकारियों ने 19 नवंबर को दोपहर बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को रोका, जो राजधानी एक्सप्रेस से कोलकाता के हावड़ा से आया था। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर उसके पास से लगभग 3.26 करोड़ रुपए मूल्य का लगभग 6.3 किलोग्राम सोना जब्त किया गया।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
सतर्कता विभाग
26वां तल, सिविक सेंटर, जे.एल.एन. मार्ग, मिन्टो रोड, नई दिल्ली-110002
सं. 1/61/2003/विजि./पी/2020/903 दिनांक 18.11.2020
सूचना
इस सूचना के माध्यम से श्री देवेन्दर गुप्ता पुत्र श्री सुमेर चंद गुप्ता, ईई, जो अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं, को एतद्द्वारा 7 दिन के भीतर सतर्कता विभाग, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम, 26वां तल, सिविक सेंटर, जे.एल.एन. मार्ग, नई दिल्ली-02 से आरोपपत्र सं. 1/61/2003/विजि./डीए-III/633 दिनांक 3.12.2003 में इन्क्वायरी रिपोर्ट की प्रति प्राप्त करने के निर्देश दिये जाते हैं। ऐसा करने में असफल रहने पर बिना कोई सूचना दिये आगे की कार्यवाही की जाएगी।
RO No. 52/DPI/S/2020-21 सतर्कता निदेशक

# धीमी पड़ी हवा की रफ्तार, बढ़ा प्रदूषण

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब हुई, अगले दो दिन में गंभीर श्रेणी में जाने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

लगभग 10 दिनों की राहत के बाद राजधानी की वायु गुणवत्ता सोमवार को बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई। धीमी पड़ी हवा की रफ्तार के कारण यह स्थिति बनी है और अगले दो दिनों में इसके और भी खराब होने की संभावना है। धान की पराली से राजधानी दिल्ली के प्रदूषण में सोमवार को योगदान छह प्रतिशत रहा, जो कि एक दिन पहले यह 12 प्रतिशत था।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) मोबाइल ऐप समीर के अनुसार शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 281 पर दर्ज किया गया था जो कि शाम को 302 पर पहुंच गया। बीते रविवार को यह 274 के स्तर पर था।

इससे पहले यह शनिवार को 251, शुक्रवार को 296, गुरुवार को 283 और बुधवार को 211 था।दिवाली के एक दिन बाद 15



नवंबर को राजधानी का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में था, लेकिन इसके बाद हवाएं चलने से इसमें सुधार आया और यह लगातार मॉडरेट या खराब श्रेणी में रहा।

मालूम हो कि 0 से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 खराब, 301 से 400 बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी में दर्ज किया जाता है। हालांकि, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली सफर के अनुसार पराली जलाने की घटनाएं 149 तक कम हो गई हैं।

फिर भी राजधानी के प्रदूषण में सोमवार को इसका योगदान छह प्रतिशत रहा सफर के अनुसार चूंकि हवा शांत है, इसलिए मंगलवार और बुधवार को प्रदूषण और बढ़ने की संभावना है। यह बहुत खराब श्रेणी में रह सकता है। इसके बाद एक्यूआई के गंभीर श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। यदि पराली जलाने की घटनाएं नहीं रुकी तो स्थिति और भी बदतर हो सकती है।

### ठिठुरा सोमवार, सत्रह वर्षों में सबसे कम रहा तापमान

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सोमवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 6.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह सामान्य से पांच डिग्री नीचे दर्ज किया गया। यह नवंबर में 2003 के बाद सबसे कम रहा। अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। आर्द्रता 59 से 90 प्रतिशत के बीच रही। रविवार क राजधानी में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री दर्ज किया गया था।

# प्रदूषण के लिए पंजाब व हरियाणा के मुख्यमंत्री जिम्मेदार : आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक और दिल्ली विधानसभा की पर्यावरण समिति की अध्यक्ष आतिशी ने सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए नवगठित आयोग से सोमवार को मुलाकात की और राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण फैलाने के लिए पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों को जिम्मेदार ठहराने का आग्रह किया।

आतिशी ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि आयोग के साथ दो मुख्य मुद्दे उठाए गए। उन्होंने कहा कि हमने उनसे कहा है कि वे हरियाणा और पंजाब सरकारों को पूसा संस्थान द्वारा तैयार घोल का जल्द से जल्द इस्तेमाल करने के लिए कहें। पहले कहा जाता था कि पराली जलाए जाने संबंधी मुद्दे का कोई हल नहीं है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा के वैज्ञानिकों के अनुसार पूसा बायो-डिकम्पोजर घोल 15 से 20 दिनों में पराली को गला कर खाद में बदल सकता है, इसलिए पराली जलाए जाने से बचा जा सकता है।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005
सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | निधि गर्ग (कर्जदार), विकास गर्ग (सह-कर्जदार) LBDEL00001803519 | प्लॉट न.-एसएच- 207, (एफ/ एफ), ब्लॉक-एच, सेक्टर -16, जीएमपी शास्त्री नगर, गाजियाबाद | रू. 90,06,806/- (नवम्बर 16, 2020 तक) | रू. 23,00,000/- / रू. 2,30,000/- | दिसम्बर 14, 2020 को सु. 11:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | दिसम्बर 24, 2020 सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **दिसम्बर 23, 2020** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **दिसम्बर 23, 2020** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **दिसम्बर 23, 2020** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।
तिथि : नवम्बर 24, 2020
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# लापरवाही : खुद चल पड़ी मशीन, पिलरों से गिरी रेलिंग

## वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर रेल लाइन पर चल रहा था कार्य

## रेलिंग गिरने से नीचे खड़ी बोलेरो कार सवार तीन लोग घायल








1- सोहना से लगता जिला नूंह के गांव आटा में निर्माणाधीन वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर निर्माणाधीन रेल लाइन के पिल्लरों से गिरी लोहे की रेलिंग। 2- रेलिंग का एक हिस्सा लाइन के नीचे खड़ी बोलोरो गाड़ी पर गिरा। 3- रेलिंग गिरने के दौरान पिलर से दूर-दूर तक गिरे लोहे के नट-बोल्ट दिखाता मासूम प्रिंस।

एन रोहिल्ला। सोहना

**निर्माणाधीन** वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर रेल लाइन के 60 फीट ऊंचाई वाले दो पिलरों के बीच में लगी रेलिंग जमीन पर आकर गिरी। लाइन के नीचे खड़ी बोलेरो कार पर रेलिंग गिरने से कार सवार चालक समेत तीन लोग चोटिल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया है। गनीमत रही कि ये हादसा किसी हाइवे या आबादी के बीच नहीं हुआ अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था।

हादसे का कारण पिल्लर पर लगी मशीन को इंजीनियर ने चालू हालत में खड़ा कर दिया। इंजीनियर जैसे ही मशीन से थोड़ी पर किसी काम गया। मशीन अपने आप चल दी। मशीन ऑपरेटर जब तक उसे काबू करता तब तक देर हो चुकी थी। मशीन लोहे की रेलिंग को आगे की ओर धकेलती रही और रेलिंग का बड़ा हिस्सा आगे की तरफ झूल गया। बाद में पिलर से मशीन रेलिंग सहित जमीन पर आ गिरी। हादसे की पुष्टि तो मौके पर पहुंचे रेल विभाग के अधिकारियों ने की लेकिन मीडिया के सामने वे चुप ही रहे। उन्होंने मीडिया द्वारा पूछे गए किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। हादसे की सूचना मिलने पर विभाग के उच्चाधिकारी ने मौके पर पहुंचने। जिन्होंने मौके पर जांच-पड़ताल के बाद राहत कार्य शुरू कराया।

ज्ञात हो कि सोहना से लगती जिला नूंह की सीमा पर बसे गांव आटा क्षेत्र में वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर रेल लाइन का कार्य काफी समय से चल रहा है। 60 फीट ऊंचाई वाले दो पिलरों के बीच में लगी लोहे की रेलिंग कर्मचारी की लापरवाही की बजह से जमीन पर आकर गिर गई। रेलिंग गिरने की आवाज घटना स्थल से 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। रेलिंग का एक हिस्सा लाइन के नीचे खड़ी बोलेरो गाड़ी के ऊपर आकर गिरी। सूत्रों के अनुसार हादसे में बोलेरो कार में सवार चालक समेत तीन लोगों को चोटें आई हैं। जिन्हें तुरन्त प्रभाव से मौके पर एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल में दाखिल कराया है, लेकिन हादसे में घायल होने वाले किसी भी मजदूर के नाम का खुलासा रेल विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे है। निर्माणाधीन रेल लाइन के पास झोपड़ी में रहने वाले 42 वर्षीय प्रत्यक्ष दर्शी रामदेव ने बताया कि यह हादसा दोपहर बाद एक बजे के करीब हुआ है। जिसकी आवाज 200-200 मीटर दूर तक गूंजी है। आवाज भी इतनी तेज थी कि 50 से 60 फुट के आस पास बैठे लोगों के कान सुन हो गए।

### काफी दूर तक बिखरे नट-बोल्ट

**अपनी** दादी के साथ चाय के खोखे पर खेल रहे प्रिंस ने बताया कि पिलर की रेलिंग गिरने के दौरान दो से ढाई इंच मोटे 150 ग्राम वजन वाले सैकड़ों लोहे के नट आस-पास के क्षेत्र में दूर-दूर तक बिखरे हैं, लेकिन लोहे के नटों से कोई चोटिल नहीं हुआ है।

गुलाब नबी के पार्टी विरोधी बयान पर कैप्टन अजय यादव ने संभाला मोर्चा

# हरियाणा और उत्तर प्रदेश प्रभारी रहकर पार्टी के लिए गुलाम नबी ने किया क्या

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कांग्रेस** पार्टी में रहकर ही राज्यसभा सांसद गुलाम नबी आजाद द्वारा कांग्रेस पर हमला बोलने पर हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव ने करारा जवाब दिया है। साथ ही सवाल किया है कि जब वे हरियाणा और यूपी के प्रभारी बनाए गए थे, जब उन्होंने पार्टी के लिए क्या किया। इसलिए वे दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकें।

कैप्टन अजय यादव ने कहा कि गुलाम नबी आजाद के हरियाणा प्रभारी रहते हुए लोकसभा व विधायक चुनाव हुए। तब उन्होंने प्रदेश में जिला व खंड स्तर पर पदाधिकारी तक नियुक्त नहीं किए। जिसका खामियाजा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को झेलना पड़ा था। उन्होंने यह भी कहा कि गुलाम नबी आजाद ने वर्ष 1973 में भलस्वा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव के रूप में राजनीतिक मैदान में प्रवेश किया था। उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने उनको युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया। फिर 1980 में महाराष्ट्र से लोकसभा की टिकट देकर सांसद बनवाया।

वर्ष 1982 में कानून, न्याय और कंपनी मामलों के केंद्रीय मंत्री बनाया। वर्ष 2005 में जम्मू और कश्मीर का मुख्यमंत्री बनाया गया। उसके बाद उनको राज्यसभा सांसद बनाया। इस प्रकार कांग्रेस पार्टी ने उनका पूरा सम्मान रखा है। उसके बावजूद गुलाम नबी आजाद एक दिन भी एआईसीसी कार्यालय में नहीं बैठते। उनसे मिलने वाले कार्यकर्ताओं को मायूस होकर वापस जाना पड़ता है। हाल ही में हुए बिहार चुनाव में उनको स्टार प्रचारक बनाया गया, इसके बावजूद भी वे एक दिन भी बिहार चुनाव में नहीं गए।

कैप्टन अजय यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाकर गुलाम नबी आजाद अपनी कमी छुपाना चाहते हैं। गुलाम नबी आजाद जब यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे तो कहा करते थे कि यूथ कांग्रेस में चुनाव नहीं होना चाहिए। अब बोल रहे हैं कि प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के भी चुनाव होने चाहिए। गुलाम साहब सोच लें कि वो चाहते क्या हैं। कैप्टन अजय यादव ने कहा कि आजाद साहब पार्टी पर दबाव बनाकर फिर से राज्यसभा सांसद बनना चाहते हैं। दूसरी तरफ कपिल सिब्बल भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर आरोप लगा रहे हैं जो कि स्वयं जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हैं।

## कैप्टन यादव ने पार्टी के आंतरिक मुद्दों को मीडिया में न उछालने की दी सलाह



### संकट में नहीं है कांग्रेस नेतृत्व : अजय यादव

**कैप्टन** अजय यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में नेतृत्व का कोई संकट नहीं है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी का कोई भी मुकाबला नहीं कर सकता है। वर्ष 2004 में सोनिया गांधी के कुशल नेतृत्व में यूपीए सरकार बनी थी। हर संकट के बाद कांग्रेस पार्टी मजबूत होकर उभरी है, इस बार भी पार्टी दोबारा से उभरेगी। उन्होंने गुलाम नबी आजाद को सलाह दी है कि पार्टी के आंतरिक मुद्दों को मीडिया में नहीं उछालना चाहिए। इससे देशभर के कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

# हथियार के बल पर छीनी जेसीबी, 30 लोगों पर केस

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

## छह नामजद सहित करीब 30 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उपमंडल** के अंतर्गत ग्राम पंचायत से सहसौला के गांव बदमाशों द्वारा हथियार के बल पर जेसीबी मशीन को छीनने और जान से मारने की धमकी देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर तावडू पुलिस ने इस मामले में छह नामजद सहित करीब 30 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समीम निवासी गांव घुसपैठी ने बताया कि गत मार्च 2020 में उन्होंने सोराब निवासी अलमुद्दीन बड़का जिला नूंह से 6 लाख रुपए में एक जेसीबी मशीन खरीदी थी। समीम के मुताबिक सोराब की ओर से उन्हें जेसीबी मशीन का लोन अदा करना था। जेसीबी मशीन की आरसी सोराब को बनवाकर उन्हें सौंपनी थी। समीम का आरोप है कि सोराब ने समय सीमा के अंदर जेसीबी मशीन की आरसी बनवाकर उन्हें नहीं सौंपी। जब आरसी बनवाकर देने का बार-बार दबाव सोराब पर डाला तो वह टालमटोल करता रहा। आरोप है कि गत 15 नवंबर की रात को सोराब, असगर, मुस्ताक उर्फ काला, आकिल, अरशद, आस मोहम्मद और अन्य 25- 30 की संख्या में अन्य अज्ञात लोग फायरिंग करते हुए उसके घर पर आए और जेसीबी मशीन लूट कर ले गए। उनके चचेरे भाई ने विरोध किया तो सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों लात-घूसों और अवैध हथियारों से उनके साथ मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें उपचार के लिए नूंह अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी जबरन हथियार के बल पर उनकी जेसीबी मशीन को छीनकर ले गए और उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। अब तक उनकी जेसीबी मशीन को उन्हें नहीं लौटाया है। पीड़ित शमीम की शिकायत पर तावडू पुलिस ने आरोपी सोराब, आकिल, अरशद, असगर, मुस्ताक उर्फ काला, आस मोहम्मद समेत करीब 30 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वजीरपुर ग्राम पंचायत को मिला सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत शक्ति अवार्ड-2020

## सरपंच शेर सिंह चौहान को चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वजीरपुर** ग्राम पंचायत के सरपंच ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से पूरे प्रदेश में वजीरपुर ग्राम पंचायत के साथ-साथ गुरुग्राम जिला का नाम रोशन किया है। इस ग्राम पंचायत की आज प्रदेश भर के सभी गांवों में चर्चाकी जा रही है। क्योंकि यह ग्राम पंचायत ना केवल विकास में बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर को उंचा उठाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वजीरपुर की पंचायत को सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत शक्ति अवार्ड-2020 दिया गया है।

वजीरपुर ग्राम पंचायत को हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत शक्ति पुरस्कार से नवाजा गया है। यह पुरस्कार ग्रामीणों के आपसी भाईचारे, एकजुटता से करवाए गए विकास कार्यों, लिंगानुपात में वृद्धि, स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, घर-घर शौचालय, खुले में शौचमुक्त, पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण व उनका पालन पोषण आदि मापदंडों पर खरा उतरने के लिए सरकार द्वारा दिया गया है। गत दिवस चंडीगढ़ में आयोजित इस समारोह में प्रदेश भर की 5 व 6 स्टार रेटिड 40 उत्कृष्ट पंचायतों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने अपने गांव में करवाएं गए विकास कार्यों सहित सरकार की योजना के क्रियान्वयन संबंधित रूपरेखा रखी। इन सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों के लिए डिबेट भी रखी गई थी जिसमें उन्होंने गांव में करवाए गए विकास कार्यों संबंधित चर्चा की। वजीरपुर के सरपंच शेर सिंह चौहान ने कहा कि वजीरपुर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को ना केवल सरकार की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाता है बल्कि उनकी विकास व भाईचारा बढ़ाने संबंधी अन्य सामाजिक गतिविधियों मे भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।



वजीरपुर गांव के सरपंच शेर सिंह चौहान को अवार्ड देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

# सूबे सिंह भारतीय वॉलीबाल संघ के संयुक्त सचिव निर्वाचित

## भारतीय वॉलीबॉल संघ में एक बार फिर से हरियाणा का दबदबा

## इनेलो के खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भी हैं सूबे सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** वॉलीबाल संघ के चुनाव में हरियाणा के सूबे सिंह ने संयुक्त सचिव के पद पर जीत हासिल की है। मूलरूप से चरखी दादरी जिला के निवासी (वर्तमान में गुरुग्राम) सूबे सिंह अब तक हरियाणा वॉलीबाल संघ के महासचिव का पद संभाल रहे हैं।

वे इंडियन नेशनल लोकदल में खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भी हैं। सूबे सिंह का पूरा जीवन ही वॉलीबॉल खेल के लिए समर्पित रहा है। अपने छात्र जीवन से ही ये वॉलीबाल खेल से जुड़े रहे। खेलों में हरियाणा प्रदेश का नेतृत्व करते हुए एक कप्तान के रूप में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश को अनेक पदक दिलवाए। वर्ष 1982 में जब हरियाणा ने वॉलीबाल में नेशनल गोल्ड मेडल का खिताब हासिल किया था। उस टीम में सूबे सिंह भी एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे। सूबे सिंह पिछले कई वर्षों से हरियाणा वॉलीबॉल एसोसिएशन के महासचिव पद का सफलतापूर्वक संचालन करते आ रहे हैं। अपने इस कार्यकाल के दौरान इन्होने प्रदेश में वॉलीबॉल को लोकप्रिय बनाने के साथ ही साथ प्रदेश में वॉलीबाल खेल के विकास के लिए हर संभव उपाय किए। इनके इस कार्यकाल के दौरान प्रदेश के खिलाड़ियों ने वॉलीबाल खेल में मिनी नेशनल, जूनियर नेशनल, सब जूनियर नेशनल और यूथ नेशनल में प्रदेश को चैंपियन का खिताब दिलवाने का कार्य किया।



सूबे सिंह।

### एक दशक बाद हरियाणा के पदाधिकारी निर्वाचित

**भारतीय** वॉलीबॉल संघ में सूबे सिंह के इस निर्वाचन से हरियाणा को लगभग एक दशक पश्चात फिर से वह गौरव प्राप्त हुआ है, जिसका वह असली हकदार था। इससे पूर्व हरियाणा विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष गोपीचन्द गहलोत भी संघ के उपाध्यक्ष बने थे। गोपीचन्द गहलोत से पूर्व इनेलो के प्रदेश महासचिव अभय सिंह चौटाला लगातार 8 वर्षों तक भारतीय वॉलीबाल संघ के उपाध्यक्ष रहे थे।

# कविता स्पर्धा के प्रथम वर्ग में नवांशु शर्मा प्रथम

## सत्यप्रकाश भारद्वाज एवं लज्जाराम राघव तरुण द्वारा संपादित महानगरीय लघुकथाओं का लोकार्पण किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शब्द** शक्ति साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में स्वर्गीय रामानंद आनंद की स्मृति में कविता प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर-4 स्थित एक निजी स्कूल में किया गया। संजीव शर्मा द्वारा संयोजित कार्यक्रम में सरस्वती वंदना पूर्णप्रभा द्वारा प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका कमलेश भारतीय, रेणु हुसैन, निर्मल यादव एवं शिव प्रसाद तिवारी ने निभाई। मंच संचालन नरेंद्र गौड़ ने किया। कविता प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग में प्रथम पुरस्कार कुमारी नवांशु शर्मा, द्वितीय पुरस्कार दिव्यांशु शर्मा तथा तृतीय पुरस्कार रिंकू शर्मा ने प्राप्त किया। दूसरे वर्ग में प्रथम पुरस्कार मोनिका शर्मा, द्वितीय पुरस्कार राज वर्मा एवं तृतीय पुरस्कार घमंडीलाल अग्रवाल को प्रदान किया गया। आन्वी रांगी, ओमिशा रांग, सुनील शर्मा, हरिंद्र यादव, चारुचंद्र निर्मल, सरोज गुप्ता, वंदिता सलोनी, सुरेंद्र मनचंदा, संस्कृति गौड़ एवं अभिषेक गौड़ को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया। इसी कार्यक्रम में सत्यप्रकाश भारद्वाज एवं लज्जाराम राघव तरुण द्वारा संपादित महानगरीय लघुकथाएं का भी लोकार्पण किया।

पुस्तक का संक्षिप्त परिचय देते हुए सत्यप्रकाश भारद्वाज ने बताया कि लज्जाराम राघव पुस्तक का संपादन कर रहे थे। वे बीच में ही बीमार होकर स्वर्ग सिधार गए। उनके जाने के बाद उन्होंने यह अधूरा कार्य पूरा किया। इस पुस्तक में दिल्ली एनसीआर के नए और वरिष्ठ लघुकथा लेखक शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम में मनोज भारद्वाज, मीना चौधरी, मृदुला शर्मा, राजकुमार कौशिक, अरुण गौड़, मनोज शर्मा, अतुल शास्त्री, कृष्णलता यादव उपस्थित रहे।




गुरुग्राम में शब्द शक्ति साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में स्व. रामानंद आनंद की स्मृति में कविता प्रतियोगिता में महानगरीय लघुकथाएं का लोकार्पण करते अतिथि।

# अवैध खनन पर एक क्रेशर जोन व तीन आरोपियों के खिलाफ केस

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

## पत्थरों का तैयार करवाते हैं फर्जी बिल

**उपमंडल** के अंतर्गत गांव सालाका-मालाका पहाड़ से अवैध खनन कर क्रेशर मशीन पर पत्थर ले जाकर बेचने का मामला सामने आया है। इस मामले में खनन विभाग गार्ड की शिकायत पर तावडू पुलिस ने क्रेशर जोन सहित तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला गुरुग्राम खनन व भूविज्ञान विभाग के गार्ड धर्मबीर ने बताया कि गत 21 नवंबर की रात तावडू क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन का टीम निरीक्षण कर रही थी। तभी टीम को सूचना मिली कि गांव सालाका-मालाका पहाड़ से अवैध खनन कर पत्थरों की खुदाई कर दो तीन वाहनों की मदद से उन्हें मैसर्स प्रेम ग्रिट उद्योग क्रेशर छज्जूपुर में ले जाया जा रहा है।

सूचना के मुताबिक टीम ने अवैध खनन वाले रास्ते में निरीक्षण करना शुरू कर दिया। खनन विभाग की टीम को देख कर दो गाड़ियों को मौके से भगा ले गए। लोगों से पूछताछ में पता चला कि भड्डन पुत्र पहलू, सलीम पुत्र नसीरुद्दीन, टुफन उर्फ इकबाल मिलकर पहाड़ में अवैध खनन करते हैं। फिर अवैध खनन कर निकाले गए पत्थरों को मैसर्स प्रेम ग्रिट उद्योग पर पहुंचाते हैं।

राजस्थान की पत्थर लीज धोलेट में है। वहां से पत्थरों का फर्जी बिल तैयार करवाते हैं। जिस पर संज्ञान लेते हुए तावडू पुलिस ने उपरोक्त सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग में भाग लिया



**पलवल।** राजकीय महाविद्यालय पलवल के प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ बाबूलाल शर्मा के दिशा-निर्देशन में महाविद्यालय की महिला विंग एनसीसी की संचालक दीपिका छाबड़ा द्वारा एनसीसी कैडेटस के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें आनलाइन कविता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतिभा के माध्यम से कैडेटस ने देश प्रेम की भावना का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बाबूलाल शर्मा द्वारा सभी एनसीसी कैडेटस को बधाई दी और देश की युवा शक्ति को आगे बढ़ने की भी प्रेरणा दी। महाविद्यालय की महिला विंग एनसीसी संचालक दीपिका छाबड़ा ने सभी कैडेटस द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की।

## कोरोना संक्रमित व्यक्ति अस्पताल से फरार

**पलवल।** कोरोना संक्रमण पॉजिटिव व्यक्ति सिविल अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड से फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर की शिकायत पर खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी राजबीर के अनुसार सिविल अस्पताल में कार्यरत डॉ राजकुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि 22 नवंबर को उनकी ड्यूटी आइसोलेशन वार्ड में थी। उसी दौरान पुलिस द्वारा एक व्यक्ति मेडिकल चेकअप के लिए आया। चेकअप के दौरान पता चला कि वह व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव है, जिसको आईसोलेशन वार्ड आईसोलेट किया गया। उक्त व्यक्ति वहां पर मौजूद स्टाफ को चमका देकर वार्ड से फरार हो गया। जिसकी शिकायत संबंधित थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रभात फेरी के दौरान गुरुवाणी से गलियां गूंजी



**सोहना।** गुरु नानक जयंती से 10 पहले निकाले जाने वाली प्रभात फेरी के दौरान नगर की गलियां गुरुवाणी से गूंज रही हैं। प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में बच्चे, महिलाएं और पुरुषों ने हिस्सा लिया। नगर के पुराने बस स्टैंड पर स्थित सिंह साहिब गुरुद्वारा कमेटी ने सोमवार को शहर में सुबह चार बजे से प्रभारी फेरी की शुरुआत की। प्रभात फेरी को गुरुद्वारा से शुरू किया जाता है। प्रभात फेरी की टोली हर दिन अपना अलग-अलग रास्ता चुनती है। गुरुद्वारे के ज्ञानी जयवीर सिंह ने बताया कि प्रभात फेरी में गुरुनानक की वाणी से संबंधित भजन गाए जाते हैं। प्रभात फेरी दो से तीन घंटे नगर कीर्तन करके वापस गुरुद्वारे में आती है। गुरुनानक के उपदेशों को भजन के रुप में सुनाया जाता है। जिससे शहर की गलियां गुरुवाणी से गूंज रही हैं। ज्ञानी ने बताया कि कीर्तिक माह को खुशियों का माह माना गया है। अमावस के दिन गुरुनानक का जन्म हुआ था। इस दिन गंगा स्नान भी होता है।

## सांकेतिक हड़ताल सफल बनाने के लिए ताकत झोंकी

**सोहना।** 26 नवंबर को होने जा रही ही सांकेतिक हड़ताल में सोहना से भी ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। यूनियन के जिला प्रधान ने सोमवार को बैठक लेते हुए हड़ताल सफल बनाने के लिए सहयोग मांगा है। सोमवार को ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की ब्लॉक स्तरीय बैठक जिला प्रधान सतीश लोहिया की अध्यक्षता में ब्रांच कार्यालय में हुई। मंच संचालन लीलू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राजबीर यादव, महीपाल यादव, सज्जन सिंह, विजयपाल और ब्रांच प्रधान नरेश शर्मा ने अपने-अपने विचार रखे। जिला प्रधान सतीश लोहिया ने यूनियन कर्मचारियों को 26 नवंबर को होने जा रही सांकेतिक देशव्यापी हड़ताल सफल बनाने के लिए सहयोग मांगा। लोहिया ने बताया कि एकता की ताकत दिखानी होगी। ताकि सरकार के कान खुल सकें। इसके लिए सभी को बड़ी संख्या में एकजुटता के साथ हड़ताल का हिस्सा बनना होगा। ताकि सरकार को दिखाई दे।

## लघु सचिवालय में कोरोना जांच शिविर में दो पॉजिटिव मिले



**गुरुग्राम।** स्थानीय लघु सचिवालय में सोमवार को कोरोना संदिग्ध मरीजों की टेस्टिंग कैंप लगाया गया। इस कैंप में मुख्य रूप से पब्लिक डीलिंग करने वाले विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित आमजन से 76 लोगों ने अपना टेस्ट करवाया, जिनमें से 2 व्यक्ति कोरोना पॉजीटिव पाए गए। कैंप सुबह 9 बजे से शुरू हुआ जो देर शाम तक चला। इस कैंप में लोगों को कोरोना संक्रमण संबंधी बचाव उपायों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कैंप में टेस्टिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम लगाई गई थी जिन्होंने लोगों का टेस्ट किया। इस मौके पर लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। गुरूग्राम के उपायुक्त अमित खत्री के मार्गदर्शन में यह कैंप लगाया गया था, ताकि कोरोना संक्रमित मरीजों की समय रहते पहचान की जा सके और कोरोना संक्रमण को समय रहते फैलने से बचाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि कोरोना संक्रमण को रोकने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक टेस्टिंग कर कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान करना है।

## रेडक्रॉस ने एक लाख से अधिक लोगों को किया जागरूक



**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा शुरू किए गए परिवार पहचान पत्र अभियान के अंतर्गत रेडक्रॉस सोसाइटी की टीम एवं सोसायटी से जुड़े सदस्यों द्वारा जिले के सभी वार्डों, मोहल्लों एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में विभिन्न माध्यमों से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमित खत्री एवं निगमायुक्त विनय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में यह जागरुकता कार्यक्रम पिछले कई दिनों से जारी है। सोसायटी द्वारा दो दर्जन से अधिक युवाओं की टीम जागरुकता के लिए तैयार की गई है। यह टीम चार वाहनों में सवार होकर निकलती है। टीम के सफल प्रयासों से ही अब तक रेडक्रॉस ने एक लाख से अधिक लोगों तक पहुंचकर उन्हें जागरुक किया है। निगमायुक्त ने जनता से अपील की है कि अपना परिवार पहचान पत्र जरूर बनवाएं। भविष्य में हर डॉक्यूमेंट का यह एक ही डॉक्यूमेंट होगा। इसी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। रेडक्रॉस की टीम तथा जागरुकता अभियान कार्यक्रम का नेतृत्व जिला रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें कुलदीप सिंह, ओशो कालिया, कोमल भटनागर, डा. गोला, टींकू आदि इस जागरुकता अभियान में अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## कार में अवैध शराब समेत युवक गिरफ्तार

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने रिठौज निवासी को अवैध शराब की पेटियों से भरी कार समेत गिरफ्तार किया है। कार में तलाशी के दौरान 19 पेटी शराब बरामद हुई है। मारुति कुंज पुलिस चौकी में तैनात एएसआई कैलाश अपनी टीम के साथ रिठौज जाने वाले मार्ग पर कल्ली चौक पर गश्त चर रसा था। पुलिस टीम को सूचना मिली कि रिठौज निवासी अनिल उर्फ लीलू कार में अवैध शराब भरकर ला रहा है। जो अवैध शराब बेचने का काम करता है। कुछ समय के बाद अनिल उर्फ लीलू कार को लेकर चौक की तरफ आया। जिसे चौक पर पुलिस ने रुकवा और उसकी कार की तलाशी ली गई। कार की डिग्गी व चालक सीट के पर शराब की पेटियां रखी मिली जिसमें 18 पेटी देशी शराब तथा एक पेटी अंग्रेजी शराब की थी पुलिस टीम ने शराब को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पायनियर

नई दिल्ली, मंगलवार 24 नवंबर, 2020




## संक्षिप्त समाचार

### 15 साल से फरार दुष्कर्म का आरोपी पलवल से गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस थाना सारन प्रभारी इंस्पेक्टर शैफुद्दीन ने वर्ष 1998 में बलात्कार के आरोप में जमानत से फरार चल रहे आरोपी साकिर खान को गांव उटावड़, जिला पलवल से गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 1998 में आरोपी साकिर के ऊपर बलात्कार का मुकदमा थाना एनआईटी जोकि अब थाना सारन में है, दर्ज किया गया था जिसमे उसे 5 साल की सजा हुई थी। इसके खिलाफ आरोपी ने हाई कोर्ट चंडीगढ़ में केस किया हुआ था जिसमे आरोपी को जमानत मिल गई थी। जमानत पर आने के पश्चात् आरोपी साकिर जेल वापस नहीं गया और फरार हो गया। आरोपी पिछले 15 सालों से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ फरीदाबाद की अदालत से रि-अरेस्ट वारंट भी जारी किए जा चुके थे। आरोपी साकिर खान पुत्र बन्नू खान, नंगला एनक्लेव, बढ़ाना चौक एनआईटी फरीदाबाद का रहने वाला है। थाना सारन प्रभारी इंस्पेक्टर शैफुद्दीन को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि आरोपी पलवल जिले के उटावड़ गाँव में छुपा हुआ है। गांव उटावड़ जिला पलवल से गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया। जिसके बाद उसे नीमका जेल भेज दिया गया है।

### मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** मारवाड़ी युवा मंच बल्लभगढ़ शाखा के द्वारा सोमवार को ईजी मार्ट सेक्टर 88 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष विमल खंडेलवाल ने पहुंचकर रक्तदान कर रहे रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया। खंडेलवाल ने बताया कि इस समय कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान रक्त का भाव बहुत ज्यादा हो गया है। जिसके लिए मारवाड़ी युवा मंच बल्लभगढ़ शाखा ने रक्तदान शिविर लगाया है। बहुत ही पुण्य का कार्य किया है, प्रतिदिन कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस समय विशेष रूप से से सोशल डिस्टेंसिंग एवं बाहर निकलते समय चेहरे पर मास्क समय-समय पर अपने हाथ को सैनिटाइजर से साफ करते रहें करते रहें। यदि कोरोना से बचना है तो इन के नियमों का पालन करेंगे। अपने परिवार और समाज को सुरक्षित रख पाएंगे ।उन्होंने आज के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### आधारकार्ड फार्म की कालाबाजारी में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** तहसील परिसर में आधार कार्ड बनवाने के फार्म की कालाबाजारी करने के आरोप में एसडीएम अपराजिता ने सोमवार को एक टाइपिस्ट को पकड़ा है। आरोपित आधार कार्ड बनवाने के लिए 10-10 रुपये में फार्म बेच रहा था। जबकि आधार कार्ड बनवाने के लिए किसी भी फार्म की कोई कीमत निर्धारित नहीं की है। ये फार्म मुफ्त में दिए जाते हैं। पंचायत भवन स्थित कार्यालय में आधार कार्ड बनवाने के लिए आए हरपाल सिंह ने बताया कि तहसील और एसडीएम कार्यालय में किसी भी तरह का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दलाल उपलब्ध हैं। पंचायत भवन में प्रवेश करने के साथ ही वाहनों की पार्किंग में दलाल बैठे होते हैं, जो घुसने के साथ पूछते हैं, क्या करवाना है।

### किक बॉक्सिंग में पदक जीते

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने विश्व वर्चुअल किकबॉक्सिंग टूर्नामेंट में भाग लेकर देश के लिए पदक जीतने वाले फरीदाबाद शहर के पांच खिलाड़ियों को किक बॉक्सिंग अकादमी, नगर निगम खेल परिसर एनआईटी फ़रीदाबाद में प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के संरक्षण में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग आर्गेनाईजेशन (वाको) के तत्वावधान में 10 सितम्बर से 20 अक्टूबर के बीच ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाको वर्चुअल क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के चुनिंदा लगभग 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें से फरीदाबाद के निम्न 5 खिलाड़ी 26 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल थे और उन्होने इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर एवं स्थान हासिल कर जिले, प्रदेश एवं देश को गौरवान्वित किया है। जिसमें निरल कुकरेजा ने ऐरो फिट गर्ल्स अंडर 10 वर्ष म्यूजिकल फॉर्म्स ने प्रथम स्थान, मोनल कुकरेजा ने ऐरो फिट गर्ल्स अंडर 14 वर्ष म्यूजिकल फॉर्म्स में द्वितीय स्थान, तन्मय शर्मा ने ऐरो फिट ब्यॉस अंडर 10 वर्ष म्यूजिकल फॉर्म्स में द्वितीय स्थान, अंश मेंदीरत्ता ने ऐरो फिट ब्यॉस अंडर 18 वर्ष म्यूजिकल फॉर्म्स ने पांचवा स्थान और दिशा ग्रोवर ने ऐरो फिट गर्ल्स अंडर 12 वर्ष म्यूजिकल फॉर्म्स ने छठा स्थान हासिल किया है।

## बिना मास्क सब्जी बेच रहे ढकेल वालों के पुलिस ने काटे चालान




**फरीदाबाद ।** थाना एनआईटी की पुलिस टीम ने गांधी कॉलोनी और 5 नंबर सब्जी मंडी में बिना मास्क सब्जी बेच रहे ढकेल वालों के मास्क के लिए चालान काटे। पुलिस टीम को फेसबुक पर शिकायत मिली थी कि एनआईटी थाना क्षेत्र में पड़ने वाली गांधी कॉलोनी व 5 नंबर सब्जी मंडी में दुकानदार मास्क के बिना ही सब्जी बेच रहे हैं। जबकि सामान खरीदने वाले ग्राहकों ने मास्क पहना हुआ है। शिकायत पर कार्यवाही करते हुए थाना NIT की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बिना मास्क पहने सब्जी मंडी में घूम रहे लोगों और सब्जी बेच रहे दूकानदारों के मास्क के चालान काटे। पुलिस उपायुक्त डॉ अर्पित जैन ने फरीदाबाद के पुलिस अधिकारियों को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कोरोना महामारी में जारी किए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करवाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोनो महामारी से बचाने के लिए कानून के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। पुलिस उपायुक्त ने लोगों से स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया। लोगों से मास्क पहनने, सेनेटाईजर का समय-समय पर उपयोग करने, उचित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी।

## प्रदूषण : होम आइसोलेट कोरोना पॉजिटिव तोड़ रहे दम

### कोरोना पॉजिटिव होम आईसोलेट मरीजों को श्वांस में हो रही तकलीफ

**कविता।** फरीदाबाद

जिले में अब होम आईसोलेट मरीजों की मौत के मामले भी सामने आ रहे हैं। कोरोना पॉजिटिव होम आईसोलेट मरीजों को श्वांस में तकलीफ हो रही है। जिससे मृत्यु का खतरा बढ़ रहा है। इसका कारण बदलता मौसम और लगातार बढ़ रहा प्रदूषण बताया जा रहा है। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से होम आईसोलेट मरीजों को श्वांस लेने में तकलीफ होनी शुरू हो गई है। इलाज के अभाव में वह दम तोड़ रहे हैं। जिले में रोजाना होम एक से दो मरीजों की जान जा रही है।




**बढ़ रहा प्रदूषण**

15 नवंबर को हुई बरसात से कुछ दिनों की राहत के बाद शहर में प्रदूषण स्तर फिर बढ़ना शुरू हो गया। 18 नवंबर तक एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 से नीचे था, लेकिन अब यह फिर से 300 के पास पहुंच गया है। सोमवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 272 दर्ज किया गया। वहीं बल्लभगढ़ का इंडेक्स 202 पर था। 18 नवंबर शहर के लोगों को सांस लेने के लिए काफी साफ हवा मिली। लेकिन 19 नवंबर से यह एक फिर से बढ़कर खराब श्रेणी मे पहुंच गया है। जोकि कोरोना, श्वास और अन्य रोगियों के लिए खतरनाक है।

**जारी किया गया इंडेक्स**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जारी एयर बुलेटेन के अनुसार 16 नवंबर को एक्यूआई 186, 17 को 172, 18 नवंबर को 172 था। लेकिन 19 नवंबर से एक्यूआई बढ़ना शुरू हो गया। जिसमें 19 को 255, 20 नवंबर को 297, 21 नवंबर को 246, 22 नवंबर 234 और 23 नवंबर को 272 दर्ज किया गया। अलग-अलग क्षेत्रों को देखें तो सेक्टर 16 और बल्लभगढ़ में की हवा सबसे अधिक खराब रही। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल ऑफिसर दिनेश कुमार के अनुसार पिछले कुछ दिनों की तुलना में प्रदूषण का स्तर कुछ बढ़ा है। हम प्रदूषण संबंधित गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं।

**बढ़ रही मृतकों की संख्या**

कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या जहां बढ़ रही है, वहीं मृतकों की संख्या भी लगातार बढ़नी शुरू हो गई। पिछले कुछ दिनों के आंकड़े देखे जाए, तो लगातार 3 से 5 डेथ हो रही है। इस विषय में जब वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि होम आईसोलेट मरीजों की मौत भी रोजाना एक से दो हो रही है। जिसमें उनके परिजनों का कहना है कि श्वास लेने में तकलीफ से उनकी मौत हुई है। इससे कहा जा सकता है बढ़ता प्रदूषण मरीजों की मौत का कारण बन रहा है।

# जेसी बोस विश्वविद्यालय देगा निर्माण परियोजनाओं के लिए कंसल्टेंसी सेवाएं

### एमएबी सिविल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया समझौता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सिविल इंजीनियरिंग विभिन्न परियोजनाओं के लिए निर्माण जांच एवं प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाएं तथा परामर्श सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एमएबी सिविल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ आज एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। एमएबी सिविल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ सहयोग विश्वविद्यालय को परियोजना परामर्श सेवाओं के माध्यम से अपने संसाधन जुटाने के लिए व्यवस्थित तंत्र (इको-सिस्टम) विकसित करने में मदद करेगा।

इस समझौते पर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा एमएबी सिविल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एच.पी. गुप्ता ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएल. अग्रवाल, इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

औद्योगिक सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय को निर्माण जांच एवं प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाएं तथा परामर्श सेवाएं प्रदान करने के दृष्टिगत जरूरी कौशल और प्रशिक्षण में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को फरीदाबाद की औद्योगिक टाउनशिप के केंद्र में होने का रणनीतिक लाभ है, जिस कारण उद्योगों से कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट हासिल करने की बहुत संभावनाएं है। इसलिए, विश्वविद्यालय इस दिशा में काम कर रहा है ताकि ऐसी औद्योगिक सहभागिता को बढ़ावा देकर इन अवसरों का लाभ उठाया जा सके।

कुलपति ने सिविल इंजीनियरिंग संकाय सदस्यों को फरीदाबाद-गुरुग्राम सड़क मार्ग पर ग्राम भांकरी में विकसित किये जाने वाले दूसरे परिसर के लिए डिजाइन तथा भौतिक संरचना योजना तैयार करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा नये कैंपस में सभी प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के प्रयास किये जायेंगे। कुलपति ने अनुसंधान और सहयोगात्मक परियोजनाओं के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएं विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रो. एम. एल. अग्रवाल ने कुलपति को अवगत कराया कि समझौते के तहत कंपनी द्वारा विश्वविद्यालय में निर्माण जांच और परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की जायेगी तथा लाभ-साझेदारी में संयुक्त परामर्शी परियोजना पर काम करेगी। कंपनी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और प्लेसमेंट में सहयोग देगी तथा प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक सेमिनार आयोजित करेगी। इसके अलावा, सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को परियोजनाओं का दौरा, प्रशिक्षण तथा काम करने का अवसर भी प्रदान किया जायेगा।

## योगा चैम्पियनशीप में ग्रेटर फरीदाबाद ने झटके छह गोल्ड मेडल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



योगा एसोसिशन फरीदाबाद के द्वारा चौथी फरीदाबाद डिस्ट्रिक्ट योगा चैम्पियनशीप का आयोजन किया। यह आयोजन 21 व 22 नवंबर को किया गया। इस दौरान करमोक्षा हीलिंग स्टूडियो के छात्रों ने एक बार फिर स्वर्णिम प्रदर्शन दोहराया। करमोक्षा हीलिंग स्टूडियो के 6 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनमें 8 से 10 आयुवर्ग में जहान्वी श्रीधर, पूरी प्रथम सोसाइटी ने स्वर्ण, तो सौम्या कांडा, पूरी प्राणायाम ने 5वां स्थान प्राप्त किया।

वहीं 12 से 14 आयुवर्ग में लविका ग्रेटर फरीदाबाद ने पूरे जिले में छठा स्थान प्राप्त किया। 25 से 30 आयुवर्ग में सुमन बाला पूरी प्रथम सोसाइटी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर के स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा किया।

35 से 45 आयुवर्ग में वीना डोडाथोता, पूरी प्रथम सोसाइटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और करमोक्षा हीलिंग स्टूडियो की झोली में तीसरा स्वर्ण पदक डाला एवम रेणु खट्टर, पूरी प्रथम सोसाइटी ने इस आयुवर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में करमोक्षा हीलिंग स्टूडियो की तरफ से भाग लेने वाले 6 प्रतिभागियों में से 3 ने स्वर्ण प्राप्त किया और 3 ने टॉप 6 में अपनी जगह बना कर फरीदाबाद का नाम रोशन किया।

गौर करने वाली बात यह है कि सभी प्रतिभागी ग्रेटर फरीदाबाद के रहने वाले हैं। सुमन बाला, जहान्वी श्रीधर और वीना डोडाथोटा ने स्वर्ण पदक हासिल कर न केवल फरीदाबाद की शान बढ़ाई बल्कि ग्रेटर फरीदाबाद मे पूरी प्रथम सोसाइटी का भी नाम रोशन किया। ये अब अगले माह हरियाणा स्टेट लेवल मे भाग लेंगे। करमोक्षा हीलिंग स्टूडियो के रोहित रावत ने हमेशा ही अपने बच्चों को प्रेरित किया और उनके साथ दिन रात मेहनत की है।

## गुम हुआ 63 हजार का मोबाइल पुलिस ने लौटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**आमतौर** पर पुलिस महकमे की छवि को नाकारात्मक नजरिए से देखा जाता है। जिसमे अक्सर यह देखने को मिलता है कि पुलिस अपना काम ढंग से नहीं करती और रिश्वत लेती है परन्तु फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी चौकी के सिपाही मंजीत ने ईमानदारी और दृढनिश्चिता की एक ऐसी मिसाल पेश की जो लोगों को ईमानदारी की राह पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। दरअसल सिपाही मंजीत कल देर शाम अपने पुलिस चौकी के अपने बीट क्षेत्र में पीसीआर पर गश्त कर रहे थे7 गश्त के दौरान मंजीत को रास्ते में मोबाइल पड़ा हुआ दिखाई दिया। मंजीत ने जब जाकर मोबाइल फ़ोन को रास्ते से उठाया तो वह एप्पल कंपनी का आईफोन 11 मोबाइल था। सिपाही मंजीत ने अपना कर्तव्य निभाते हुए महंगे मोबाइल को अपने पास न रखकर इसे उसके मालिक तक पहुंचाने का निश्चय किया और वहां आसपास के लोगों और दुकानदारों से उस फ़ोन के मालिक के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। बहुत देर पूछताछ करने के पश्चात् भी फ़ोन का मालिक नहीं मिला। इसके बाद मंजीत मोबाइल को लेकर चौकी में वापिस लौटे और इसके बारे में पुलिस चौकी प्रभारी सब-इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार को बताया।

## पांच मौतें, 577 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 37418

**कोरोना बिस्फोट**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

शहर के लोगों द्वारा लगातार बरती जा रही लापरवाही के कारण जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में सोमवार को 577 पॉजिटिव मरीज सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 37418 पर पहुंच गया है।

वहीं पिछले 24 घंटे में 5 पॉजिटिव मरीजों की मौत होने से जिले में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 305 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में सोमवार को राहत की बात यह रही कि 556 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे कोविड-19 का



रिकवरी रेट 86.5 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

**मृतक और पॉजिटिव**

कोरोना पॉजिटिव मृतकों में सेक्टर-17 से 90 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति, सेक्टर-21सी से 80 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति, सेक्टर-17 बी से 66 वर्षीय एक महिला, ओल्ड फरीदाबाद से 86 वर्षीय एक बुजुर्ग और न्यू जनता कालोनी से 65 वर्षीय एक पुरूष शामिल है। इन पांचों की मौत कोरोना समेत अन्य कई बीमारियों से हुई है। वहीं 577 में भारत कालोनी, सेहतपुर, इंदिरा कॉम्प्लेक्स, चावला कालोनी, सेक्टर-3, 10, 31, 9, पाली, मौजपुर, ग्रीनफिल्ड कालोनी, सूरजकुंड, चार्मवुड, दयालनगर, शिव दुर्गा बिहार, चंदावली, कृष्णा कालोनी, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, भूपानी, डबुआ, नेहरू कालोनी, पर्वतीया कालोनी, जवाहर कालोनी, प्रेम नगर, भगत सिंह कालोनी, भूड कालोनी, तिगांव, टिकावली, जीवन नगर, गाजीपुर, यादव कालोनी, पल्ला, आदर्श कालोनी, बसेलवा कालोनी, नरहावली, एनएच-दो, त्रिखा कालोनी, आदर्श नगर, शिव कालोनी, अगर नगर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, चंदावली, नवादा, तिगांव, मेवला महाराजपुर, मुजेसर, अशोका इंक्लेव, सुभाष कालोनी, राजीव कालोनी, विष्णु कालोनी, सेक्टर-87, 78, 55, 11, 7, 3, 75, 88, 25, 10, 18, 16 और अन्य एरियों से मरीज शामिल है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| जिले में जांच | 298974 |
| अब तक पॉजिटिव | 37418 |
| अब तक नेगेटिव | 261155 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 401 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 77 |
| वेंटिलेटर पर भर्ती | 14 |
| अब तक मौत | 305 |
| अब तक ठीक हुए | 32349 |

## हड़ताल को लेकर बिजली कर्मचरियों ने की मीटिंग




**फरीदाबाद।** ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन हैड ऑफिस हिसार ने 26 नंबर को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के बिजली विभाग में टीएस डिविजन, थर्मल सर्कल, डिविजन सेक्टर-23 कार्यालय व डिस्पेंसरी सेक्टर 23 एनआईटी फरीदाबाद, उपमंडल कार्यालय पाली, धौज सबस्टेशन व सिटी 2 बल्लबगढ़, उपमंडल कार्यालय ईस्ट, वेस्ट व डिविजन कार्यालय ओल्ड फरीदाबाद पर गेट मीटिंग करी गई। गेट मीटिंग में राज्य उपाध्यक्ष सतपाल नरवत व राज्य सदस्य शब्बीर अहमद गनी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की कथित कर्मचारी, मजदूर व किसान विरोधी नीतियों और कर्मचारियों की लंबित मांगों के प्रति उपेक्षपुर्ण रवैए से अवगत कराते हुए 26 नवंबर की हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया। राष्ट्रव्यापी हड़ताल में मांगों को लेकर तमाम कर्मचारी फील्ड में जाकर बिजली निगम मैनेजमेंट, व सरकार के खिलाफ प्रचार करेंगे। 24 नवंबर मंगलवार को आज उपमंडल कार्यालय नंबर 2, इंडर्शियल एरिया में गेट मीटिंग की जाएगी। पूरी यूनिट कार्यकारणी मोटरसाइकिल से जत्थे के रूप में सभी कर्मचरियों के पास जाकर हड़ताल पर जाने का आव्हान किया जाएगा। कर्मचारियों के मुख्य मांगे, कच्चे कर्मचारी को बीच से ठेकेदार निकालकर सीधा निगम बोल कर रखा जाए तब तक समान काम समान वेतन मान लागू किया जाए, ई एस आई सेवा को वेतन से ना जोड़कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाना जाय।

## किरयाने की दुकान में चोरी



**फरीदाबाद ।** सेक्टर तीन इलाके में स्थित किरयाने का दुकान से चोरों ने कीमती सामान और पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। दुकान किसी कारण करीब डेढ़ महीने से बंद पड़ी थी। चोरी की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना सेक्टर सात में दर्ज मामले के मुताबिक सेक्टर तीन निवासी आदित्य ने अपनी शिकायत में कहा है कि उन्होंने इसी सेक्टर में किरयाने और कन्फैक्शनरी की दुकान खोली हुई है। यह दुकान किसी कारणवश करीब डेढ़ महीने से दिनों से बंद पड़ी है। आरोप है कि 20 नवंबर की रात को दुकान में चोरी हो गई है। चोरों ने खिड़की को तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और कीमती सामान के अलावा पांच हजार रुपये चोरी कर दिए। चोरी के बारे में उन्हें 21 नवंबर की सुबह मालूम हुआ। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।


## रहस्यमय हालत में महिला लापता

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए चौक के निकट स्थित इंदिरा कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति की 38 साल की पत्नी 20 नवंबर को रहस्यमय हालत में लापता हो गई। जिसका अभी तक कुछ नहीं पता चला है। इस मामले की शिकायत पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना सेक्टर-सात में दर्ज मामले के मुताबिक इंदिरा कॉलोनी निवासी धारा सिंह ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह मूलरूप से मथुरा का रहने वाला है। वह पिछले कुछ समय से 38 साल की पत्नी और दस साल के बेटे के साथ इंदिरा कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर यहां स्थित एक कंपनी में काम करता है।

## लघु सचिवालय में कैंटीन व बूथों की 26 को होगी नीलामी

### कैंटीन व फोटोस्टेट बूथों के लिए खुली बोली के लिए आमंत्रित किए गए हैं आवेदन


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



उपायुक्त यशपाल ने बताया कि लघु सचिवालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में कैंटीन व फोटोस्टेट बूथों के लिए खुली बोली के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020-21 (दिसंबर 2020 से मास मार्च 2021 तक) कुल चार माह के लिए लघु सचिवालय सेक्टर- 12 फरीदाबाद में कैंटीन व बूथों के लिए यह आवेदन लिये जा रहे हैं।

इसके अंतर्गत कैंटीन की रिजर्व कीमत एक लाख छब्बीस हजार छह सौ छयासठ व पहले बूथ की कीमत 50 हजार रखी गई है। वहीं बूथ नंबर दो दिव्यांग के लिए रिजर्व रखी गई है। इसकी मासिक कीमत 14760, बूथ तीन विधवा महिला के लिए रिजर्व प्राईज 11367 रखी गई है। बूथ नंबर चार दिव्यांग के लिए रखा गया है और इसकी मासिक कीमत 13 933 रखी गई है। बूथ नंबर पांच विधवा महिला के लिए मासिक कीमत 12421, बूथ नंबर 6 विकलांग के लिए मासिक कीमत 1208 , बूथ नंबर 9 विधवा के लिए आरक्षित है, जिसकी मासिक कीमत 11092 रखी गई है। उन्होंने बताया कि कैंटीन व बूथों की खुली बोली 26 नवंबर 2020 को दोपहर बाद 12:00 बजे उपायुक्त कार्यालय में की जाएगी। इसमें बोलीकर्ता को कैंटीन व बूथों की खुली बोली के समय अपना प्रमाण पत्र,पैन कार्ड व ड्राक्रट प्रस्तुत करने होंगे। किसी भी सहयोगी फर्म या ठेकेदार के विरुद्ध कोई राशि बकाया नहीं होनी चाहिए व किसी के खिलाफ अभियोग, विवाद किसी थाना या न्यायालय में लंबित नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संबंधित फर्म द्वारा कैंटीन में बूथों के लिए डाली गई खुली बोली में अंकित मूल्य रिजर्व कीमत से ऊपर होने चाहिए। जिस फर्म की खुली बोली स्वीकृति होगी उसे मास दिसंबर 2020 का किराया मौके पर ही जमा करवाना होगा अन्यथा उक्त राशि जमा करवाने न करवाने की सूरत में जमानत की राशि को सरकारी खाते में जमा करा दी जाएगी। दूसरी खुली बोली की अधिकता को देखते हुए उसे ठेका प्रदान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निविदा फर्म की जमानत राशि तब तक वापस नहीं की जाएगी जब तक प्रथम टेंडर बोली की अग्रिम राशि तथा मास दिसंबर का किराया जमा होने के उपरांत ठेका अलाट नहीं किया जाता। प्रत्येक मामले में अंतिम निर्णय उपायुक्त कार्यालय का मान्य होगा। खुली बोली में अधिक राशि देने वाले बोलीदाता को सभी दस्तावेज सक्षम अधिकारी को देने होंगे।

## एनएसयूआई ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** एनएसयूआई के बैनर तले छात्र-छात्राओं ने सभी कॉलेजों की स्नातक कक्षाओं में 20 प्रतिशत सीट बढ़वाने के ओल्ड फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने कहा कि 20 प्रतिशत सीट बढ़वाने के लिए छात्र पिछले 20 दिनों से लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सीट बढ़ाने की मांग को लेकर 2 नवंबर को एक प्रदर्शन किया गया था तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य श्री एम0 के. गुप्ता को उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के नाम ज्ञापन सौंपा था इसके बाद 9 नवंबर को जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करके हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नाम ज्ञापन सौंपा था और जब सुनवाई नही हुई तो 11 नवंबर को मैगपाई चौक पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर और गृह मंत्री अनिल विज का पुतला भी फूंका था। जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाने के बाद जब छात्रों की नही सुनी गई तो 17 नवंबर को सत्ता रूढ़ पार्टी के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को अपनी मांग से अवगत कराया था।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 नवंबर, 2020



# वैक्सीन की चुनौती

## सार्वजनिक-निजी साझीदारी जरूरी

**चूंकि** 2020 एक 'खोया हुआ वर्ष' रहा, इसलिए बहुत से लोग 2021 को 'वैक्सीन वाले वर्ष' के रूप में देख रहे हैं। भारत में वैक्सीन आने के बाद जनता के टीकाकरण के लिए एक साल कम पड़ेगा। दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन निर्माता संस्थान सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा है कि सभी भारतीयों तक वैक्सीन 2024 तक ही पहुंच सकेगी। इसके लिए सप्लाई श्रृंखला बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। यह वायलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, छीजन से बचने तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को वैक्सीन देने के लिए प्रशिक्षित करने तथा वैक्सीन लगाने वाले लोगों की प्रतिक्रिया की निगरानी हेतु जरूरी है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए यह आम चुनाव की तरह बहुआयामी अभियान की तरह होगी जिसमें भारी मात्रा में पैसा व संसाधन लगेगें। पूनावाला ने स्वयं अनुमान लगाया है कि सरकार को एक साल में 80,000 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। हमने अब तक कोई वयस्क टीकारण कार्यक्रम नहीं चलाया है, इसलिए सरकार को महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम के आधार पर आगे बढ़ना होगा जो दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। लेकिन हमें यह तथ्य भी स्वीकार करना होगा कि समग्र टीकाकरण कार्यक्रम अभी शत प्रतिशत सफ्लता नहीं प्राप्त कर सका है। सितंबर, 2019 में कराए स्पेंड इंडिया सर्वे के अनुसार भारत के 47 प्रतिशत गरीब बच्चों का पूरी तरह टीकारण नहीं हुआ है, जबकि सरकारी टीकाकरण कार्यक्रम पिछले 30 साल से चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि टीकाकरण 1992-93 में 35 प्रतिशत था जो 2015-16 में 62 प्रतिशत तक पहुंचा। वर्तमान समय में लगभग 390 मिलियन वैक्सीन खुराकों के माध्यम से टीकाकरण 26.7 मिलियन नवजातों तथा 29 मिलियन गर्भवती महिलाओं को हर साल सुरक्षा देता है। कोरोनावायरस वैक्सीन की दो खूराकें देनी होंगी। इसके लिए कोल्ड चेन श्रृंखला बनाए रखना बड़ी चुनौती है। फाइजर व माडर्ना की वैक्सीनों के लिए माइनस 70 डिग्री तापमान की जरूरत होगी तथा इस तापमान से बाहर लाने पर पांच दिन में टीकाकरण जरूरी होगा। भारत के अलावा अन्य विकसित देशों के लिए भी ऐसे में सप्लाई श्रृंखला बनाए रखना आसान नहीं होगा। हमें ऐसी वैक्सीन चाहिए जिसे द्रव रूप में दो से आठ डिग्री सेंटीग्रेड पर रखा जा सके। कोई वैक्सीन शत प्रतिशत प्रभावी नहीं होती है और न आजीवन सुरक्षा की गारंटी देती है। एंटीबाडी घटने के बाद पुन: वैक्सीन की जरूरत पड़ती है। इसके साथ ही हमें सिरिंजों और ग्लास वायलों की आवश्यकता होगी जो शून्य से नीचे तापमान पर कारगर बनी रह सकें क्योंकि इस तापमान पर कांच टूटने लगता है। बड़ी दवा कंपनियों को इस दिशा में भी काम करना होगा। वैक्सीन को प्रभावशील बनाए रखने के लिए इनकी मजबूती का परीक्षण प्रयोगशालाओं में कर उनकी संस्तुति की जरूरत होगी। हालांकि, भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन निर्माता है, लेकिन इसके बावजूद वह सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अभी पूरी तरह टीकाकरण से सुरक्षित नहीं कर पाया है। अमीर व स्वास्थ्यरक्षा ढांचे के मामले में संसाधन संपन्न देश हमसे पहले ही फाइजर व माडर्ना वैक्सीनों को अपनी जनता के लिए खरीद लेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की कोवैक्स परियोजना का लक्ष्य 18 बिलियन डालर से गरीब देशों के लिए वैक्सीन खरीदना है, लेकिन इससे स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में एक नई किस्म की ऊंचनीच पैदा होगी। अत: एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका की उभरती अर्थव्यवस्थाओं को स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में नए प्रयास करने होंगे। दुनिया के एक हिस्से में तैयार होने वाली वैक्सीनों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में भेजने के लिए भी भारी खर्च होगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इनको विमानों से ही भेजना पड़ेगा। मैक्किन्से ने अनुमान लगाया है कि दुनिया में 10 मिलियन से अधिक खूराकों का व्यापार होगा। सरकार को वैक्सीन के वितरण में निजी क्षेत्र का सहयोग लेना चाहिए। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से सप्लाई श्रृंखला की आवश्यकतायें पूरी करने में सहायता मिल सकती है।



# प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा का महत्व

**हालांकि, राजनीतिक पार्टियां अपने चुनाव घोषणापत्रों में प्राथमिकताएं गिनाती रही हैं, पर पहली बार स्वास्थ्यरक्षा ढांचा मजबूत करना चुनावी एजेंडा बना है।**



**सुरवि शर्मा**
(लेखिका पेशे से चिकित्सक हैं)



विशाल जनसंख्या की जरूरतों के बावजूद भारत में स्वास्थ्यरक्षा कभी चुनावी लामबंदी का विषय नहीं बना, जबकि यह ब्रिटेन व अमेरिका जैसे पुराने लोकतंत्रों में चर्चा का विषय रहा है। पिछले 70 साल में 1983, 2002 व 2017 में ही विभिन्न सरकारों ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीतियों की घोषणा की है। हालांकि, राजनीतिक पार्टियों ने अपने चुनाव घोषणापत्रों में राष्ट्रीय नीतियों व वादों को लगातार स्थान दिया है, पर स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार स्वास्थ्यरक्षा ढांचा चुनाव का एजेंडा बना है। इसका कारण कोरोनावारस वैश्विक महामारी है। हमारे देश को ऐसी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ना चाहिए जिसमें लोगों को स्वस्थ तथा अस्पतालों से बाहर रखने को प्राथमिकता मिले। इस परिवर्तन में प्राथमिक देखभाल करने वाले डाक्टरों की प्रमुख भूमिका है। इससे वित्तीय बोझ कम होगा तथा एमरजेंसी रूमों व तृतीयक स्वास्थ्यरक्षा केन्द्रों की भारी कीमत में कमी आएगी। बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा से मरीजों की संख्या भी घटेगी। लेकिन इसके बावजूद हमने इस क्षेत्र की अनदेखी की है जो वर्तमान स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी कमी है।

प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा का अर्थ सभी व खासकर सर्वाधिक हाशियाकृत लोगों को स्वास्थ्यरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था लोकतांत्रिक कामकाज की तरह ही महत्वपूर्ण है। यदि देश की यह व्यवस्था अच्छी तरह काम न करे तो जनता के हित प्रभावित होंगे। स्वास्थ्य का अधिकार हमारे संविधान में जीवन के अधिकार का हिस्सा है। इसके बावजूद विश्व स्वास्थ्य व्यवस्था रैंकिंगों में भातर का स्थान बहुत नीचे है। हमारे यहां सबसे ज्यादा क्षय रोगी व लकवा रोगी हैं तथा मातृ व शिशु मृत्यु दर सबसे ज्यादा है। प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा को केन्द्र में रखने के लिए हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रक्रियाओं व अस्पताल आधारित देखभाल के बजाय ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ना चाहिए जहां प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सकों-पीसीपी को महत्व मिले। इस व्यवस्था में विशेषज्ञों की दुनिया में पीसीपी को आगे बढ़ाना होगा।

1946 में गठित भोर समिति ने एक उल्लेखनीय रिपोर्ट प्रकाशित कर 'सामाजिक चिकित्सक' की आवश्यकता उजागर की थी जो भारत की स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में प्रमुख भूमिका निभाते। रिपोर्ट में जोर दिया है कि हमें फैमिली मेडिसिन को एक अलग विशेषज्ञता के रूप में महत्व देना चाहिए तथा चिकित्सा संस्थानों में इसके लिए परास्नातक व आवासीय पाठ्यक्रम चलाने चाहिए। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था को भी चिकित्सा छात्रों को प्रोत्साहित करना होगा ताकि वे प्रभावी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में प्राथमिक देखभाल का महत्व समझ सकें। अमेरिका में स्वास्थ्यरक्षा में सुधार के लिए काम करने वाले संगठन जोसिया मैसी जूनियर फाउंडेशन के अनुसार ज्यादा प्राथमिक देखभाल करने वाले डाक्टर तैयार करने होंगे जो वंचितों व गरीबों की सेवा के लिए तैयार हों। इसके लिए चिकित्सा स्कूलों को छात्र चयन के तरीके बदलने होंगे। भारत में अपने समुदायों से दीर्घकालीन संपर्क व सार्वजनिक सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता रखने वाले छात्र ऐसे पाठ्यक्रम की ओर आकर्षित हो सकते हैं। भारत तथा अमेरिका में पीसीपी की कमी है। इसके उलट जापान ने स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में विशेषज्ञों के बजाय पीसीपी को महत्व दिया है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनके विचार ज्यादा महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

जापान के आधुनिक चिकित्सा इतिहास में अस्पताल ज्यादा अमीर लोगों के लिए सीमित थे, जबकि उनकी सरकारी फंडिंग सीमित थी। सरकार ने अपना ध्यान डाक्टरों के प्रशिक्षण तथा संक्रामक बीमारियां दूर रखने पर ज्यादा दिया था। इसके साथ ही निजी क्लीनिकों व अस्पतालों तथा सरकारी डाक्टरों के बीच संपर्क पर प्रतिबंध लगा कर दोनों समूहों के बीच निहित स्वार्थ विकसित होने पर रोक लगाई गई थी। चिकित्सा आधारित पीसीपी के पक्ष में जोर देने से जापानी चिकित्सा व्यवस्था प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा को ज्यादा महत्व देने वाली बनी। 1927 में जापानी सामाजिक स्वास्थ्य बीमा लागू किया गया तथा पीसीपी के प्रभुत्व वाली मेडिकल असोसियेशन ने फीस निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा की मांग पुनर्जीवित करने के लिए व्यवस्था व ढांचागत संरचना में भारी निवेश की आवश्यकता है। इसमें उपयुक्त कर्मचारी और परिसर, सूचना प्रबंधन व्यवस्थायें तथा देखभाल व इसकी गुणवत्ता में सुधार शामिल हैं।

भारत में स्वास्थ्यरक्षा पर 2018 तक सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का केवल एक प्रतिशत खर्च होता था, हालांकि 2019 के बाद इसे बढ़ा कर जीडीपी का 3.6 प्रतिशत किया गया है। यह अनेक गरीब व अलोकतांत्रिक देशों की तुलना में बहुत कम है। इस मामले में हम केवल बुरुंडी, म्यांमार, पाकिस्तान, सूडान व कंबोडिया से ही आगे हैं। इतने कम खर्च के कारण हमारी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था विकृत हो गई है और यह एक अरब से अधिक जनसंख्या की सेवा नहीं कर पा रही है। कम निवेश का प्रभाव स्वाभाविक रूप से प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था पर पड़ता है। हमारे पास समग्र प्राथमिक देखभाल के लिए सप्लाई व औषधियों की कमी है। 2009 में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार पापुलेशन साइंसेज़, मुंबई द्वारा 709 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों-पीएचसी के अध्ययन से स्पष्ट हुआ था कि 24 प्रतिशत में बिजली तथा 63 प्रतिशत में नियमित जल की व्यवस्था नहीं थी। वर्तमान समय में आशा की जाती है कि पीएचसी केन्द्र द्वारा निर्धारित वर्टिकल कार्यक्रमों का भी संचालन करेंगे जो उनको समुदायों से पूरी तरह काट देते हैं। इसके परिणामस्वरूप पीएचसी की सहायता लेने वाले परिवार भी अपनी चिकित्सकीय आवश्यकताओं के लिए दूसरे संस्थानों की तलाश करते हैं।

अनेक अध्ययनों से स्पष्ट है कि जनता के स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा पर ज्यादा सरकारी खर्च की आवश्यकता है ताकि वे प्रभावी व सक्षम बन कर सबके साथ न्याय कर सकें। इससे गरीबों की मृत्यु व रुग्णता दर में कमी होगी। 163 देशों में कराए एक अध्ययन के अनुसार स्वास्थ्यरक्षा पर सरकारी खर्च बढ़ने से नवजात मृत्यु दर में कमी आती है। भारत में पीएचसी का बड़ा संजाल है और प्रत्येक लगभग 25,000 जनसंख्या की सेवा करती है। लेकिन मध्य प्रदेश, बिहार व झारखंड जैसे गरीब राज्यों में ये क्रमश: 45,000, 49,000 व 76,000 जनता की सेवा करती हैं। राजस्थान में जनसंख्या इतनी विरल है कि परिवार को निकटतम पीएचसी तक पहुंचने के लिए 10-20 किलोमीटर चलना पड़ता है।

सीमित संसाधनों से दक्षिण अमेरिका के कुछ देशों ने जन-हितैषी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था बनाने में सफ्लता पाई है जो विशाल जनसंख्या की सेवा करती है। ब्राजील के फैमिली क्लीनिक व पालीक्लीनिक तथा क्यूबा में नर्सों के कार्यालय राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्यरक्षा कवरेज के उदाहरण हैं। दुनिया में क्यूबा की प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था सर्वाधिक प्रभावी है। इसमें समुदाय आधारित पालीक्लीनिकों को महत्व दिया गया है जो 30,000 से 60,000 जनसंख्या की सेवा करते हैं। पड़ोसी-आधारित फैमिली डाक्टर व नर्सों के कार्यालय समुदायों तक सेवा पहुंचाने में सहायता करते हैं। इन सेवाओं में समुदाय के विश्लेषण व इलाज के माध्यम से रोग निवारण पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा में जनता की सहभागिता लोकतंत्र में उनकी सहभागिता की तरह ही महत्वपूर्ण है। पश्चिम बंगाल व केरल में प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा का प्रबंधन पंचायतों द्वारा किया जाता है और यहां समान आर्थिक विकास वाले अन्य राज्यों की तुलना में स्वास्थ्य संकेतक बेहतर हैं।

शहरों में भी सरकारी स्वास्थ्यरक्षा केन्द्र अभी पूरी तरह बीमारों की गरिमापूर्ण ढंग से सेवा नहीं कर पा रहे हैं। बिस्तरों के लिए रोगियों को संघर्ष करना पड़ता है तथा रोगियों के साथ उनके बच्चे भी अस्पताल वार्डों के फर्श पर पड़े रहते हैं। महिलाओं द्वारा शहरों के सरकारी अस्पतालों के गलियारों में प्रसव खबरों का हिस्सा बनते हैं। एक लोकतांत्रिक स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था समुदाय की पहुंच में तथा समुदाय की आवश्यकतानुसार रोग निवारण व रोग चिकित्सा में सक्षम होनी चाहिए। इनमें समुचित संख्या में स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं की उपस्थिति जरूरी है जिनकी संस्कृति गरीबों की सम्मान के साथ सहायता करने की हो।

# कठिन डिजिटल शब्दावली की समस्या

**"सूचना तकनीक जटिलताएं प्राय: नए शब्द ईजाद करती हैं और उनके शब्दजाल भ्रामक होते हैं। इनमें से अधिकतर से राजनीतिज्ञ की तरह निबटने की जरूरत है।"**

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



हम डिजिटलीकरण के युग में जी रहे हैं और अब महामारी ने उसे काफी कम समयावधि में किसी अन्य संभव तरीके की तुलना में और ज्यादा सार्वभौमिक बना दिया है। आनलाइन मंचों की बढ़ती संख्या तथा लगभग हर प्रकार के लेन-देन ने विश्व समुदाय को श्रेणियों में विभाजित कर दिया है जो जो इस प्रक्रिया व माध्यम के साथ उनकी सुविधा पर निर्भर करता है। परम्परागत व्यवस्था, रख-रखाव तथा सेवाओं से संबंधित, इन ऑनलाइन अनुदेशात्मक वीडियो सुविधा के चलते स्वयं काम को अंजाम देने की संस्कृति के पक्ष में बड़ी तेजी से खत्म हुई है। इसमें कोई शिकायत की बात नहीं यदि दो चीजें सुनिश्चित हो गई हैं। पहला है, ऑनलाइन संचार का मूलभूत ढांचा और जैसे उसकी आवश्यकता पड़े। दूसरे, समस्या का पता लगाने एवं समझने योग्य शब्दों में उसे व्यक्त करने हेतु प्रतिक्रियाशील डिजिटल छोर पर विश्वसनीय कौशल का होना। इन दोनों के लिए स्पष्ट रूप से उससे कहीं ज्यादा ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है जितना कि वर्तमान में दिया जा रहा है। यह बात गलती निकालने के लिए नहीं बल्कि डिजिटल रख रखाव सेवाओं के लिए अनिवार्य पूर्व शर्तों पर बल देने के लिए कही जा रही है। अवसंरचना एवं कौशल दोनों का कथन परिपक्वता हासिल करने में समय लेता है, जिससे वे उपयोग के योग्य बन सकें। इसे कृत्रिम रूप से अंजाम देने का प्रयास किया जाता है, ऐसे में दुर्घटनाएं कुछ ही हो पाती हैं। पहले में है व्यवस्था का ठप हो जाना और काम में रुकावट आना। दूसरा है अवसर का नुकसान जिसका उत्पादकता एवं आजीविका श्रृंखला के पहलुओं पर प्रभुत्वकारी असर पड़ा होता।

इस चिंता के सार्वभौमिक होने की आवश्यकता है और स्वयं नियोजन की अवस्था पूरा किया जाना होगा। बचने एवं पूर्ववर्ती प्रक्रियाओं से गुजरने के लिए कोई जादुई छड़ी नहीं होती। जीवन के तथ्य वहीं हैं जो होते हैं, इन खाइयों को पाटने में निवेश करना निवेश आकर्षित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में लुभावना नहीं होता है। अपने स्वभाव से ही राजस्व से समृद्ध माड्यूलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बिजनेस गैर मुनाफाकारी गतिविधियों के इर्द गिर्द घूमता है।

ऐसा लगता है कि सरकार स्वयं बहुत से दबावकारी सरोकारों से घिरी हुई है कि यह अग्निशमन पद्धति से संचालित करने के लिए उद्यत होती है। परिणाम होता है, चारों ओर भ्रम की स्थिति, डाटा इंट्री में त्रुटियां एवं अर्ध-साक्षर कर्मचारियों द्वारा श्रेणियों का गलत अर्थ लगा लेना जो गलतियों के परिणामों को पूरी तरह समझ नहीं पाते। लापरवाहियों के कारण मामले और ज्यादा बिगड़ जाते हैं। प्रगतिशील रूप से बढ़ते दंडात्मक प्रोटोकॉल के द्वारा अदक्षता आगे और बढ़ जाती है जिसके द्वारा गड़बड़ियों को दूर किया जाता है। तकनीकी चूक के परिणामों की चेतन कृत्यों के तौर पर सरलता से व्याख्या की जा सकती है एवं दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है।

महामारी के दौर में, जो कि संकट की पहचान किए जाने से कुछ सप्ताह पूर्व आ गया था, भारत में जिसे गति से नीति एवं दूरदृष्टि उपाय किए जा रहे हैं वह असाधारण है। शिक्षा से लेकर समुद्रवर्ती दूरदृष्टि तक, प्रभावी होते प्रतीत हो रहे हैं और लौटना प्रारम्भ हो गया है। इसका मिलान केवल प्रत्येक समाचार पत्र द्वारा छापी जाने वाली प्रतियों से किया जा सकता है और यह देखकर कि कितनी मात्रा में संवाद लगभग उन तक सीमित है जिनकी पहुंच इंटरनेट व पर्दे तक होती है।

तर्क को प्राय: आकांक्षाओं के अधीन माना जाता है और दलीलों को खोजने के लिए भारतीय बुद्धि सार्वभौमिक रूप से मजबूत जानी जाती है। मगर एक दिन यह सब कुछ बदलेगा। एक दिन महामारी अतीत की प्रघटना बन जाएगी। एक दिन, संभव है, इंटरनेट का प्रयोग न करने वालों तथा जो आर्थिक वृद्धि के ग्रहणकर्ता छोर पर हैं उनकी नियति संतुलन के बिंदु पर पहुंच जाएगी। कम भाग्यशाली लोग, या तो नष्ट हो जाएंगे या रूपांतरणकारी ढंग से, निर्धनता की दशा में चले जाएंगे। बचे लोगों में से, सफल लोगों का प्रतिशत मजबूती से चालक की स्थिति में होगा, बड़ा व समृद्ध तथा अधिक शक्तिशाली होता जाएगा।

स्पष्ट संभावना है कि उस स्थिति में भी, हो सकता है सद्भावना प्रभावी हो जाए। ऐसा होगा या नहीं यह समय ही बताएगा। कुछ मामलों में अल्पतंत्रों में समझदारी ज्यादा पाई जाती है। वह, ऐसे समय बिंदु पर, अनुमान का विषय है।

इन सब में, डिजिटलीकरण की प्रक्रिया एक मजबूत प्रभावी शक्ति होगी। इसका अर्थ है कि एक अरेखीय सोच की आवश्यकता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि शिक्षा के क्षेत्र में रेखीय तर्कसंगतता। वैश्विक दृष्टिकोणों को भी स्थानीय विचारों के साथ मिलकर चलना पड़ेगा। भविष्य के लिए हमारी तैयारी ऐसे यथार्थ को मान्यता देने की मांग करती है।

प्रभावी रूप से, मानसिकता को बड़ी तस्वीर देखने के लिए समायोजित करने की आवश्यकता है, अस्थायी उपलब्धियों के लिए नहीं। इसके लिए निर्णय क्रिया संबंधी सजगतापूर्ण एवं सुव्यवस्थित दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। यह डार्विन के शब्दों में सिर्फ योग्यतक की उत्तरजीविता नहीं बल्कि काफी मात्रा में आत्मनिर्भरता हासिल करने की आवश्यकता होगी। वर्तमान समय में, इस अति आवश्यक यात्रा की शुरुआत डिजिटलीकरण मिशन का प्रसार करने में प्रयोग की जाने वाली भाषा को समझने योग्य एवं सरल बनाकर की जा सकती है। दुर्भाग्य से, जिन कठिन शब्दों का इस्तेमाल सूचना तकनीक विशेषज्ञों द्वारा अपने गैजेटों की कार्य प्रणाली की व्याख्या करने में किया जाता है वह सामान्य संप्रेषण का स्वरूप नहीं है। सूचना तकनीक जटिलताएं प्राय: नए शब्द ईजाद करती हैं और उनके शब्दजाल भ्रामक होते हैं। इनमें से अधिकतर से राजनीतिज्ञ की तरह निबटने की जरूरत है।

## आप की बात

### राशन कार्ड की समस्या

**हंगर** इंडेक्स में गम्भीर देशों की सूची में भारत को देखकर आश्चर्य हुआ। 80 करोड़ लोगों को 06 महीने 5 किलोग्राम आनाज प्रति यूनिट और एक किलो दाल देने वाला देश गरीब और भुखमरा नही हो सकता। लेकिन जो आंकड़े भुखमरी के इकट्ठे किये गये। वे सही भी हो सकते हैं। सरकार के कर्णधार अंत्योदय से सर्वोदय की केवल बात करते हैं। लोगों के कल्याण और विकास की योजनायें चलाई जाती है। लेकिन गरीब लोगों तक इन विकास की योजनायें पहुंच रही हैं कि नहीं। देखने वाला कोई नही।नौकर शाह और नेताओं की कार्यशैली और आचरण एक जैसा। दोनों भ्रष्ट हैं। जनता के पास जाने का समय नही है। गांवों में तमाम लोगों के पास राशनकार्ड नही है। कुछ लोगों के राशनकार्ड काट दिए गए और कुछ लोगो के सारे यूनिट ही काट दिए गये। लोगों ने राशनकार्डों के लिये कार्यालयों के चक्कर और दलालों से वर्षो से लुट रहे हैं। उनके राशन कार्ड नहीं बने। प्रधानमंत्री जी त्यौहार खत्म हो गए। अभियान चलाकर राज्यो के गांवों में अधिकारियों को भेजकर गरीब लोगों के राशनकार्ड बनाये जाए। साथ ही समर्थ और अपात्र लोगों के कार्ड काटे जाये। इन कार्डों के बनाने की जवाबदेही एक अधिकारी की तय की जाए।

– **कुलदीप मोहन**, जरगांव, उन्नाव

### बढ़ता कोरोना संक्रमण

**देश** में बढ़ते कोरोना संक्रमण से कोरोना की दूसरी लहर आने के संकेत मिलते नजर आ रहे हैं। दो गज दूरी-मास्क जरूरी के नारे के साथ कोरोना के खिलाफ लड़ाई धीमी पड़ती नजर आ रही है। मार्केट में भीड़ और चुनावी रैलियों में लापरवाह लोगो को देखकर लगता है कि लगता है कि हमने हालातो से कोई सबक नही लिया। बिना मास्क वाले लोगों पर जुर्माना बढ़ाकर कोरोना संक्रमण नही रुकने वाला बल्कि प्रशासन को तेजी से बिना मास्क घूमने वाले लोगों पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। वहीं आम जनता को भी त्यौहारों, शादियों, चुनावी कार्यक्रमों में एतिहात बरतने की जरूरत है। इस्त्रारायल समेत कई देशों में दुबारा लॉक डाउन लगाया था। उसी समय जानकारों ने कोरोना संक्रमण को लेकर चेताया था कि सर्दियों में कोरोना पैर पसारने वाला है लेकिन हमें कोरोना के आंकड़े कम होनेभर से लग रहा है कि कोरोना से जंग जीत ली है। कोरोना ने रफ्तार और सरकारी चेतावनी के बावजूद मास्क नही लगाने वाले अथवा नियमो का पालन नही करने वाले लोग न केवल खुद बल्कि दुसरो के पैरों पर भी कुल्हाड़ी मार रहे हैं क्योंकि सुरक्षा के बावजूद पत्रकार से लेकर डॉक्टरो को कोरोना नही छोड़ रहा हैं।

– **महेश सिद्धमुख**, राजस्थान

### शाकाहार का महत्व

**चीन** में मांस बंद सब्जियां उगाने की खबर सुर्ख़ियों में आई। कोरोना वायरस के कहर से मौत एवं संक्रमित की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी की खबर ने विश्व स्वास्थ्य संघठन को व अन्य देशों को चिंतनीय बना दिया। चीन में मांसाहारी भोजन में संक्रमण ज्यादा हुआ। शाकाहारी भोजन में स्वास्थ्य के लिए उपयोगी पोषण तत्व रहते ही है। शाकाहारी भोजन को विदेशों में पसंद किया जाने लगा है। शाकाहार शरीर और मन मानवीय संवेदनाओं का सही रूप में पहचान करवाता है। प्राचीन समय से ही जीवन शैली में शाकाहारी भोजन स्वस्थ्यता का प्रतिक माना गया है। विकसित देशों का झुकाव इस और बढ़ा और उनमे भी शाकाहारी भोजन का अनुसरण करने की सोच विकसित होने लगी है। मांसाहार की तुलना में शाकाहार सस्ता और सुलभ होता है। शाकाहारी भोजन शीघ्र पच कर बिमारियों को आने से रोकता है। स्वस्थ चित मन ,तामसी प्रवृति को दूर करने हेतु शाकाहार भोजन को प्राथमिकता देना आवश्यक है ताकि शरीर में प्रतिरोध क्षमता बढ़कर जीवन में स्वस्थ्यता का लाभ प्राप्त किया जा सकें।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**भारत** अपने कार्बन चिन्ह 30-35 प्रतिशत तक घटाने का प्रयास कर रहा है। हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं में हमें प्राकृतिक गैस का उपयोग बढ़ाने की जरूरत है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भारत** के सभी राज्यों में लव जिहाद न केवल हिन्दुओं में बल्कि सभी गैर मुसलमानों में भी एक मुसीबत की तरह महसूस किया गया है।

– **गिरिराज सिंह**
केंद्रीय मंत्री



**कई** भाजपा नेताओं के परिजनों ने अंतरधर्म विवाह किए हैं। क्या ये विवाह भी लव जिहाद के अंतर्गत आते हैं?

– **भूपेश बघेल**
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़"

## धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को धान क्रय प्रक्रिया के गहन मानिटरिंग तथा क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसानों को मूंगफली की फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जनता को आलू, प्याज सहित आवश्यक खाद्य सामग्री उचित मूल्य पर प्राप्त हो। इस सम्बन्ध में सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश देते हुए कहा कि जमाखोरों के साथ सख्त कार्रवाई की जाए।

## अनुशासनहीनता में बीजेपी ने किया निष्कासन

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे सहारनपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष मानवीर पुण्डीर को भाजपा ने छह वर्षो के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया हैं। पार्टी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने को अनुशासन हीनता मानते हुए प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने मानवीर पुण्डीर को पार्टी से निष्कासित करने के निर्देश दिए है।

## यूपी में थालेस कंपनी के कार्यालय का सिद्धार्थनाथ ने किया वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सोमवार को अपने सरकारी आवास से फ्रांस की टेक्नॉलाजी क्षेत्र की ख्याति प्राप्त कंपनी थालेस के नोएडा में स्टेट ऑफ आर्ट न्यू कारपोरेट ऑफिस का वर्चुअल शुभारम्भ किया। इस कंपनी ने दिल्ली से शिफ्ट होकर नोएडा में अपना कारपोरेट कार्यालय स्थापित किया है। लगभग 1.5 लाख वर्ग फिट में निर्मित छः मंजिला इमारत के इस कार्यालय में 1100 कर्मी कार्यरत हैं। एमएसएमई मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में थालेस के आने से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि लड़ाकू विमान मिराज और राफेल देश की वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। थालेस कंपनी राफेल जैसे एअर क्राफ्ट के लिए रडार, इलेक्ट्रानिक्स वायस सिस्टम, काकपिट डिस्प्ले सिस्टम, पावर जनरेशन सिस्टम सहित अन्य उपकरणों की मैन्यूफैक्चरिंग करती है। इसके साथ ही रक्षा, एरोनाटिक्स, स्पेश, ट्रांसपोर्टेशन, डिजिटल आइडेंटिटी और सिक्यूरिटी मार्केट में भी अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कपंनी से इन विमानों के पाट्र्स उत्तर प्रदेश में बनाने के लिए निवेश का आग्रह भी किया है। उन्होंने कहा कि थालेस ने डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर के तहत कानपुर की एमकेयू कंपनी के साथ मिलकर आर्म्ड फोर्स के लिए नाइट विजन डिवाइस बनाने का प्रस्ताव भी दिया है जिस पर तेजी से काम चल रहा है। इसके अतिरिक्त थालेस डिजिटल आइडेंटिटी एवं सिक्यूरिटी बिजनेस के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में वृहद इंजीनियरिंग सेंटर के रूप में काम करेगी और स्थानीय कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ ही उच्च गुणवत्ता युक्त तकनीक भी विकसित करने में यूपी को सहयोग देगी। प्रदेश में इस कंपनी का कार्यालय खुलने से रक्षा क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब इलेक्ट्रानिक्स और डिफेंस क्षेत्र की कंपनियां केवल दक्षिण भारत की तरफ जाती थी लेकिन अब समय बदला है और तीन साल से इस क्षेत्र की कंपनियां उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित हो रही हैं। थालेस के इण्डिया में कंट्री हेड इमैनुअल डी आर ने थालेस कंपनी के बारे में बताया कि यह कंपनी टेक्नालॉजी के क्षेत्र पूरे विश्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विश्व के 68 देशों में कार्य कर रही है। इसमें 83 हजार कर्मी कार्यरत है। विश्व भर में इस कंपनी का टर्नओवर लगभग 20 बिलियन डालर है।

# टीका विकसित होने तक हमें सचेत रहना होगा

## कोविड 19 व डेंगू के उपचार के लिए एफेरेसिस व केमिल्यूमिनिसेन्स फैसिलिटी का सीएम ने किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने राजकीय और निजी मेडिकल कॉलेज में कोविड 19 व डेंगू के उपचार के लिए एफेरेसिस फैसिलिटी का शुभारंभ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। उन्होंने कोरोना की बायो सेफ्टी लेवल (बीएसएल) थ्री और टू की आठ नई लैब का भी लोकार्पण किया। राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में बीएसएल थ्री की लैब स्थापित की जा रही है। इस दौरान सीएम योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना और डेंगू की जांच और उपचार की सुविधा की समीक्षा भी की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इससे कोरोना महामारी के दौर में न केवल आवश्यकताओं का सामना करने में मदद मिलेगी बल्कि भविष्य के किसी भी स्वास्थ्य संकट के लिए हमें तैयार करेगा। अब कोविड 19 का खतरा खत्म होने के करीब है। हमारे सभी वैज्ञानिक पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कोरना वैक्सीन विकसित करने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहे हैं। फिर भी, टीका विकसित होने तक हमें सचेत रहना होगा। क्योंकि फिलहाल कोरोना से बचाव ही उपचार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ महीनों से पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही है। उत्तर प्रदेश में सभी ने बेहतरी प्रदर्शन करते हुए इस चुनौती का धैर्य के साथ मुकाबला किया और बेहरीन मिसाल पेश की है। इसी का परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने भी उत्तर प्रदेश में कोविड मैनेजमेंट की प्रशंसा की है। यह सब केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयास से संभव हो सका है। यह टीम वर्क का ही परिणाम है कि आज हम प्रदेश में करीब पौने दो लाख कोरोना टेस्ट करने की क्षमता विकसित कर चुके हैं।

योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इनसेफ्लाइटिस जैसी बीमारी को नियंत्रित करने में हमे सफलता मिली है। कभी वहां प्रति वर्ष इस बीमारी से लगभग पंद्रह सौ बच्चों की मौत होती थी। वर्ष 1977 से लेकर 2017 तक यह सिलसिला लगातार चलता रहा। आश्चर्य की बात है कि 70 वर्षों में किसी के कानों में यह आवाज नहीं पहुंची, लेकिन टीम वर्क का परिणाम है कि अब 21 मौतें हुई हैं। अगली बार ये मौते भी न हों, इसकी भी समीक्षा की जा रही है।

### इनमें होंगी जांचें

**निजी** मेडिकल कालेजों में हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बाराबंकी, इण्टीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लखनऊ, रामा मेडिकल कालेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट हापुड़, एफएच मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल फिरोजाबाद, टीएस मिश्रा मेडिकल कालेज लखनऊ, हैरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज वाराणसी, मुजफ्फरनगर मेडिकल कालेज मुजफ्फरनगर में बीएसएल-2 लैब एवं केमिल्यूमिनिसेन्स फैसिलिटी तथा मेयो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बाराबंकी में एफेरेसिस फैसिलिटी का शुभारम्भ किया गया। राजकीय मेडिकल कालेज कन्नौज में बीएसएल 3 लैब, राजकीय मेडिकल कालेज प्रयागराज में एफेरिसिस फैसिलिटी, राजकीय मेडिकल कालेज आगरा व कानपुर में केमिल्यूमिनिसेन्स फैसिलिटी, राजकीय मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में एफेरेसिस फैसिलिटी एवं केमिल्यूमिनिसेन्स फैसिलिटी, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय फिरोजाबाद में एफेरेसिस फैसिलिटी एवं केमिल्यूमिनिसेन्स फैसिलिटी का लोकार्पण किया गया।



पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी ने पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पुलिस झंडा प्रदान किया

## कोरोना टीकाकरण की रणनीति तय करेंः योगी

● अवैध मदिरा बेचने वालों की सम्पत्ति जब्त कर उसे नीलाम किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** वैक्सीन के टीकाकरण की तैयारियों पर राज्य सरकार ने काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अधिकारियों को टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड 19 टीकाकरण का कार्य अन्तर्विभागीय समन्वय से संचालित किया जाए। उन्होंने इसके लिए सभी प्रबन्ध सुनिश्चित करने को भी कहा है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुये कहा कि कोविड 19 के टीकाकरण के सम्बन्ध में सभी जनपदों में 15 दिसम्बर तक कोल्ड चेन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे वैक्सीन की गुणवत्ता में कोई कमी न आने पाए। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के टीकाकरण के लिए प्रदेश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए पर्याप्त संख्या में वैक्सीनेटर्स की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने कोविड 19 के बचाव के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किए जाने की कार्यवाही पूरी सक्रियता से जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल टेस्टिंग का कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सचिव कार्यालय तथा मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिलाधिकारियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों के कार्यालय में लैण्डलाइन फोन के साथ साथ इन अधिकारियों के सीयूजी फोन पर दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क करते हुए कार्यालयों में इनकी उपस्थिति सत्यापित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध मदिरा बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। इस कार्य में संलिप्त लोगों की सम्पत्ति जब्त कर उसे नीलाम किया जाए तथा नीलामी से प्राप्त धनराशि से प्रभावितों को मुआवजा दिया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पाद आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निरीक्षक स्तर के थानों में उपनिरीक्षक को न बनाया जाए प्रभारीः डीजीपी

● थानाध्यक्ष व प्रभारी निरीक्षकों की तैनाती में नियमों का पालन न होने पर जताई नाराजगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के थानों में प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्षों की तैनाती में दिशा निर्देशों का पालन न होने पर डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। इस संबंध में उन्होंने जिलों के पुलिस कप्तानों सहित सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सात बिंदुओं पर विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है कि मुख्यालय के संज्ञान में आया है कि विभिन्न शासनादेशों एवं मुख्यालय स्तर से प्रभारी निरीक्षकों-थानाध्यक्षों की तैनाती के सम्बन्ध में निर्गत दिशा निर्देशों का जनपद स्तर पर सही ढंग से अनुपालन नहीं किया जा रहा है जो उचित नहीं है। कतिपय जिलों में निरीक्षक स्तर के थाने पर उपनिरीक्षक को नियुक्त किया गया है, यह स्थिति आपत्तिजनक है तथा इस मुख्यालय द्वारा निर्गत परिपत्र का उल्लंघन भी है।

जारी परिपत्र में डीजीपी ने कहा है कि प्रदेश के दो तिहाई थाने जो निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के लिए चिन्हित हैं, उनमें केवल निरीक्षक स्तर के ही योग्य अधिकारियों की तैनाती की जायेगी तथा उपनिरीक्षक स्तर के किसी अधिकारी को इन थानों के थाना प्रभारियों के रूप में तैनात नहीं किया जायेगा। प्रदेश के जो एक तिहाई थाने पूर्व में उपनिरीक्षकों को थानाध्यक्ष के रूप में तैनात किये जाने हेतु चिन्हित किये गये थे उनमें योग्य निरीक्षकों की भी तैनाती की जा सकती है। इन थानों पर दक्ष, सशक्त एवं उपयुक्त उप निरीक्षकों की भी तैनाती पर विचारण किया जा सकेगा, जिससे उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपनिरीक्षकों का मनोबल बढ़ाया जा सके तथा अन्य उपनिरीक्षक स्तरीय अधिकारियों को अच्छा कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त हो सके। यदि किसी थाने पर एक से अधिक निरीक्षकों की तैनाती की जाती है तो यह ध्यान रखा जायेगा कि वरिष्ठतम अधिकारी को ही प्रभारी निरीक्षक बनाया जाए। किसी भी थाने में उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी को थाना प्रभारी बनाये जाने की दशा में निरीक्षक स्तर के अधिकारी की तैनाती उसके अधीनस्थ न की जाए। डीजीपी ने कहा है कि यह भी देखा गया है कि अनुमोदित सूची के निरीक्षक पद के अधिकारी का अनुमोदित होने के बाद भी निरीक्षक की नियुक्ति नहीं करते हुए उप निरीक्षक की नियुक्ति किया जा रहा है जो घोर अनियमितता का परिचायक है।

## एक माह के अंदर प्रत्येक स्मार्ट मीटर उपभोक्ता से व्यक्तिगत फीडबैक लें अफसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने सोमवार को ऊर्जा विभाग की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को एक माह में हर एक स्मार्ट मीटर उपभोक्ता से व्यक्तिगत संपर्क कर उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनका फ ीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पावर कार्पोरेशन के साथ ही वितरण कंपनियों के सभी प्रबंध निदेशक अपने स्तर से इसकी नियमित समीक्षा भी करें। उन्होंने यह निर्देश उन्होंने स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा करने मे कठिनाई, अधिक बिल आने व समय से बिल न मिल पाने की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता की संतुष्टि ही सरकार की संतुष्टि है।

उन्होंने बिलिंग की शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए ऐसी सभी शिकायतों पर अविलंब कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि उपभोक्ता को समय पर सही बिल मिले यह सुनिश्चित हो। गलत बिलिंग स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में खामी मिलने पर संबंधित बिलिंग एजेंसी के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि उपकेन्द्र के स्टाफ के साथ डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक, निदेशक व अन्य अभियंता भी फीडरों की पेट्रोलिंग करें। इस दौरान वे स्थानीय स्तर पर उपभोक्ताओं से संवाद भी करें। उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्हें सस्ती और निर्बाध बिजली के लिए नियमित बिल भुगतान के लिए प्रेरित करें।

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत 391298 लाभार्थियों का ऋण स्वीकृत

● 301037 लाभार्थियों के खाते में लोन की धनराशि हस्तांतरित

● तेलंगाना एवं मध्यप्रदेश को पीछे छोड़कर यूपी, भारत में प्रथम स्थान पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निदेशक** सूडा उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना के तहत 748271 पथ विक्रेताओं को पंजीकृत कर लिया गया है। 531093 पथ विक्रेताओं को पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा 542900 पथ विक्रेताओं को पहचान पत्र वितरित किये गये है। भारत सरकार द्वारा ऋण के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लिया जा रहा है। पोर्टल पर कुल 742365 शहरी पथ विक्रेताओं का विवरण अपलोड किया जा चुका है। जिनमें से 392842 लाभार्थियों का ऋण स्वीकृत कर 301037 लाभार्थियों के खाते में ऋण की धनराशि हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि यूपी में कुल 748271 पथ विक्रेताओं को पंजीकृत हो चुके है जबकि तेलंगाना में कुल 428721 पथ विक्रेताओं, मध्य प्रदेश में कुल 332645 पथ विक्रेताओं एवं गुजरात में कुल 207343 पथ विक्रेताओं को पंजीकृत किया गया है। शहरी पथ विक्रेताओं के पंजीकरण, ऋण स्वीकृत एवं ऋण वितरण में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि लॉकडाउन से प्रभावित शहरी पथ विक्रेताओं के लिए आजीविका, रोजगार प्रारम्भ करने के लिए एक लघु ब्याज आधारित अनुदान ऋण सुविधा उपलब्ध कराया जाना योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस योजना में 10000 रूपए तक की प्रारम्भिक कार्य करने लायक पूंजीगत ऋण की सुविधा दी जा रही है। उक्त ऋण पर किसी भी प्रकार की बंधक गारण्टी नहीं देय है। समय पर, समय से पहले ऋण वापसी करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी एवं डिजिटल लेनदेन पर 50-100 तक की मासिक नकदी वापसी प्रोत्साहन की सुविधा दी जा रही हैं। डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के दृष्टि से शहरी पथ विक्रेताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## फिर मिली मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी, आरोपी किशोर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की मिली धमकी से पुलिस प्रशासन के अफसरों में हड़कंप मच गया। धमकी भरा यह मैसेज पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी 112 के व्हाट्सएप नम्बर पर बीते रविवार को आया था। जिसके बाद पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। थाना सुशांत गोल्फ सिटी में चौकी प्रभारी अहमामऊ की तहरीर पर देर रात मुकदमा दर्ज किया गया।

मामले में पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू की। फोन नंबर की जांच में लोकेशन आगरा की मिली। जांच में पता चला कि सीएम योगी आदित्यनाथ के लिए धमकी भरा ये मैसेज आगरा के एक किशोर ने भेजा था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी किशोर को ग्राम अकोला थाना मांगरोल आगरा से गिरफ्तार कर लिया। अपने मैसेज में उसने अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपी किशोर के पास से मोबाइल और सिम बरामद कर लिया है और पूछताछ के बाद उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए किशोर ने पूछताछ में बताया कि विद्यालय बंद होने व पुलिस द्वारा घर के बाहर मैच न खेलने देने से वह नाराज था। जिसके कारण ये मैसेज किया था। पुलिस के अनुसार किशोर के पिता सरकारी प्राथमिक विद्यालय में मास्टर हैं।

इससे पहले भी 21 मई को सीएम योगी को जान से मारने की धमकी मिली थी। यह धमकी भी यूपी पुलिस के 112 मुख्यालय में एक व्हाट्सएप मैसेज के जरिए मिली थी। आरोपी कामरान को पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी कामरान की गिरफ्तारी के बाद यूपी पुलिस की सोशल मीडिया हेल्प डेस्क को एक और धमकी मिली थी। इस मैसेज में मुंबई से गिरफ्तार किए गए कामरान को छोड़ने और ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। यूपी एटीएस ने इसकी जानकारी महाराष्ट्र एटीएस के साथ साझा की। इसके बाद महाराष्ट्र एटीएस ने जानकारी के बाद दारुसलम कॉलोनी, मदीना चौक, नासिक निवासी फैसल को गिरफ्तार कर लिया था।

## सहकारिता विभाग की तीन क्रय एजेन्सियां खरीद रही धान

**लखनऊ।** सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में किसानों को उनकी धान की उपज का लाभकारी मूल्य दिलाये जाने हेतु सहकारिता विभाग की तीन क्रय एजेन्सियों पीसीएफ पीसीयू एवं यूपीएसएस द्वारा धान खरीद का कार्य किया जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि तीनों क्रय एजेन्सियों के क्रय केन्द्रों का लक्ष्य पीसीएफ का 1350 क्रय केन्द्र, पीसीयू का 500 क्रय केन्द्र एवं यूपीएसएस 160 क्रय केन्द्र, कुल 2010 क्रय केन्द्रों का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके सापेक्ष पीसीएफ के 1404 क्रय केन्द्र, पीसीयू के 540 क्रय केन्द्र एवं यूपीएसएस के 156 क्रय केन्द्र, कुल 2106 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिनके माध्यम से क्रय एजेन्सी पीसीएफ द्वारा 336462 मीट्रिक टन 60418 कृषकों से खरीद की गयी, क्रय एजेन्सी पीसीयू द्वारा 341166 मीट्रिक टन की 56138 कृषकों से खरीद की गयी है एवं क्रय एजेन्सी यूपीएसएस द्वारा 66844 मीट्रिक टन 10676 कृषकों से खरीद की गयी है।

## पीपीई किट खरीद घोटाले पर हुई एसआईटी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने के लिए प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पीपीई किट की खरीद में किए गए करोड़ों रुपए के घोटाले के आरोपित अधिकारियों की एसआईटी जांच रिपोर्ट बिना सार्वजनिक किए ही की गयी तैनाती से भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स का दावा करने वाली योगी सरकार की कलई एक बार फिर प्रदेश की जनता के सामने खुलकर आ गई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि चाल चरित्र और चेहरे का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार कोरोना महामारी में पीपीई किट घोटालेबाजों को संरक्षण देने और उन्हें बचाने के मामले में पूरी तौर पर बेनकाब हो चुकी है। मुख्यमंत्री अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालने करते हुए पीपीई किट घोटाले पर हुई एसआईटी जांच की रिपोर्ट को सार्वजनिक करें, वरना कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क पर उतरकर आर पार संघर्ष करने के लिए विवश होगी। लल्लू ने कहा कि भ्रष्टाचार पर बार बार जीरो टॉलरेन्स का झूठा दावा करने वाली योगी सरकार ने वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने के लिए जो पीपीई किट बाहर से मंगायी थी उसमें व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले उजागर हुए। कांग्रेस पार्टी ने जब इस पर सदन से सड़क तक जोर शोर से आवाज उठाया और विधानसभा में सवाल उठाया तो दबाव में आयी योगी सरकार ने उस समय भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स की नीति का हवाला देते हुए सदन को यह भरोसा दिया था कि घोटाले के आरोपी दस जिलाधिकारियों को उनके पदों से हटा रही है और इस मामले की एसआईटी जांच कराये जाने का भरोसा भी दिया था और कहा था कि दस दिन में इसकी जांच रिपोर्ट भी आ जाएगी। लेकिन अब जो तथ्य सामने आ रहे हैं उसके अनुसार घोटाले के सभी आरोपितों को एक एक करके चोरी छिपे नये सिरे से तैनाती की जा चुकी है।

## सहयोग व विश्वास से ही सहकारिता आन्दोलन होगा मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि सहयोग एवं विश्वास से ही सहकारिता आन्दोलन को मजबूती मिलेगी। उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ द्वारा बेहतर ढंग से कार्य किया जायेगा। इस संस्था का गठन 5 नवम्बर 2020 को हुआ है। सहकारिता विभाग निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।



श्री वर्मा ने सोमवार को पीसीयू के चौथे तल स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ के कार्यालय का उद्घाटन विधि विधान से करने के उपरान्त यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह सहकारी संघ अपने नियमों मानकों का पालन करते हुए कार्य पूरा करेगा, ऐसी मुझे आशा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संघ द्वारा आवासीय भवनों का निर्माण किया जायेगा। उत्तर प्रदेश सहकारी संघ के सभापति आरपी कुशवाहा ने बताया कि शहरी एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों में जमीन ली जाएगी और उस जमीन पर आवास बनाए जाएंगे। आवास पूर्ण हो जाने के बाद संघ के सदस्यों को आवास आवंटित करने का काम किया जाएगा। यह संस्था निर्माण एजेंसी के रूप में भी कार्य करेगी ऐसा मेरा प्रयास है। संस्था का गठन 5 नवंबर 2020 को हुआ है। इस अवसर पर पीसीयू के प्रबन्ध निदेशक मनोज द्विवेदी, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ के उपसभापति हीरेंद्र प्रताप सिंह, संचालक दीपक मिश्रा, अजीत सिंह चौहान, सचिव अमित सिंह सहित अन्य सदस्य व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सहकारी क्षेत्र की 24 चीनी मिलों में से 18 में पेराई कार्य शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारी** क्षेत्र में प्रदेश के अन्तर्गत कुल 24 चीनी मिलें स्थापित हैं जिसमें से 18 चीनी मिलों द्वारा पेराई आरम्भ कर दी गई है, शेष 6 चीनी मिलों में नवम्बर माह के अन्त तक पेराई प्रारम्भ हो जाने की सम्भावना गन्ना विभाग ने व्यक्त की है। अपर मुख्य सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि पेराई कर रही चीनी मिलों द्वारा अब तक 39.99 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई करते हुए 9.18 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन किया जा चुका है जबकि विगत पेराई सत्र में इस अवधि तक 38.12 लाख कुन्तल पेराई करते हुए 2.72 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन हुआ था। सहकारी क्षेत्र में चीनी मिलों का विस्तारीकरण हो जाने से गत पेराई सत्र से अधिक गन्ने की पेराई की जायेगी, जिससे चीनी उत्पादन में भी वृद्धि होगी।



श्री भूसरेड्डी ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2020-21 में अब तक सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलों द्वारा गत पेराई सत्र की तुलना में 1.87 लाख कुन्तल अधिक गन्ने की पेराई करते हुए 0.11 लाख कुन्तल अधिक चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। पेराई क्षमता का विस्तारीकरण हो जाने से प्रदेश के गन्ना कृषकों को और अधिक गन्ना आपूर्ति करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे कृषकों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र में सभी प्रधान प्रबन्धकों को यह निर्देश भी दिये गये है कि सभी चीनी मिलों का संचालन पूरी पराई क्षमता के साथ किया जाये।

# कांग्रेस को तोड़ने की साजिश में लगे हैं आजाद, गांधी परिवार के साथ गद्दारी की: कुलदीप बिश्नोई

**भाषा।** नई दिल्ली


**कांग्रेस** की मौजूदा स्थिति पर पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के हालिया सार्वजनिक बयानों की पृष्ठभूमि में कांग्रेस कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य कुलदीप बिश्नोई ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष विरोधी दलों के साथ मिलकर कांग्रेस को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने आजाद पर गांधी परिवार के साथ गद्दारी करने का भी आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता उनके इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने देंगे।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिश्नोई ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट कर कहा, आजाद साहब का बयान सुना जिससे बहुत हैरानी हुई, दुख हुआ और गुस्सा भी आया। इतना वरिष्ठ नेता सार्वजनिक रूप से इस तरह का बयान दे, उसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। उन्होंने सवाल किया, आजाद साहब कहते हैं कि पार्टी में नीचे से लेकर ऊपर तक चुनाव होना चाहिए। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब उन्हें जम्मू-कश्मीर युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था तो उस वक्त उन्होंने चुनाव की बात क्यों नहीं की? जिस वक्त उन्हें भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया तो उस वक्त चुनाव की बात क्यों नहीं की?

बिश्नोई ने आरोप लगाया, आजाद साहब, आज आप सिर्फ पार्टी को तोड़ने की साजिश विपक्षी दलों के साथ मिलकर कर रहे हैं। हम आपके इस षड्यंत्र को कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, आपका क्या इतिहास है? आप पूरे जीवन में सिर्फ तीन चुनाव जीते हैं। जिस गांधी परिवार ने आपको पांच बार राज्यसभा के लिए मनोनीत किया, आप उस परिवार के खिलाफ बात करते हैं। आपसे ज्यादा चुनाव मैंने जीते हैं। मैंने छह चुनाव जीते हैं।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के पुत्र बिश्नोई ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आपको (आजाद) कोई नहीं पूछता और आप यहां नसीहत देते हैं। आपको हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले प्रभारी बनाया गया, आपने बेड़ा गर्क करके रख दिया। अगर आपके बजाय कोई और प्रभारी होता तो आज हरियाणा प्रदेश के अंदर कांग्रेस की सरकार होती। उन्होंने कहा, आप गांधी परिवार के खिलाफ गद्दारी करते हैं। इंदिरा जी और राजीव जी ने देश के लिए जान दी। सोनिया ने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए अध्यक्ष पद को स्वीकार किया। आज राहुल कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पूरे देश में घूम कर रहे हैं। प्रियंका गांधी भी पार्टी को मजबूत करने में लगी हैं।

बिश्नोई ने इस बात पर जोर दिया, हम पूर्ण रूप से गांधी परिवार के साथ खड़े हैं। अगर राहुल जी और प्रियंका जी हैं, तभी कांग्रेस पार्टी है। मेरी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील है कि आप मेहनत करें। हम दोबारा कांग्रेस का स्वर्णिम युग लाएंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आजाद ने रविवार को कहा कि कांग्रेस के नेता आम लोगों से पूरी तरह से कटे हुए हैं और पार्टी में पांच सितारा संस्कृति घर कर गई है। उन्होंने संगठनात्मक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन का आह्वान किया। बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उनका यह बयान आया है। इस चुनाव में पार्टी ने 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से वह केवल 19 सीटों पर जीत दर्ज कर पाई। आजाद ने कहा कि ब्लॉक से लेकर जिला और राज्य स्तर तक चुनाव कराकर पार्टी के ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन की तत्काल जरूरत है।



बिलासपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नैना देवी मन्दिर में पूजा करते हुए।

# केरल में सोना तस्करी मामले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियो पर कोई दबाव नहीं है : केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन

**भाषा।** कोयंबटूर

**विदेश राज्य मंत्री** वी मुरलीधरन ने सोमवार को कहा कि केरल के सोना तस्करी मामले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों पर आरोपियों से मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ बयान दिलवाने के लिए केंद्र का कोई दबाव नहीं है। केरल के भाजपा नेता मुरलीधरन ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रवर्तन निदेशालय हो या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआई), जांच एजेंसियों पर किसी भी तरह का दबाव नहीं है। एजेंसियां अपना काम कर रही हैं और स्वतंत्र तरीके से जांच कर रही हैं।

पिछले दिनों सोना तस्करी मामले में मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश का एक ऑडियो क्लिप आया जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में केरल के मुख्यमंत्री विजयन का नाम लेने के लिए केंद्रीय एजेंसियां उनपर दबाव डाल रही है। विदेश राज्य मंत्री मुरलीधरन से इसी मामले में प्रतिक्रिया के लिए पूछा गया। तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे से राजनयिक सामान से सोना की जब्ती के मामले में केंद्रीय एजेंसियां-एनआईए, सीमा शुल्क विभाग और ईडी अलग-अलग जांच कर रही है। कृषि कानूनों पर कांग्रेस के विरोध को लेकर विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि इन कानूनों से किसानों को फायदा होगा और वे अपनी मर्जी से कहीं भी अपने उत्पाद बेच सकेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना मुरलीधरन ने कहा कि केरल में वायनाड के सांसद को राज्य में कृषि की जमीनी हकीकत को जानना चाहिए और पार्टी कार्यकर्ताओं को बताना चाहिए कि कृषि उत्पाद बेचने में कोई पाबंदी नहीं है।

## पवार के साथ मिलकर सरकार बनाने संबंधी घटना को याद रखने की जरूरत नही है: फडणवीस

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में ठीक एक साल पहले राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर राज्य में 80 घंटे की सरकार बनाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा, घटना को याद रखने की आवश्यकता नहीं है। फडणवीस ने यहां पत्रकारों से कहा कि अगर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास आघाडी सरकार गिरती है, तो उनकी जगह पर आने वाली सरकार का शपथ समारोह भोर में नहीं होगा जैसा कि एक साल पहले हुआ था। पिछले साल राज्य में अक्टूबर में हुए चुनाव के बाद गैर-भाजपा सरकार बनाने के लिए शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के बीच चल रही बातचीत के बीच फडणवीस और पवार ने राजभवन में भोर में हुए एक समारोह में क्रमश: मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, यदि राज्य में वर्तमान सरकार गिरती है तो शपथ ग्रहण समारोह भोर में नहीं होगा। इस तरह की घटनाओं को याद रखने की जरूरत नहीं है।

# कोविड-19 : रात का कर्फ्यू तोड़कर शराब पार्टी और हर्ष फायर, छह युवतियों समेत 16 गिरफ्तार

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**कोविड-19** की रोकथाम के लिए यहां लागू रात का कर्फ्यू तोड़कर शराब पार्टी में शामिल होने पर पुलिस ने छह युवतियों समेत 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस पार्टी के दौरान खुशी में हवा में गोलियां भी दागी गई थीं। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शराब पार्टी में शामिल 16 लोगों को भारतीय दंड विधान की धारा 188 (किसी सरकारी अधिकारी का आदेश नहीं मानना) और धारा 269 (ऐसा लापरवाही भरा काम करना जिससे किसी जानलेवा बीमारी का संक्रमण फैलने का खतरा हो) के तहत रविवार रात द्वारकापुरी क्षेत्र के पैराडाइज गार्डन से गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सूचीबद्ध बदमाश गौरव पुरी उर्फ मोंटू शामिल है। उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्तौल और कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ भारतीय दंड विधान की सम्बद्ध धाराओं के साथ ही शस्त्र अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि शराब पार्टी में तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा था और बार बालाओं को भी बुलाया गया था। पार्टी में शामिल लोगों ने कोविड-19 से बचाव के लिए मास्क नहीं पहन रखा था और वे शारीरिक दूरी के दिशा-निर्देश का उल्लंघन करते हुए नशे में डूबकर नाच रहे थे।

उन्होंने बताया कि मौके से चार पहियों वाली तीन गाड़ियां और एक बाइक के साथ ही लैपटॉप और शराब की बोतलें जब्त की गई हैं। गौरतलब है कि इंदौर, राज्य में कोविड-19 से सबसे ज्यादा प्रभावित जिला है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक करीब 35 लाख की आबादी वाले जिले में 24 मार्च से लेकर 22 नवम्बर तक महामारी के कुल 38,247 मरीज मिले हैं। इनमें से 735 मरीजों की मौत हो चुकी है।

## यूरिया, अन्य उर्वरको को तुरंत पंजाब पहुंचाए सरकार: हरसिमरत

**चंडीगढ़ (भाषा)।** बठिंडा की सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने सोमवार को केंद्र और पंजाब सरकार से राज्य में यूरिया और अन्य उर्वरकों को तुरंत पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि इनकी आपूर्ति में अब और देरी गेहूं की फसल को प्रभावित करेगी। हरसिमरत ने यहां एक बयान में कहा कि गेहूं की फसल के लिए खेतों में यूरिया का पहला प्रयोग नवंबर के मध्य में होता है ताकि अधिक उपज सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा, समय बीत रहा है और अभी तक किसानों को आठ लाख टन यूरिया की आवश्यक आपूर्ति को लेकर कोई निश्चितता नहीं है, जबकि कल फिर से ट्रेन सेवाएं शुरू होने जा रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस की अगुवाई वाली राज्य सरकार टालमटोल कर रही है। मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने आस-पास के इलाकों से सड़क मार्ग से यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया।

## क्विक न्यूज

### फोन पर एक साथ तीन तलाक देने पर व्यक्ति पर मामला दर्ज

**पुणे।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले मे एक महिला ने कथित तौर पर फोन पर एक साथ तलाक दिए जाने पर अपने 32 वर्षीय पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। महिला पहले नौकरी करने दुबई गई थी और हाल ही मे अहमदनगर आई थी। मुंबई मे रहने वाले महिला के पति ने 20 नवंबर को उसे फोन किया और बताया कि वह उसके साथ संबंध नही रखना नही चाहता और उसके साथ रहना भी नही चाहता। व्यक्ति ने कथित तौर पर उसे फोन पर तलाक दे दिया। पीड़ित महिला ने अहमदनगर मे भिंगार कैंप पुलिस थाने मे अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद शनिवार को आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह के अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 2019 के तहत मामला दर्ज किया गया है जिसके अनुसार एक साथ तीन तलाक देने पर प्रतिबंध है। महिला (31) ने ब्यूटी पार्लर संबंधित कोई कोर्स किया था और वह मुंबई मे काम करती थी। बाद मे महिला दुबई चली गई थी और हाल ही मे अहमदनगर लौटी थी जहां उसका फ्लैट है। दंपति की तीन साल की एक बेटी भी है।

### गोवा 2022 विस चुनाव में जीएफपी सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ गठबंधन के लिए तैयार

**पणजी।** गोवा फॉरवर्ड पार्टी के प्रमुख विजय सरदेसाई ने कहा कि वह प्रदेश मे 2022 मे होने वाले विधानसभा चुनाव मे सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ अन्य दलों के गठबंधन को समर्थन करने को तैयार है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल के रविवार को कहा था कि गोवा चुनाव मे उनकी पार्टी कांग्रेस और अन्य समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ गठबंधन करने को तैयार है। इसके बाद सरदेसाई का यह बयान आया है। गोवा की 40 सदस्ईय विधानसभा मे पटेल की पार्टी का एक सदस्य है। कई पार्टियों के नेता पिछले कुछ सप्ताह से उनसे सम्पर्क मे है। सरदेसाई ने ट्वीट किया, प्रफुल्ल पटेल की बात मे सच यह है कि 2017 मे भी मैने आखिरी क्षण तक भाजपा के खिलाफ एक गठबंधन बनाने की कोशिश की थी। जीएफपी के नेता ने कहा, 2022 मे भी यही सत्य रहेगा, मै इस सरकार के खिलाफ फिर इसे करने को तैयार हूं। गोवा 2017 विस चुनाव मे कांग्रेस ने 17, भाजपा ने 13, एमजीपी ने तीन, राकांपा ने एक और निर्दलीय उम्मीदवारो के नाम तीन सीटें रही थी।

### राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री शर्मा संक्रमित


**जयपुर।** राजस्थान के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डा रघु शर्मा कोरोना वायरस संक्रमित पाए गए है। शर्मा ने सोमवार सुबह ट्वीट से इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, कोरोना के शुरूआती लक्षण आने पर मैने अपना टेस्ट करवाया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होने लिखा है कि जो भी लोग पिछले कुछ दिनो मे उनके संपर्क मे आएं है वे खुद को पृथक्वास मे कर अपनी जाँच करवाएं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां सहित अनेक नेताओं ने उनके शीघ्र स्वसथ होने की कामना की है। राज्य मे कोरोना वायरस के कुल संक्रमितो की संख्या 2,43,936 हो गई है जबकि इस महामारी से अब तक 2163 की मौत हो चुकी है।

### माकपा विधायक ने प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की शिकायत की

**कोच्चि।** केरल मे माकपा विधायक एम. स्वराज ने राज्य सरकार द्वारा संचालित केआईआईएफबी के खिलाफ कथित जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन की शिकायत दाखिल की है। ईडी कैग की एक रिपोर्ट के आधार पर केरल बुनियादी ढांचा निवेश कोष बोर्ड (केआईआईएफबी) द्वारा अंतराष्ट्रीय बाजार से रिण लेने के मामले की जांच कर रही है। इस रिपोर्ट को अभी विधानसभा मे पेश नही किया गया है। त्रिपुनीतुरा से विधायक स्वराज ने आरोप लगाया कि नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट विधानसभा मे पेश होने से पहले जांच शुरू करना विधायको के विशेषाधिकार का हनन है। उन्होने यहां पत्रकारो से कहा, मीडिया मे खबर आई है कि ईडी ने कैग की रिपोर्ट के आधार पर केरल बुनियादी ढांचा निवेश कोष बोर्ड (केआईआईएफबी) के खिलाफ जांच शुरू की है। कैग की रिपोर्ट सदन मे पेश होने से पहले उसके आधार पर जांच शुरू करना विधानसभा के विशेषाधिकार का हनन है।

### एनआईए ने बेंगलुरु हिंसा मामले में पूर्व महापौर से की पूछताछ

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियो ने अगस्त मे शहर के कुछ हिस्सो मे हुई हिंसा के सिलसिले मे सोमवार को यहां केन्द्रीय जेल मे कांग्रेस के पार्षद एवं पूर्व महापौर आर संपत राज से पूछताछ की। एनआईए सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने परप्पाना अग्रहार केन्द्रीय कारागार मे राज से पूछताछ की, जहां वह बंद है। हिंसा मामले की जांच कर रही केन्द्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) पुलिस ने हाल मे राज को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने दो पुलिस थानों पर हमले मे उनकी भूमिका का पता लगाने के वास्ते कांग्रेस पार्षद से दो दिनो के लिए पूछताछ की अदालत से अनुमति ली थी।



भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पब्लिक सर्विस सेन्टर को भ्रमण करते हुए लोगों से हाल चाल लेते हुए।

# सीबीआई ने कर्नाटक के पूर्व मंत्री रोशन बेग के आवास पर छापा मारा

**भाषा।** बेंगलुरू

**केन्द्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने करोड़ों रुपए के आई-मॉनेटरी एडवायजरी (आईएमए) पोंजी घोटाले मामले में सोमवार को कर्नाटक के पूर्व मंत्री आर. रोशन बेग के घर पर छापा मारा। सीबीआई ने बेग की गिरफ्तारी के एक दिन बाद यह कार्वाई की। एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि सीबीआई के यहां स्थित कार्यालय के अधिकारियों ने कांग्रेस से निष्कासित नेता बेग के पुलकेशी नगर स्थित आवास पर छापेमारी की।

एजेंसी ने 4000 करोड़ के आईएमए पोंजी घोटाले में दिनभर पूछताछ के बाद रविवार को बेग को गिरफ्तार किया था। कर्नाटक स्थित आईएमए और इसके समूह की कंपनियों द्वारा चलाई जा रही चार हजार करोड़ों रुपए की पोंजी स्कीम में कथित रूप से ऊंचे रिटर्न देने का वादा करके लाखों लोगों को ठगा गया था।

पिछले साल कांग्रेस के खिलाफ बगावत करने वाले बेग को विधायक के तौर पर अयोग्य ठहराया गया था। बेग को रविवार सुबह सीबीआई कार्यालय में पेशी के लिए तलब किया गया था और ठोस सबूतों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।


इसके बाद शिवाजी नगर से पूर्व विधायक बेग को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल भेज दिया गया था। यह घोटाला पिछले साल जून में तब सामने आया जब पोंजी स्कीम संचालक मोहम्मद मंसूर खान बेग और कुछ सरकारी अधिकारियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए देश से फरार हो गया।

# नीतीश को लव जिहाद का कानून लाने दें, फिर हम सोचेंगे: राउत

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना सांसद संजय राउत** ने सोमवार को कहा कि पहले नीतीश कुमार नीत बिहार सरकार को लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने दें, उसके बाद महाराष्ट्र सरकार इस संबंध में विचार करेगी। राउत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता लव जिहाद के खिलाफ कानून की मांग कर रहे हैं। भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने पिछले सप्ताह कहा था कि देश में लव जिहाद की घटनाएं हो रही हैं और ऐसे में इससे निपटने के लिए कानून बनाना उचित है।

भाजपा शासित कुछ राज्यों ने इस तथाकथित लव जिहाद को रोकने के लिए अपनी-अपनी योजनाओं की घोषणा की है। राउत ने कहा कि संभवत: भाजपा पश्चिम बंगाल में आसन्न विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस मुद्दे को उछाल रही है। राज्यसभा



सदस्य ने कहा, महाराष्ट्र के कुछ प्रमुख भाजपा नेता पूछ रहे हैं कि (राज्य में) कब लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाया जाएगा। मैंने आज सुबह मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से इसपर बात की। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने कहा, इस मुद्दे पर हम सिर्फ यह कहना चाहते हैं कि पहले (भाजपा शासित) उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में कानून बनने दें। लेकिन, जब बिहार में कानून बनेगा, जब नीतीश कुमार जी इसे बनाएंगे, तब हम उसका समग्रता में अध्ययन करेंगे। राउत ने कहा, उसके बाद हम महाराष्ट्र में इसपर विचार करेंगे।

## मुठभेड़ में एक महिला माओवादी समेत तीन माओवादी ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक महिला माओवादी समेत तीन माओवादियों को मार गिराया है। वहीं इस घटना में सशस्त्र सीमा बल का जवान घायल हो गया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने सोमवार को भाषा को बताया कि कांकेर जिले के ताड़ोकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोसरंडा गांव के करीब सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक महिला माओवादी समेत तीन माओवादियों को मार गिराया है। सुंदरराज ने बताया कि कोसरंडा गांव स्थित सशस्त्र सीमा बल :एसएसबी: के 33वीं बटालियन के शिविर से एसएसबी और जिला बल के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था। आज सुबह करीब आठ बजे दल जब क्षेत्र में था तब माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि माओवादियों के हमले का सुरक्षा बलों ने भी जवाब दिया।

# अंतरराष्ट्रीय प्रेस संस्थान ने केरल सरकार के अध्यादेश की निंदा की

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय प्रेस संस्थान ने सोमवार को केरल सरकार के उस अध्यादेश की सोमवार को निंदा की जिसमें राज्य पुलिस अधिनियम में एक विवादास्पद संशोधन किया गया था। आईपीआई ने कहा, राज्य में मीडिया का गला घोंटने का यह खतरनाक और द्वेषपूर्ण प्रयास है। विएना में स्थित अंतरराष्ट्रीय प्रेस संस्थान की भारतीय शाखा (चैप्टर) ने कहा कि केरल अध्यादेश के जरिए केरल पुलिस अधिनियम में एक नई धारा जोड़ी गई जिसके तहत अगर कोई शख्स मीडिया के जरिए किसी व्यक्ति की मानहानि या अपमान करने वाली किसी सामग्री का उत्पादन करता है, प्रकाशित करता है या प्रसारित करता है तो उसे तीन साल साल की कैद हो सकती हैं।

आईपीआई इंडिया ने इस अध्यादेश की निंदा उस दिन की जब केरल की माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक सरकार ने अलग-अलग वर्गों की आलोचना के बाद राज्य पुलिस अधिनियम में विवादित संशोधन पर सोमवार को रोक लगा दी। भारतीय राष्ट्रीय समिति, अंतरराष्ट्रीय प्रेस संस्थान, के अध्यक्ष एन रवि द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि आईपीआई ने मांग की कि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को तुरंत इस अध्यादेश को रद्द कर देना चाहिए, जिसमें भारतीय संविधान के तहत स्वतंत्रता की गारंटी को दबाने का असंवैधानिक और गैरकानूनी प्रयासै किया गया है। अंतरराष्ट्रीय प्रेस संस्थान केरल में उस काले अध्यादेश की कड़े शब्दों में निंदा करता है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता पर "सबसे गंभीरै कानूनी हमला करता है। आईपीआई इंडिया ने कहा कि संदर्भ और परिस्थितियों से यह स्पष्ट होता है कि अध्यादेश किसी भी कमजोर समूह की रक्षा करने के बजाय सरकार के आलोचकों को चुप कराने का ऐसे समय में एक कुत्सित प्रयास था।



पटना में भाजपा विधायक बिहार विधानसभा के 17वें सत्र में जाते हुए।

# वर्ष 2014 से 2029 तक की अवधि बहुत महत्वपूर्णः मोदी

## ● प्रधानमंत्री ने संसद सदस्यों के लिए बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री मोदी सांसदों के लिए दिल्ली के डॉ. बीडी मार्ग पर बनाए गए बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करते हुए

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने सोमवार को इस बात पर जोर दिया कि वर्ष 2014 से 2029 तक की अवधि भारत जैसे युवा लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल देश के विकास के लिए ऐतिहासिक रहे और आगामी वर्षों के दौरान बहुत कुछ किया जाना बाकी है जो देश को नए दशक में आगे ले जाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने ये बातें सांसदों के लिए राजधानी दिल्ली के डॉ. बीडी मार्ग पर बनाए गए बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कही। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले डेढ़ साल के भीतर सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों के चलते 17वीं लोकसभा का कार्यकाल अभी से इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय शहरी आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद पटेल और संसद की आवास समिति के अध्यक्ष सी आर पाटिल भी शामिल हुए।मोदी ने कहा कि सामान्य तौर पर यह कहा जाता है कि युवाओं के लिए 16, 17, 18 साल की उम्र बहुत महत्वपूर्ण होती है और ठीक उसी प्रकार 16, 17, 18 की ए उम्र किसी युवा लोकतंत्र के लिए भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 2019 के चुनाव के साथ ही हमने 16वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा किया है। यह समय देश की प्रगति के लिए, देश के विकास के लिए बहुत ही ऐतिहासिक रहा है। 2019 के बाद से 17 वीं लोकसभा का कार्यकाल शुरू हुआ है। इस दौरान भी देश ने जैसे निर्णय लिए हैं, जो कदम उठाए हैं, उनसे यह लोकसभा अभी से ही इतिहास में दर्ज हो गई है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि 18 वीं लोकसभा भी देश को नए दशक में आगे ले जाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, देश के सामने इतना कुछ है जो हमें इस दौरान हासिल करना है। चाहे आत्मनिर्भर भारत अभियान हो, अर्थव्यवस्था से जुड़े लक्ष्य हों, या ऐसे ही कितने और संकल्प, ए सब हमें इसी दौरान ही सिद्ध करने हैं। उन्होंने कहा, 16वीं, 17वीं और 18वीं लोकसभा का कालखंड हमारे युवा देश के लिए बहुत अहम है। देश के लिए इस महत्वपूर्ण समय का हम सबको हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हम सबकी जिम्मेदारी है जब इतिहास में लोकसभा के अलग-अलग कार्यकालों का अध्ययन किया जाए तो ए कार्यकाल देश की प्रगति के स्वर्णिम अध्याय के तौर पर याद किए जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश की कार्य प्रणाली में, शासन में एक नई सोच और नया तौर तरीका दिखाई दे रहा है और यही कारण है कि देश की संसद आज एक नए भारत के लिए कदम बढ़ा रही है तथा बहुत तेजी के साथ फैसले ले रही है। उन्होंने कहा, पिछली 16वीं लोकसभा ने पहले की तुलना में 15 प्रतिशत ज्यादा विधेयक पारित किए। 17वीं लोकसभा के पहले सत्र में तय समय से 135 प्रतिशत काम हुआ। राज्यसभा ने भी शत प्रतिशत काम किया। ए प्रदर्शन पिछले दो दशकों में सबसे ज्यादा है। पिछली सर्दियों में भी लोकसभा की उत्पादकता 110 प्रतिशत से ज्यादा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों ने ध्यान नहीं दिया होगा लेकिन 16वीं लोकसभा में 60 प्रतिशत बिल ऐसे रहे हैं जिन्हें पास करने के लिए औसतन दो से तीन घंटे तक की बहस हुई है।उन्होंने कहा, हमने पिछली लोकसभा से ज्यादा विधेयक पारित किए लेकिन फिर भी हमने पहले से ज्यादा बहस की है। ए दिखाता है कि हमने उत्पाद पर भी फोकस किया है और प्रक्रिया को भी निखारा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पिछले डेढ़ साल में सरकार की ओर से उठाए गए कदमों का जिक्र किया और कहा कि इस दौरान जहां जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्त कराया गया वहीं तीन तलाक जैसी प्रथा को समाप्त किया गया। उन्होंने कहा, सिर्फ बीते एक डेढ़ वर्ष की बात करें तो देश ने किसानों को बिचौलियों के चंगुल से आजाद कराने का काम किया है, ऐतिहासिक लेबर रिफॉर्म्स किए हैं, कामगारों के हितों को सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा, देश ने जम्मू कश्मीर के लोगों को भी विकास की मुख्यधारा और अनेक कानूनों से जोड़ने का काम किया है। पहली बार जम्मू कश्मीर में अब करप्शन के खिलाफ काम हो सके ऐसे कानून बन पाए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों से चली आ रही समस्याएं, टालने से नहीं, उनका समाधान खोजने से समाप्त होती हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ सांसदों के निवास ही नहीं बल्कि यहां दिल्ली में ऐसे अनेकों परियोजनाएं थीं जो कई-कई बरसों से अधूरी थी, लटकी पड़ी थी। कई इमारतों का निर्माण इस सरकार के दौरान ही शुरू हुआ और तय समय में, तय समय से पहले समाप्त भी हुआ। इस कड़ी में उन्होंने अंबेडकर नेशनल मेमोरियल, केंद्रीय सूचना आयोग की इमारत, वॉर मेमोरियल और पुलिस मेमोरियल का उल्लेख किया।इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने बताया कि इसके निर्माण में 27 माह लगे और इसमें कुल लागत 188 करोड रुपए की आई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में अनुमानित लागत से 30 करोड़ की बचत की गई।उन्होंने कहा कि लोकसभा के गठन के बाद सांसदों के आवास की अक्सर दिक्कतें आया करती थी और उन्हें होटलों में ठहराया जाता था जिससे सरकार पर आर्थिक बोझ भी पड़ता था। उन्होंने उम्मीद जताई कि 18 वीं लोकसभा की जब शुरुआत होगी तो किसी भी सांसद को होटल में ठहरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।




जबलपुर में कोरोना वायरस को लेकर जागरूकता फैलाते सुरक्षकर्मी

# ओवैसी की पार्टी के विधायक ने उर्दू में शपथ ली

## ● हिंदुस्तान की जगह भारत शब्द के उपयोग पर जोर दिया

**भाषा।** पटना

**बिहार विधानसभा** में सोमवार को एआईएमआईएम के एक नवनिर्वाचित सदस्य ने उर्दू में शपथ लेते हुए हिंदुस्तान शब्द के स्थान पर भारत शब्द का उपयोग किया और इसी नाम के उपयोग की वकालत भी की। उर्दू में शपथ ग्रहण के दौरान हिन्दुस्तान के स्थान पर भारत शब्द के उपयोग को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। असदुद्दीन ओवैसी कह पार्टी एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान ने उर्दू में शपथ लेने के क्रम में उसके प्रारूप में लिखित हिंदुस्तान के बजाय संविधान में प्रयुक्त शब्द भारत का उपयोग करने का अनुरोध किया। इसपर सदन के प्रोटेम स्पीकर जीतन राम मांझी ने कहा कि भारत का संविधान तो हमेशा से चला आ रहा है, आज कोई नई बात नहीं है, सभी उसी नाम पर शपथ लेते हैं। शपथ ग्रहण के बाद जब पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि उन्हें हिंदुस्तान शब्द से क्या आपत्ति है, इमान ने कहा, मुझे इस शब्द को लेकर कोई आपत्ति नहीं थी, मात्र एक संशोधन था। संविधान की प्रस्तावना में हम भारत के लोग का वर्णन है इसलिए उसका अनुवाद किए जाने के समय उसमें भारत शब्द का होना ज्यादा मुनासिब है। मुझे हिंदुस्तान शब्द से कोई एतराज नहीं पर, लेकिन संविधान में भारत शब्द का ज्यादा इस्तेमाल हुआ है इसलिए हमारे दृष्टिकोण से इस शब्द का जैसा कि अन्य भाषाओं में अनुवाद किए जाने के दौरान भारत ही किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### जावड़ेकर ने टीआरपी केंद्रित पत्रकारिता की निंदा की

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने टीआरपी-केंद्रित पत्रकारिता को अस्वीकार करते हुए कहा कि 50 हजार घरो मे लगाए गए मीटर करोड़ो लोगो की राय को तय नही कर सकते है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र मे प्रेस की स्वतंत्रता को किसी भी कीमत पर बनाए रखा जाना चाहिए, लेकिन मीडिया को यह याद रखना चाहिए कि स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है। जावड़ेकर ने भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के एक कार्यक्रम में कहा, टीआरपी-केंद्रित पत्रकारिता अच्छी नही है। पचास हजार घरों मे स्थापित मीटर 22 करोड़ की राय को माप नही सकते। हम इसकी परिधि का विस्तार करेंगे ताकि हम जान सकें कि लोग क्या देखते है और वे क्या देखना चाहते है। उन्होने मीडिया के छात्रो को सनसनीखेज या टीआरपी-केंद्रित पत्रकारिता के जाल में नही फंसने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वे स्वस्थ पत्रकारिता के गुर सीखें और समाज में जो कुछ अच्छा काम हो रहा है उसे भी समाचार मानकर लोगों तक पहुंचाएं। जावड़ेकर ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए आईआईएमसी के उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि लोगो को डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र मे उभर रहे बदलाव का स्वागत करना चाहिए और इससे लाभ प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया की आजादी लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आयाम है और इसे संभालकर रखना है। उन्होने कहा, लेकिन हमे यह ध्यान रखना चाहिए कि स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है। इसलिए हम मे से हर एक को जिम्मेदार होना होगा। पत्रकार के रूप में आप खबर के हर पहलुओं को समझते हैं, लेकिन आपकी रिपोर्टिंग ऐसी हो जो समाज को सही दिशा मे ले जाए। मंत्री ने कहा कि पत्रकारिता एक जिम्मेदारी है, लोगो को गुमराह करने का यंत्र नही है। जावड़ेकर ने कहा कि पत्रकारिता का पहला सबक यह है कि लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाली हर चीज समाचार है और इसे मीडिया मे पर्याप्त जगह मिलनी चाहिए। इस संबंध मे, उन्होने केंद्र सरकार की कई योजनाओ की जानकारी दी जिन्होंने नागरिको की मदद की है। मंत्री ने कहा कि लगभग दो लाख गांवो मे फाइबर कनेक्टिविटी ने ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों लोगो के जीवन को बदल दिया है।इस ऑनलाइन कार्यक्रम मे आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक के. सतीश नम्बूदिरिपाड सहित आईआईएमसी के सभी केंद्रों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सोना तस्करी मामले में शिवशंकर की मुश्किलें बढ़ीं

**कोच्चि।** पीएमएलए के लिए एक विशेष अदालत ने सीमा शुल्क विभाग को निलंबित आईएएस अधिकारी एम शिवशंकर को केरल के सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार करने की सोमवार को अनुमति दे दी। शिवशंकर फिलहाल न्यायिक हिरासत मे है। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के लिए अदालत ने शिवशंकर की गिरफ्तारी के संबंध मे सीमा शुल्क विभाग के अनुरोध को स्वीकार लिया। विभाग ने दावा किया कि शिवशंकर के खिलाफ उसके पास ऐसे सबूत है, जिससे सोना तस्करी मामले मे उनकी संलिप्तता का संकेत मिलता है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के पूर्व प्रधान सचिव शिवशंकर को धन शोधन मामले की जांच मे प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था और अभी वह जेल मे है। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि हवाई अड्डा से सोना जब्ती के मामले मे मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश समेत 15 लोगो को उसने गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने कहा कि जांच मे यह तथ्य सामने आया है कि मामले मे पांचवें आरोपी बनाए गए शिवशंकर की भी संलिप्तता थी। तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे से राजनयिक सामान से सोना की जब्ती के मामले मे केंद्रीय एजेंसियां-एनआईए, सीमा शुल्क विभाग और ईडी अलग-अलग जांच कर रही है।

### कश्मीरी विस्थापितों के लिए त्रुटिपूर्ण डाक मतपत्र अधिसूचना जारी की गईः भाजपा

**जम्मू।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू कश्मीर इकाई ने आगामी जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव के वास्ते कश्मीरी विस्थापितों के लिए त्रुटिपूर्ण और भेदभावकारी डाक मतपत्र अधिसूचना जारी करने को लेकर प्रदेश चुनाव आयोग की सोमवार को आलोचना की। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह कश्मीर घाटी में डीडीसी चुनाव से इस समुदाय को बाहर रखने के लिए यह नौकरशाही के स्तर पर जान बूझकर किया गया प्रयास है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व विधानपरिषद सदस्य जी एल रैना ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि विस्थापित कश्मीरी पंडित समुदाय को कश्मीर मे डीडीसी चुनाव से बाहर रखा गया है। उन्हें प्रदेश चुनाव आयोग द्वारा डाक मतपत्र योजना की गलत, त्रुटिपूर्ण और भेदभावकारी अधिसूचना जारी करके जान बूझकर मताधिकार से वंचित रखा जा रहा है। दस नवंबर को अधिकारियो ने कहा था कि प्रदेश चुनाव आयोग ने आगामी डीडीसी चुनाव मे डाक मतपत्र योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए एक प्रणाली प्रस्तुत की है ताकि कश्मीरी प्रवासियों की अधिकतम हिस्सेदारी हो।

# तमिलनाडु में गंभीर चक्रवाती तूफान आने की संभावना

## ● सरकार ने की हालात की समीक्षा

**भाषा।** चेन्नई

**बंगाल की** खाड़ी के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र के मंगलवार को चक्रवाती तूफान में बदलने और इसके अगले दिन तट के पास से गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में गुजरने की संभावना के बीच तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को हालात की समीक्षा की और जिला प्रशासनों को सतर्क रहने को कहा। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण पश्चिम एवं निकटवर्ती दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर दबाव का क्षेत्र 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तरपश्चिमी दिशा की ओर बढ़ा और सोमवार पूर्वाह्न 11 बजकर 30 मिनट पर इसी क्षेत्र पर केंद्रित रहा। यह पुडुचेरी से करीब 520 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व और चेन्नई से 560 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में केंद्रित रहा।आईएमडी ने एक बुलेटिन में बताया कि इस कम दबाव के क्षेत्र के आगामी 24 घंटे में एक चक्रवाती तूफान के रूप में बदलने की संभावना है। उसने कहा, यह संभवतः पूर्वपश्चिमी दिशा की ओर बढ़ेगा और इसके 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में 25 नवंबर के पास कराईकल और मामल्लापुरम के बीच तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से गुजरने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने चेतावनी दी कि इसके कारण 24 नवंबर से 26 नवंबर के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में बारिशागरज के साथ बौछारें पड़ने की बहुत संभावना है।इसके अलावा पुडुकोट्टई, तंजावुर, तिरुवरुर, कराइकल, नगापट्टिनम, कुड्डालोर, अरियालुर और पेरम्बलुर, कल्लाकुरीची, पुडुचेरी, विल्लुपुरम, तिरुवन्नमलाई और चेंगलपट्टू में बुधवार और बृहस्पतिवार के बीच अत्यधिक भारी बारिश होने की आशंका है। इसी के परिणामस्वरूप नगापट्टिनम में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है और मछुआरों को 26 नवंबर तक समुद्र में नहीं जाने को कहा गया है।



चक्रवाती तूफान के खतरे की सूचना पर अपनी नावों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते मछुआरे

## पेज एक का शेष

### दिल्ली, महाराष्ट्र व...

तथा दिल्ली के अन्य अस्पतालों को जरूरी निर्देश भी जारी करे और पैनल यह सुनिश्चित करे सप्ताह में कम से कम वह एक बार हर अस्पताल का दौरा करे।

### कोरोना की निगेटिव...

का जुर्माना देना होगा। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने पर 1,000 रुपए जुर्माने का प्रावधान है। वहीं तीसरी बार थूकते हुए पकड़े जाने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना और 5 दिन की सार्वजनिक सेवा देनी होगी। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग सबके लिए अनिवार्य है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को राज्य की जनता को संबोधित करते हुए साफ किया था कि वे फिलहाल राज्य में लॉकडाउन नहीं चाहते हैं, लेकिन स्थिति को देखते हुए आगे फैसला लिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि हमें कोरोना के खिलाफ लड़ाई जीतनी है। इसलिए मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारा में भीड़ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा था, 'कोरोना संकट खत्म नहीं हुआ है। पश्चिम (महाराष्ट्र) ने कोरोना संकट को अधिक गंभीरता से लिया है। पहली की तुलना में कोरोना की दूसरी और तीसरी लहर एक सुनामी जैसी होगी।' महाराष्ट्र में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 17 लाख, 80 हजार. 208 हो गया है। इनमें 81 हजार 512 मरीजों का इलाज चल रहा है। 16 लाख 51 हजार 64 लोग अब तक ठीक हो चुके हैं। संक्रमण से जान गंवाने वालों की संख्या अब 46 हजार, 623 हो गई है।

### उप्र में सभागारों ...

सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव द्वारा भेजे गए निर्देश के मुताबिक निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर विवाह सहित समस्त सामाजिक, शैक्षिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रमों और अन्य सामूहिक गतिविधियों के संबंध में अब नए दिशा-निर्देश प्रभावी होंगे। इसके तहत किसी भी बंद स्थान मसलन हॉल या कमरे की निर्धारित क्षमता का 50 प्रतिशत किंतु एक समय में अधिकतम 100 व्यक्तियों को ही मौजूद रहने की अनुमति रहेगी। सभी के लिए मास्क लगाना, दो गज की दूरी, थर्मल स्कैनिंग और हाथ धोने की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। वहीं किसी मैदान या खुले स्थान में होने वाले आयोजनों में स्थल की क्षमता के अधिकतम 40 प्रतिशत लोगों के एक समय पर उपस्थिति रहने की अनुमति होगी। अन्य नियम यथावत रहेंगे। इससे पहले सरकार ने किसी भी हॉल में अधिकतम 200 लोगों की उपस्थिति को मंजूरी दी थी।

### पूरे एलएसी पर ...

'चीन के रणनीतिक मकसद बदल गए हैं। चीन पिछले तीन सालों से भारतीय सीमा के पास अब अपने हवाई ठिकानों, हवाई रक्षा तथा हेलीपोर्ट्स की संख्या दोगुनी कर रहा है।' स्टार्टफॉर दुनिया का अग्रणी भूराजनैतिक खुफिया मंच है। इसके अलावा उसकी करतूत का पता न चले इससे बचने के लिए चीन ने नया तरीका अपनाया है। वह खूबसूरत घर, मनोरंजन की सुविधाएं तथा एलएसी के तथाकथित नागरिक प्रोजेक्ट के हिस्से के तौर सड़कों का निर्माण कर रहा है।

ये खूबसूरत घर छोटे सैन्य स्टेशन हैं, जहां पर स्थानीय लोगों को नजदीक नहीं आने दिया जाता। इनमें अधिकांश को डोकलाम के पास भूटान-चीन सीमा पर टोरसा नदी के पास बनाया गया है। इन निर्माणों के अलाबा चीन पूरे तिब्बत क्षेत्र में तेजी से रोड नेटवर्क तैयार कर रहा है। साथ ही वह इस क्षेत्र में अपने पांच महत्वपूर्ण एयरफील्ड को अपग्रेड कर रहा जिससे कि चीनी लड़ाकू विमान यहां पर उतर सकें और उड़ान भर सकें। ये एयरफील्ड लद्दाख क्षेत्र में एलएसी के पास स्थित हैं। सूत्रों ने कहा कि इन गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए भारत किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए अपनी ऑपरेशनल तैयारियों में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेगा। साथ ही उसने जाड़े के मौसम में लद्दाख मे अपने सैनिकों की तैनाती के लिए जरूरी तैयारियां पूरी कर ली है।

### कोविड-19 रोकने ...

और इसका जनस्वास्थ्य आपात स्थिति पर तत्काल असर होगा। इस बीच ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, यह बहुत ही उत्साहजनक खबर है कि ऑक्सफोर्ड टीका परीक्षणों में इतना कारगर साबित हुआ है। आगे भी और सुरक्षा संबंधित परीक्षण जारी है लेकिन ये बहुत ही शानदार नतीजा है।

### विरोध के बाद...

कहा गया कि यह लोकतंत्र की आवाज को दबाने का एलडीएफ सरकार की कोशिश है। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने भी इस कानून पर पुनर्विचार करने की बात कही थी। विजयन ने कहा कि एलडीएफ के सहयोगी दलों और लोकतंत्र समर्थक तमाम वर्गों की ओर से इस पर चिंता जताई जा रही थी, लिहाजा कानून में बदलाव को लागू नहीं किए जाने का निर्णय किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की जाएगी और सभी दलों की राय जानने के बाद इस पर आगे निर्णय लिया जाएगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को केरल पुलिस एक्ट में बदलाव से जुड़े अध्यादेश को मंजूरी दी थी। इसके बचाव में रविवार को विजयन ने कानून में बदलाव के बारे में कहा था कि केरल पुलिस एक्ट में संशोधन किसी भी तरह से निष्पक्ष पत्रकारिता या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने के लिए नहीं किया जाएगा।

# सेंगर की अपील पर जवाब के लिए सीबीआई को समय मिला

## ● हिरासत में मौत का मामला

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उस अपील पर स्थिति रिपोर्ट दायर करने के लिए सीबीआई को समय प्रदान कर दिया जिसमें उसने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत के मामले में अपनी दोषसिद्धि और 10 साल कैद की सजा को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति अनु मल्होत्रा ने सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दायर करे। मामले में अगली सुनवाई 12 जनवरी को होगी।

उच्च न्यायालय ने सेंगर की अपील पर छह नवंबर को सीबीआई को नोटिस जारी किया था और उससे दोषी के उस आवेदन पर भी जवाब देने को कहा था जिसमें अपील के लंबित रहने तक सजा को निलंबित किए जाने का आग्रह किया गया है। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने स्थिति रिपोर्ट दायर करने के लिए और समय मांगा तथा कहा कि मामले के जांच अधिकारी हाथरस कांड से संबंधित मामले की जांच भी कर रहे हैं जिसके चलते वह जवाब दायर नहीं कर सके। सेंगर की ओर से पेश वकील कन्हैया सिंघल ने कहा कि सजा को निलंबित करने का उनका मजबूत मामला है और सीबीआई के जवाब दायर करने के बाद वह अपनी दलीलें पेश करेंगे। उन्नाव में नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में सेंगर को जीवन के अंतिम समय तक कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले में दोषसिद्धि के बाद 25 फरवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा की उसकी सदस्यता निरस्त कर दी गई थी। बलात्कार पीड़िता के पिता को सेंगर के कहने पर शस्त्र कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था और हिरासत में पुलिस की ज्यादती के चलते नौ अप्रैल 2018 को उनकी मौत हो गई थी। हिरासत में पीड़िता के पिता की मौत के मामले में निचली अदालत ने चार मार्च को सेंगर, उसके भाई और पांच अन्य को दोषी ठहराया था तथा 13 मार्च को उन्हें 10 साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। निचली अदालत ने सेंगर पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। सेंगर ने अपनी दोषसिद्धि और सजा के निचली अदालत के फैसले को दरकिनार किए जाने का आग्रह किया है। उसने अपनी अपील में कहा है, निष्पक्ष मुकदमे के लिए आवश्यक है कि जांच एजेंसी, अभियोजन और गवाह अदालत के समक्ष सच्चे तथ्य पेश करें और फिर वह अदालत, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मुकदमा सुनिश्चित करे...। सेंगर ने दावा किया कि यह मामला लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और दो राजनीतिक गुटों के बीच काफी गहरी शत्रुता का परिणाम है।

## लीवरपूल ने प्रीमियर लीग में लीसेस्टर को हराया

**लीवरपूल।** लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में रविवार को लीसेस्टर को 3-0 से हराकर इस शीर्ष फुटबॉल लीग के लगातार 64 मैचो मे अजेय रहने का रिकॉर्ड बनाया। डियोग ओ योटा भी लीवरपूल की ओर से खेलते हुए प्रीमियर लीग के अपने पहले चार घरेलू मैचो मे गोल दागने वाले पहले खिलाड़ी बने। योटा ने हैडर पर गोल दागा जबकि रॉबर्टो फिरमिनो ने भी लीवरपूल की ओर से एक गोल किया। टीम के खाते मे एक अन्य गोल तब जुड़ा जब जॉनी इवान्स ने पहले हाफ मे आत्मघाती गोल किया।

## इब्राहिमोविच के दो गोल से मिलान ने नैपोली को हराया

**मिलान।** ज्लाटन इब्राहिमोविच के दो गोल की बदौलत एसी मिलान ने रविवार को नैपोली को 3-1 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। बेहतरीन फॉर्म मे चल रहे इब्राहिमोविच के मौजूदा सत्र मे छह मैचो मे 10 गोल हो गए है। एसी मिलान की ओर से एक अन्य गोल एन्स पीटर हॉग ने किया। नैपोली की ओर से एकमात्र गोल ड्राइस मर्टेन्स ने किया। इस जीत से मिलान के आठ मैचो मे 20 अंक हो गए है और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। दूसरे स्थान पर मौजूद सासुओलो के 18 अंक है और उसने वेरोना को 2-0 से शिकस्त दी।

## सोसीदाद ने जीत के साथ स्पेनिश लीग में बढ़त बनाई

**मैड्रिड।** रीयाल सोसीदाद ने अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए केडिज को रविवार को 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग मे लगातार छठी जीत के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर तीन अंक की बढ़त बना ली। मैच का एकमात्र गोल एलेक्सांद्र इसाक ने किया। इस जीत से सोसीदाद के 23 अंक हो गए है और उसने एटलेटिको मैड्रिड को पीछे छोड़ा जिसने शनिवार को अपने घरेलू मैदान पर बार्सीलोना को 1-0 से शिकस्त दी। एटलेटिको ने हालांकि सोसीदाद के 10 के मुकाबले अभी आठ ही मैच खेले है। तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल के 19 अंक है और उसने शनिवार को चौथे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड से 1-1 से ड्रॉ खेला।


## क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, बांग्लादेश दौरे पर तीन की जगह दो टेस्ट खेल सकते हैं

**ढाका।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने संकेत दिए है कि कोविड-19 महामारी के कारण दबाव को देखते हुए बांग्लादेश के खिलाफ अगले साल की शुरुआत मे होने वाली टेस्ट श्रृंखला तीन की जगह दो मैचो की हो सकती है।

सीडब्ल्यूआई ने आश्वासन दिया कि तीन टेस्ट, इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचो की जनवरी मे होने वाली श्रृंखला के लिए सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध टीम भेजी जाएगी लेकिन वे चाहते है कि पांच दिवसीय मैचो की संख्या कम हो।

# आस्ट्रेलिया दौरे की कड़ी चुनौती के लिए तैयार गिल

## कहा-कोई व्यक्तिगत लक्ष्य नही बनाया



**भाषा।** सिडनी

युवा क्रिकेटर शुभमन गिल आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं लेकिन उन्होंने आगामी दौरे के लिए कोई व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है, जहां अच्छा प्रदर्शन उन्हें भारतीय टीम में स्थान पक्का करने में मददगार साबित हो सकता है। गिल ने अभी तक भारत के लिए केवल दो वनडे खेले हैं और वह शुक्रवार से शुरू होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे के लिए सीमित ओवर के साथ टेस्ट टीम का भी हिस्सा हैं। गिल ने अपनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) द्वारा ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह मेरा आस्ट्रेलिया का पहला दौरा है तो मैं सचमुच काफी उत्साहित हूं। बचपन से ही मैंने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मैच देखे हैं। मैं काफी उत्साहित हूं। केकेआर के साथ आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद 21 वर्षीय बल्लेबाज आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ। गिल ने संयुक्त अरब अमीरात में हाल में समाप्त हुई आईपीएल के 14 मैचों में 440 रन बनाए। मेरे काफी दोस्त भी टीम के साथ जा रहे हैं तो यह काफी रोमांचक होगा। लेकिन निश्चित रूप से जब अभ्यास सत्र शुरू होता है तो यह पूरी तरह से अलग स्थिति होती है। मैंने कोई व्यक्तिगत लक्ष्य नहीं बनाया है लेकिन मैं इस दौरे पर अच्छा करने के लिए उत्साहित हूं। गिल को इस साल के शुरू में न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला के लिए चोटिल रोहित शर्मा की जगह शामिल किया गया था। उन्होंने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ अनधिकृत टेस्ट में भारत ए के लिए नाबाद 204 और अर्धशतक जड़ने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई थी।

## विराट ने कहा कि मुश्किल हालात मुझे मजबूत बनाएंगे: सिराज

**सिडनी।** अपने पिता के निधन के बावजूद परिवार से दूर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ कड़ी श्रृंखला की तैयारी मे कप्तान विराट कोहली की मजबूत बनने सलाह ने उनकी काफी मदद की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सिराज को स्वदेश वापस लौटने का विकल्प दिया था लेकिन इस तेज गेंदबाज ने राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने का फैसला किया। छब्बीस साल के सिराज ने यहां भारतीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के इतर कहा, विराट भाई ने कहा कि मियां तनाव मत लो और मजबूत बनो। तुम्हारे पिता चाहते थे कि तुम भारत के लिए खेलो। इसलिए ऐसा करो और तनाव मत लो। कप्तान ने मुझे कहा कि अगर इस स्थिति में तुम मजबूत बन पाए तो इससे तुम्हे मदद ही मिलेगी। ए भारतीय कप्तान के सकारात्मक शब्द थे और इन्हे सुनकर काफी अच्छा लगा। क्रिकेटर के रूप मे सिराज के शुरुआती वर्षो मे उनके पिता आटोरिक्शा चलाते थे और इस क्रिकेटर पर उनका काफी प्रभाव है। यह मेरे लिए काफी बड़ा नुकसान है क्योंकि वह मेरे सबसे बड़े समर्थक थे। वह चाहते थे कि मै अपने देश के लिए चमकूं और मै अब उनके सपनो को साकार करना चाहता हूं। सिराज ने अपना साथ देने वाले टीम के अपने साथियो को भी धन्यवाद दिया। मै टीम के अपने साथियो का आभारी हूं कि उन्होंने इस मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और हर चीज का ख्याल रखा। उनकी मां ने भी उन्हे दौरे से वापसी नही लौटने की सलाह दी जिसकी शुरुआत 27 नवंबर से सीमित ओवरो के मुकाबले के साथ होगी। अम्मी ने कहा कि एक दिन सभी को जाना होता है। आज तुम्हारे पिता गए, कल मै हो सकती हूं। वही करो जो तुम्हारे पिता चाहते थे। भारत के लिए खेलो। शायद वह शारीरिक रूप से मौजूद नही हो लेकिन मै महसूस कर सकता हूं कि वह हमेशा मेरे साथ मौजूद है।

## भारतीय टीम को देखते हुए सूर्यकुमार यादव को इसमें होना चाहिए था: लारा

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा को लगता है कि सूर्यकुमार यादव की काबिलियत वाले बल्लेबाज को आस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली भारत की सफेद गेंद की टीम मे शामिल होना चाहिए था। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट कनेक्टिड मे कहा, मुझे कोई कारण नही दिखता, भारतीय टीम को देखते हुए वह इसका हिस्सा क्यो नही हो सकता? वह सिर्फ सूर्यकुमार यादव के रनों से ही नही है बल्कि उन्होंने जिस तरह से रन जुटाए है, उससे भी प्रभावित है। उन्होंने कहा, हां, निश्चित रूप से। वह बेहतरीन खिलाड़ी है। मै सिर्फ खिलाड़ियों को उनके रन बनाने से नही देखता बल्कि उनकी तकनीक, दबाव को झेलने की काबिलियत और वे किस स्थान पर बल्लेबाजी कर रहे है, इन सभी को देखता हूं तो मेरे लिए सूर्यकुमार यादव ने मुंबई के लिए काफी शानदार काम किया है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को टीम मे शामिल नही करने के लिए जो कारण बताया गया है कि वो लाइन-अप मे जगह की कमी बताया गया। लारा ने कहा कि वह तीसरे नंबर के स्थान के लिए फिट बैठता है। वह रोहित शर्मा और क्विंटन डि कॉक के बाद बल्लेबाजी के लिए आता और हर बार वे दबाव मे होते तो वह तीसरे स्थान पर आता।

## स्टोइनिस एक साल पहले की तुलना में पांच गुना बेहतर खेल रहा है : पोंटिंग



**मेलबर्न।** महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का मानना है कि हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस एक साल पहले की तुलना में पांच गुना बेहतर खेल रहे हैं और वह आस्ट्रेलियाई क्रिकेट में फिनिशर सहित कई भूमिकाएं निभा सकते हैं। स्टोइनिस ने हाल में संयुक्त अरब अमीरात में इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए 352 रन बनाने के साथ 13 विकेट चटकाए जिसके कोच पोंटिंग थे। वह भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में हैं। एलेक्स कैरी ने आईपीएल के दौरान स्टोइनिस के अंदर आए शानदार बदलाव के बारे में बताया। वह आईपीएल के लिए पहुंचा जिसमें वह सीधे इंग्लैंड से आया था, वह खुद में किए गए सुधारों को दिखाने के लिए काफी बेताब था। और उसके पहले कुछ नेट सत्र के बाद ही मैं बता सकता था।

## टखने की चोट से उबर रहे मार्श को भारत ए के खिलाफ अभ्यास मैच में वापसी की उम्मीद

**मेलबर्न।** टखने की चोट से उबर रहे आस्ट्रेलियाई हरफनमौला मिशेल मार्श ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह अगले महीने भारत ए के खिलाफ अभ्यास मैच में खेल पाएंगे जिसके लिए वह शुक्रवार को आने वाली रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मार्श को सितंबर में इंडियन प्रीमियर लीग के शुरूआती मैच के दौरान टखने में चोट लग गई थी और यह 29 साल का खिलाड़ी तब से ही क्रिकेट से दूर है। उन्हें आस्ट्रेलिया ए की टीम में शामिल किया गया जो छह से आठ दिसंबर और 11 से 13 दिसंबर तक भारत ए के खिलाफ तीन दिवसीय दो मैच खेलेगी। मार्श ने द वेस्ट आस्ट्रेलिया से कहा, मैं उम्मीद लगाए हूं, मुझे शायद इस हफ्ते पता चल जाएगा कि मैं खेल पाऊंगा या नहीं। मैं शायद शुक्रवार को इस बारे में जान पाऊंगा, रिहैब के हिसाब से मुझे कुछ चीजें देखनी हैं। मैंने पिछले हफ्ते ही दौड़ना शुरू किया और मुझे खेलना शुरू करने से पहले कुछ किलोग्राम वजन कम करना है। यह काफी धीमी प्रक्रिया रही लेकिन कुछ खिलाड़ियों से इसके बारे में बात करने से पता चला कि अंत में यह बहुत तेजी से ठीक हो जाती है तो उम्मीद करता हूं कि अगले दो हफ्तों में ऐसा हो जाएगा।

## स्मिथ को आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान स्टेडियम में दर्शकों के लौटने की उम्मीद

**सिडनी।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के क्रिकेट निदेशक ग्रीम स्मिथ को उम्मीद है कि 2018 के गेंद के छेड़छाड़ प्रकरण के बाद जब आस्ट्रेलिया की टीम अगले साल पहली बार उनके देश का दौरा करेगी तो मैदान पर दर्शकों की वापसी होगी। सीएसए में चल रही रजनीति उठापटक और देश के कोविड-19 को नियंत्रित करने के नाकाम रहने के बावजूद सिमथ ने आस्ट्रेलिया के अगले साल होने वाले दौर को लेकर संदेह को दूर करने का प्रयास किया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, हमारी नजरें आस्ट्रेलिया श्रृंखला पर टिकी हैं, उम्मीद करते हैं कि कोविड के साथ अगर सब कुछ सही हुआ तो कुछ दर्शकों को स्टेडियम में आने की स्वीकृति मिल सकती है। अगर ऐसा हुआ तो काफी अधिक रोमांचक होगा।

## इस उम्र में खेलने के गिने-चुने दिन बचे हैं, ध्यान अनुशासित बल्लेबाजी पर : वार्नर



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके गिने-चुने दिन बचे हैं और वह अपनी आक्रामकता पर नियंत्रण रखने का रवैया बरकार रखेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि आगामी श्रृंखला में वह भारतीय खिलाड़ियों पर छींटाकशी का प्रयास करने की जगह उनकी अनदेखी करेंगे। श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारणकर्ता सोनी की आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में वार्नर ने पिछले कुछ साल में एक बल्लेबाज के रूप में अपनी प्रगति पर भी बात की। इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने 27 नवंबर से भारत के खिलाफ शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले कहा, मैं हाल में 34 बरस का हुआ हूं इसलिए 30 बरस की उम्र की तुलना में मेरे दिन गिने-चुने बचे हैं। बेशक इससे जोखिम जुड़ा है लेकिन साथ ही समझदारी भरा क्रिकेट भी। मैदान पर कई बार भिड़ंत का हिस्सा रहे वार्नर ने कहा कि अगर भारतीय खिलाड़ी उनके साथ छींटाकशी करने का प्रयास करेंगे तो वह इसकी अनदेखी करने को प्राथमिकता देंगे। मैं इसका हिस्सा रहा हूं। इसमें (छींटाकशी) शामिल होने का प्रयास करना, उन्हें भी इसी तरह खेलना पसंद है। हमने समय के साथ सीखा है कि इसमें शामिल नहीं रहें। संभवत: इसकी अनदेखी करके इसके असर को उलट करने का प्रयास कर सकते हैं।

## 34 स्कूलों में स्वच्छता, पीने के पानी की सुविधा मुहैया कराएंगे रैना

**वास्को।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने उत्तर प्रदेश, जम्मू और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 34 स्कूलो मे शौचालय और पीने के पानी की सुविधाएं मुहैया कराने का संकल्प लिया है। इस साल 15 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रैना ने अपनी बेटी के नाम पर बने गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ग्रासिया रैना फाउंडेशन (जीआरएफ) के सहयोग से 27 नवंबर को अपने 34वें जन्मदिन के मौके पर कई परोपकारी गतिविधियां कराने का फैसला किया। स्कूलो मे पढ़ने वाले 10000 से अधिक बच्चो को स्वास्थ्य और साफ-सफाई की सुविधा मिलेगी। रैना और फाउंडेशन की सह संस्थापक उनकी पत्नी प्रियंका ने उनके जन्मदिन के हफ्ते की शुरुआत गाजियाबाद के नूर नगर सिहानी के गवर्नमेंट कंपोजिट मिडल स्कूल, पीने के पानी की सुविधा मे सुधार, लड़के और लड़कियो के लिए अलग शौचालय, हाथ धोने की व्यवस्था, बर्तन धोने की जगह और स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन करके की। यह ग्रासिया रैना फाउंडेशन और युवा अनस्टॉपेबल की संयुक्त परियोजना का हिस्सा है। रैना और प्रियंका ने इस दौरान कमजोर तबके की 500 महिलाओ को राशन किट भी दी। इस पहल के साथ अपने 34वें जन्मदिन का जश्न मनाने से मुझे काफी खुशी मिली है।

# मेदवेदेव ने थीम को हराकर एटीपी फाइनल्स खिताब जीता



**भाषा।** लंदन

डेनियल मेदवेदेव ने डोमीनिक थीम को कड़े मुकाबले में हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। मेदवेदेव ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को हुए फाइनल में अमेरिकी ओपन चैंपियन और दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी थीम को 4-6, 7-6, 6-4 से हराया। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने खिताबी जीत के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और नंबर दो रफेल नडाल को भी शिकस्त दी और वह सत्रांत चैंपियनशिप में विश्व रैंकिंग में शीर्ष तीन पर काबिज खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने। वह 1990 से किसी भी प्रतियोगित में शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले सिर्फ चौथे खिलाड़ी हैं। रूस के 24 साल के खिलाड़ी ने खिताब जीतने के बाद कहा, यह काफी मायने रखता है। यह दर्शाता है कि जब मैं अच्छा खेल रहा हूं, जब मैं मानसिक, शारीरिक रूप से अच्छा महसूस कर रहा हूं तो मैं क्या करने में सक्षम हूं। इसलिए मुझे पता है कि मैं क्या करने में सक्षम हूं। बस कुछ और अधिक बार ऐसे नतीजे देने होंगे।

## प्रजनेश लगातार दूसरे टूर्नामेंट के फाइनल में हारे

**ओरलैंडो।** भारत के प्रजनेश गुणेश्वरन को यहां ओरलैंडो ओपन के फाइनल में अमेरिका के ब्रेंडन नाकाशिमा के खिलाफ हार के साथ लगातार दूसरे एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट मे उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। प्रजनेश को 52080 डॉलर इनामी हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता के फाइनल मे रविवार को 3-6 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। बाएं हाथ का भारतीय खिलाड़ी एक घंटे और 28 मिनट चले मुकाबले के दौरान आठ ब्रेक प्वाइंट में से एक का भी फायदा नही उठा पाया। प्रजनेश को लगातार दूसरे टूर्नामेंट मे उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। पिछले हफ्ते वह केरी चैलेंजर टूर्नामेंट के भी फाइनल मे हार गए थे। इस नतीजे से प्रजनेश विश्व रैंकिंग मे 137वें से 128वें स्थान पर पहुंच जाएंगे जिससे उनका भारत का नंबर एक खिलाड़ी बनना तय है। प्रजनेश ने इस मुकाबले के दौरान काफी सहज गल्तियां की जबकि नाकाशिमा के मैदानी शॉट दमदार थे जिसकी बदौलत 19 साल का यह अमेरिकी खिलाड़ी अपना पहला एकल चैलेंजर खिताब जीतने मे सफल रहा।

## बीसीसीआई ने केरल के पूर्व क्रिकेटर सीके भास्करन के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने केरल के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर सीके भास्करन नायर के निधन पर शोक जताया है। नायर तत्कालीन सीलोन के खिलाफ अनौपचारिक प्रथम श्रेणी मैच में खेले थे। बोर्ड ने शोक संदेश में कहा, बीसीसीआई डॉ. सीके भास्करन नायर के निधन पर शोक जताता है। इस 79 वर्षीय पूर्ण खिलाड़ी का अमेरिका के ह्यूस्टन में 21 नवंबर 2020 को निधन हो गया।

पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर नायर का जन्म केरल के थलासेरी में 1941 में हुआ। उन्होंने 1957 से 1969 तक 12 साल लंबे अपने करियर के दौरान 42 प्रथम श्रेणी मैचों में 106 विकेट चटकाए। उन्होंने पारी में पांच बार पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उन्होंने 580 रन भी बनाए और इस दौरान नाबाद 76 रन उनका शीर्ष स्कोर रहा। वह मंसूर अली खान पटौदी की अगुआई वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने 1965 में सीलोन (अब श्रीलंका) के खिलाफ खेली थी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज नायर ने उस मैच में 18 ओवर में 51 रन देकर दो विकेट चटकाए थे।

**Public Notice**

Be it known to all that my clients Sh. Rajeev Kumar Gurjar S/o Late Sh.Chup Singh and Smt Munesh Kumari W/o Rajeev Kumar Gurjar owner and R/o HNo.1821, IInd Floor, Sher Singh Bazar, Kotla Mubarkpur,New Delhi-110003,has disowned their son Vishal Bainsla and his Wife/Daughter-in-law Smt. Kanchan from their all immovable and movable properties/assets including above owned house and severed all relations with them due to their Misdeeds,Neglect,Harassments and unbecoming and injurious behaviour towards my cliens, if anybody deals with them will do so at his/her/their own risk and responsibility and my clients shall not be responsible to anyone for the same.

AKSHAY SHARMA (Advocate)
CH.741, Saket District Court, New Delhi (M) 9654275340

## बहुविध कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान शीघ्र: डीपीआईआईटी सचिव

**नई दिल्ली।** लाजिस्टिक्स (माल पहुंचाने) की लागत तथा इसमें लगने वाले समय को कम करने के लिए सरकार शीघ्र ही देश भर में कनेक्टिविटी के लिए बहुविध राष्ट्रीय मास्टर प्लान की घोषणा कर सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव गुरुप्रसाद महापात्रा ने कहा कि नागर विमानन, नौवहन और रेलवे समेत बुनियादी संरचना से संबंधित सभी मंत्रालयों को देश के विभिन्न उत्पादन केंद्रों को वैश्विक गुणवत्ता वाली बहुविध कलेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 2024 तक की समयसीमा दी गई है। प्रस्ताव मंत्रिमंडल के पास जाएगा और जब इसे एक बार मंजूरी मिल जाएगी, बुनियादी संरचना से जुड़े सभी मंत्रालयों को तय समयसीमा दे दी जाएगी। महापात्रा ने उद्योग संगठन सीआईआई की एमएनसी संगोष्ठी में कहा, एक महत्वपूर्ण मुहिम, जिसकी केंद्र सरकार के द्वारा शीघ्र ही घोषणा की जा सकती है।

## बैंकों, बीमा कंपनियों में सरकार की हिस्सेदारी बिक्री के लिए सलाहकार की नियुक्ति करेगा दीपम

**नई दिल्ली।** निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) बैंकों और बीमा कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी बिक्री के लिए सलाहकार की नियुक्ति की तैयारी कर रहा है। यह सलाहकार दीपम को बैंकों और बीमा कंपनियो में रणनीतिक हिस्सेदारी बिक्री में मदद करेगा। सलाहकार या परामर्शक की नियुक्ति एक साल के लिए की जाएगी। उसका कार्यकाल दो और साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, Rajkumar, S/o. Radheshyam, R/o. 50/90, Haibtapur Gadhiya, Distt. Farrukhabad, Uttar Pradesh (At present New Delhi) have changed my name from Rajkumar to Mohd. Bilal on 31.08.2020 for all purposes.

PD(8809)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Rajkumar, S/o. Radheshyam, R/o. 50/90, Haibtapur Gadhiya, Distt. Farrukhabad, Uttar Pradesh (At present New Delhi) have changed my religion from Hinduism to Islam w.e.f. 31.08.2020.

PD(8810)A

## देश का सूचना प्रौद्योगिकी 81.9 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान : गार्टनर

**नई दिल्ली।** देश में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उत्पाद और सेवाओं पर व्यय 2021 में सालाना छह प्रतिशत बढ़कर 81.9 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है। शोध कंपनी गार्टनर की सोमवार को जारी रपट के मुताबिक इसकी बड़ी वजह कारोबारी सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाओं में वृद्धि होना है। रपट में 2020 में देश का आईटी पर व्यय 79.3 अरब डॉलर रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। यह 2019 के स्तर से 8.4 प्रतिशत नीचे है। गार्टनर रिसर्च के उपाध्यक्ष अरुप रॉय ने कहा, कोविड-19 के चलते बाजार में अनिश्चित हालात और नकदी का प्रवाह कम होने से भारतीय प्रतिष्ठानों की कई डिजिटल परियोजनाएं धरी रह गईं।

# शेयर बाजार तेजी के रुख के साथ बंद

## कोविड-19 टीके पर प्रगति की खबरों का असर

**भाषा।** मुंबई

कोविड-19 के एक और टीके के 90 प्रतिशत कारगर रहने की खबरों के बीच शेयर बाजार में सोमवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 195 अंक चढ़कर और निफ्टी 67 अंक लाभ में बंद हुआ। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने इससे पहले दिन में कहा कि उसके द्वारा विकसित किए जा रहे कोविड-19 टीके के तीसरे चरण के अंतरिम परिणाम सकारात्मक रहे। विश्वविद्यालय का टीका अब तक 90 प्रतिशत कारगर पाया गया है। इससे पहले मॉडर्ना और फाइजर ने भी अपने टीके के परीक्षण के सकारात्मक परिणाम घोषित कर चुकी हैं। इसका असर वैश्विक बाजार पर दिखा। साथ ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लगातार निवेश से डॉलर के मुकाबले रुपए में भी मजबूती रही। घरेलू स्तर पर 30 कंपनियों के शेयर वाला सूचकांक बीएसई सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 44,271.15 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया। अंत में यह 194.90 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 44,077.15 अंक पर बंद हुआ।

## डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की तेजी के साथ दो सप्ताह के उच्च स्तर पर




**मुंबई।** कमजोर डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में तेजी को देखते हुए अन्तरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को पांच पैसे की तेजी के साथ 74.11 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अन्तरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार मे , रुपए मे एक सीमित दायरे मे घट बढ़ देखी गई जहां कोविड-19 के टीके के संदर्भ मे हुई प्रगति की वजह से निवेशको के मन मे बनी सकारात्मक धारणा ध्वस्त हो गई। यहां रुपया 74.12 रुपए प्रति डॉलर पर खुला तथा कारोबार के दौरान 74.04 के उच्च स्तर और 74.22 के निम्न स्तर को छुआ। अंत मे रुपया पांच पैसे की तेजी दर्शाता 74.11 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो शुक्रवार को 74.16 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। पांच प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना मे डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.17 रह गया।

## एस एंड पी ने औद्योगिक घरानों को बैंक लाइसेंस देने के सुझाव पर संदेह जताया

**भाषा।** नई दिल्ली

एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत में पिछले कुछ साल में कर्ज लौटाने में बड़ी कंपनियों की चूक की परिस्थिति और कंपनी संचालन की कमजोरियों का उल्लेख करते हुए बड़े औद्योगिक घरानों को बैंक चलाने का लाइसेंसे दिए जाने के सुझाव पर लेकर संदेह जताया है। उसने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को ऐसे समय गैर-वित्तीय क्षेत्र की निगरानी में मुश्किकल होगी जब कि वित्तीय क्षेत्र की हालत कमजोर है। गौर तलब है कि पिछले सप्ताह, आरबीआई की एक आंतरिक समिति ने सिफारिश की है कि बड़े कार्पोरेट घरानों को बैंकों के प्रवर्तक बनने की अनुमति दी जा सकती है। साथ ही समिति ने निजी क्षेत्र के बैंकों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी मौजूदा 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 26 प्रतिशत करने की भी सिफारिश की है। रेटिंग एजेंसी एस एंड पी ने एक बयान में कहा, भारत में बड़ी कंपनियों के पिछले कुछ साल में कर्ज लौटाने को लेकर चूक और कंपनी संचालन की व्यवस्था की कमजोरियों को देखते हुए हमें बैंकों में कॉर्पोरेट क्षेत्र को स्वामित्व देने की अनुमति देने को लेकर संदेह है।

## दुनिया में निवेश का प्रमुख केंद्र बन सकता है भारत, सरकार उठा रही है कदम : सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत दुनिया में निवेश का एक प्रमुख केंद्र या हॉटस्पॉट बन सकता है। उन्होंने सीआईआई द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। सरकार भारत को निवेश का केंद्र बनाने की दिशा में कदम उठा रही है। सुधारों का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इन्हें जारी रखा जाएगा। उन्होंने भविष्य में कुछ और बड़े सुधारों का भी संकेत दिया। सुधारों की रफ्तार को कायम रखा जाएगा। बड़े स्तर पर कुछ और सुधारों के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधारों से वृद्धि के नए युग की शुरुआत होगी: कांत



**नई दिल्ली।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने राजकाज और आर्थिक मोर्चे पर महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाया है, इससे वृद्धि और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत होगी। उन्होंने अनुसंधान और विकास पर खर्च बढ़ाने तथा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून को मजबूत बनाने की जरूरत पर भी बल दिया। सरकार ने आर्थिक और राजकाज के मोर्चे पर जो सुधार किए हैं, वे अभूतपूर्व हैं। इससे वृद्धि और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत होगी। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हम राज्यों को कारोबार सुगमता मानदंडों पर प्रतिस्पर्धी बना रहे हैं। हम इस मामले में राज्यों की रैंकिंग कर रहे हैं। खामियों के बारे में उन्हें बताया जा रहा है ताकि चीजों को दुरुस्त किया जा सके। हाल के समय में सरकार द्वारा किए गए सुधारों का जिक्र करते हुए कांत ने कहा कि जब दुनिया आर्थिक वृद्धि में गिरावट से जूझ रही है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of Mrs. Mamta Sharma who is purchasing the Portion of Second Floor, Built on Property Bearing No.-T-9/2, area measuring 200 Sq. Yds., Approx., comprised in Khasra No.1151/3 Min, Ward No.3, situated in the Abadi of Lal Dora Village Mehrauli, Tehsil Hauz Khas (Mehrauli), New Delhi-110030 from Mr. Shadab Ali and further will be mortgaging against the financial assistance from Ummeed Housing Finance Pvt. Ltd. That the Surviving Member Certificate/Legal Heir Certificate of Late Mrs. Thakuri Devi @ Thakri Devi W/o Mr. Jaswant Kaur is not available so to comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.

Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-49, Contact #011-40046316

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभय राज सिंह और दुर्ग पाल सिंह/ LBDEL00001322367 | फ्लैट नंबर- टी- 3 / 13-05, वैली व्यू एस्टेट, गुड़गांव, हरियाणा/ नवंबर 18, 2020 | जनवरी 31, 2020 ₹. 6,83,107.57/- | दिल्ली एनसीआर |
| 2. | दयानंद शर्मा/ जयदेव कौशिक/ LBFDB00001181891 | फ्लैट नंबर- 207, दूसरी मंजिल, सी- II, बेल्वर्ड टॉवर, चार्मवुड गांव, सूरज कुंड रोड, फरीदाबाद / नवंबर 18, 2020 | अक्टूबर 04, 2019 ₹. 23,74,540/- | दिल्ली एनसीआर |
| 3. | हतिंदर तनेजा और रचना तनेजा/ LBGUR00002382513 | यूनिट नंबर जी- 018, ग्राउंड फ्लोर प्लेटिनम टॉवर, सेक्टर 47, सोहना रोड, गुड़गांव/ नवंबर 18, 2020 | फ़रवरी 26, 2020 ₹. 15,58,036/- | दिल्ली एनसीआर |
| 4. | प्रशांत कुमार और सारिका गेरा/ LBNOD00004358586 | फ्लैट नं सीवीएन- टी 10-09/ 04, 9 वीं मंजिल, सीएचडी वन्न, टॉवर 10, सेक्टर- 71, गुड़गांव/ नवंबर 18, 2020 | फ़रवरी 22, 2020 ₹. 90,78,208.78/- | दिल्ली एनसीआर |
| 5. | चेतना शेरोन/ संतोष गुप्ता/ संजय गुप्ता/ LBDEL00001867389 | 402 ए, टॉवर बी -3, अलोहा, एईजेड इंस्पिरशंस, सेक्टर-57, गुड़गांव 122010/ नवंबर 18, 2020 | जुलाई 23, 2020 ₹. 90,45,995/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।


दिनांक: नवंबर 24, 2020
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# एंटनी ब्लिंकेन को विदेश मंत्री बना सकते हैं बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन अपने विश्वस्त विदेश नीति सलाहकार एंटनी ब्लिंकेन को विदेश मंत्री नियुक्त कर सकते हैं। मीडिया में सोमवार को आई खबरों में इसकी संभावना जताई जा रही है। खबरों के अनुसार बाइडन जेक सलिवन को अपना राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बना सकते हैं। बाइडन मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। ओबामा के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने पर उनके प्रशासन में ब्लिंकेन (58) ने उप विदेश मंत्री के तौर पर काम किया था। बाइडन के उप राष्ट्रपति के कार्यकाल में ब्लिंकेन उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। बाइडन के चुनाव प्रचार अभियान में ब्लिंकेन विदेश नीति सलाहकार के तौर पर काम कर चुके हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल की खबर के अनुसार, नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन एंटनी ब्लिंकेन को विदेश मंत्री नियुक्त कर सकते हैं। इस निर्णय से अवगत लोगों के



अनुसार एक विश्वस्त राजनयिक और विदेश नीति सलाहकार ब्लिंकेन को विश्वभर में अमेरिका के रिश्ते प्रगाढ़ करने का दायित्व सौंपा जा सकता है। वाशिंगटन पोस्ट में कहा गया, नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन एंटनी ब्लिंकेन को विदेश मंत्री बनाने की घोषणा कर सकते हैं। वह उनके सबसे नजदीकी और लंबे समय तक विदेश नीति सलाहकार रह चुके हैं। अखबार में कहा गया, दो जानकार व्यक्तियों के अनुसार बाइडन के एक अन्य सलाहकार जेक सलिवन को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया जा सकता है। वाल स्ट्रीट जर्नल ने कहा, निर्णय से अवगत लोगों के अनुसार ब्लिंकेन के नाम की घोषणा मंगलवार को हो सकती है। भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाइडन के प्रचार अभियान द्वारा आयोजित डिजिटल समारोह में ब्लिंकेन ने कहा था, उप राष्ट्रपति (बाइडन) भारत के साथ मजबूत संबंधों के पक्षधर रहे हैं। मैंने यह खुद देखा है। मैंने उनके साथ 2002 में सीनेट की विदेश संबंध समिति में काम किया था। उसके बाद ओबामा-बाइडन प्रशासन और उनके उप राष्ट्रपति रहते हुए काम किया था। ब्लिंकेन ने इस साल 15 अगस्त को कहा था, अगर आप15 साल पहले जाएं तो तब भी जो बाइडन के पास भविष्य के लिए अमेरिका-भारत संबंधों की एक तस्वीर थी। उन्होंने 2006 में कहा था कि मेरा सपना है कि 2020 में दुनिया में दो सबसे करीबी रिश्तों वाले देश भारत और अमेरिका होंगे। वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का राजदूत नियुक्त किया जा सकता है।



मोट्रियल में सांता क्लाज व रेंडियर के फोटो लेती महिला

## कोविड-19 के मद्देनजर पाकिस्तान में शैक्षणिक संस्थान फिर से बंद किए गए

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** कोविड-19 में मामलों में वृद्धि के मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थानों को 26 नवंबर से 10 जनवरी तक फिर से बंद करने का निर्णय सोमवार को लिया गया।

गौरतलब है कि दो महीने से कुछ दिन पहले ही स्कूल कालेज खोले गए थे। देश में अब तक 3.7 लाख लोग कोरोना वायरस संक्रमण के शिकार हो चुके हैं और 7,700 मरीज कोविड-19 से अपनी जान गंवा चुके हैं।

पाकिस्तान के शिक्षा मंत्रियों की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। संघीय शिक्षा मंत्री शफकत महमूद ने चारों प्रांत के शिक्षा मंत्रियों और पाक के कब्जे वाले कश्मीर तथा गिलगित बल्तिस्तान के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता की। महमूद ने कहा, निर्णय लिया गया है कि सभी स्कूल, कालेज तथा विश्वविद्यालय ऑनलाइन माध्यम से पठन पाठन जारी रखेंगे और सभी शैक्षणिक संस्थानों को 26 नवंबर से 24 दिसंबर तक बंद रखा जाएगा। उन्होंने कहा, सर्दी की छुट्टियां 25 दिसंबर से 10 जनवरी तक होंगी। संस्थान 11 जनवरी को खुलेंगे। लेकिन जनवरी के पहले सप्ताह में स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की जाएगी। महामारी की शुरुआत में बंद किए गए शैक्षणिक संस्थानों को छह महीने बाद 15 सितंबर को खोला गया था। मंत्री ने कहा कि परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं और जनवरी में संस्थान खुलने के बाद इनका आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षाएं तय समय पर होंगी। पाकिस्तान में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,756 नए मामले सामने आए जिसके बाद सोमवार को कुल मामले बढ़कर 3,76,929 हो गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि महामारी से 34 और मरीजों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की संख्या 7,696 पर पहुंच गई। कम से कम 3,30,885 मरीज ठीक हो चुके हैं और।,677 मरीजों की हालत नाजुक है। देश में अभी 38,348 मरीज उपचाराधीन हैं।

## भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक अजय लोढ़ा का कोविड-19 संबंधी परेशानियों के चलते निधन

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**भारतीय-अमेरिकी** चिकित्सक एवं समुदाय के नेता अजय लोढ़ा का कोविड-19 संबंधी परेशानियों के चलते निधन हो गया।

भारतीय मूल के अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन (एएपीआई) के पूर्व अध्यक्ष का पिछले आठ महीने से क्लीवलैंड क्लिनिक में कोविड-19 संबंधी परेशानियों का इलाज चल रहा था और 21 नवम्बर को उन्होंने आखिरी सांस ली। वह 58 वर्ष के थे।उनके परिवार में पत्नी स्मिता, एक बेटा अमित और बेटी श्वेता हैं।न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने ट्वीट किया, भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रख्यात नेता डॉ. अजय लोढ़ा के निधन की खबर सुन बेहद दुखी हूं। वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उनकी मानवता, कृपालुता और समाज को उनका योगदान हमेशा सभी को प्रेरित करता रहेगा। एएपीआई के अध्यक्ष सुधाकर जोनलनागड्डा ने उन्हें एक दूरदर्शी नेता बताते हुए उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनकी मृत्यु एएपीआई के इतिहास का सबसे काला दिन है। एएपीआई की नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अनुपमा सुधाकर, जयपुर फुट यूएसए के अध्यक्ष प्रेम भंडारी, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## अमेरिका ने फिलीपीन को गाइडेड मिसाइलें व हथियार मुहैया कराए

**एपी।** मनीला

**अमेरिकी** सरकार ने इस्लामिक स्टेट से संबद्ध आतंकी समूहों से मुकाबले और दक्षिण चीन सागर में हमला होने की स्थिति में बचाव के लिए अपने साझेदार फिलीपीन को गाइडेड मिसाइलें और अन्य हथियार मुहैया कराए हैं।अमेरिकी सरकार की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्राइन ने मनीला में सोमवार को विदेश मंत्रालय के एक कार्यक्रम में शिरकत की जहां उन्होंने फिलीपीन की सेना को मिसाइलें और अन्य हथियारों की आपूर्ति की घोषणा की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल में फिलीपीन के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुर्तेते के साथ बातचीत में 1.8 करोड़ डॉलर की मिसाइलें देने का संकल्प जताया था।ओ ब्राइन ने एक के बाद एक कई चक्रवाती तूफानों में जान-माल के नुकसान को लेकर फिलीपीन से संवेदना प्रकट की और कोरोना वायरस महामारी से निपटने में देश को अमेरिकी सहायता को रेखांकित किया।ओ ब्राइन ने पश्चिम एशिया में आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट को परास्त करने में अमेरिकी सरकार की भूमिका का जिक्र किया और दक्षिणी फिलीपीन में आईएस से संबद्ध आतंकियों को खत्म करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। ब्राइन ने अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ के भी पूर्व के बयान को दोहराया कि दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन सैन्य बलों पर किसी भी तरह के हमले के मद्देनजर द्विपक्षीय भागीदारी के तहत प्रतिबद्धता के हिसाब से कदम उठाया जाएगा।

## हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के जेद्दा में तेल भंडार पर हमले का दावा किया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने सोमवार को सऊदी अरब के जेद्दा में तेल भंडार पर नई क्रूज मिसाइल से हमला किया। इस घटना से कुछ घंटे पहले ही 20 नेताओं के समूह के ऑनलाइन सम्मेलन की सऊदी अरब ने मेजबानी की थी।

सऊदी अरब ने हमले के बारे में तत्काल कुछ नहीं कहा है। हालांकि सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो में अरामको के तेल भंडार में लगी आग देखी जा सकती है।

हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एहिया सारी ने ट्वीट कर बताया कि तेल भंडार पर नई क्वाड 2 क्रूज मिसाइल दागी गईं। जनरल ने सैटेलाइट इमेज भी पोस्ट की जो अरामको के नॉर्थ जेद्दा बल्क प्लांट से मिलती जुलती है जहां पर तेल उत्पाद टैंकों में भरकर रखे जाते हैं।

## पाक ने संघर्षविराम उल्लंघन पर भारत के वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान ने** नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना द्वारा संघर्ष विराम समझौते का कथित तौर पर उल्लंघन किए जाने पर अपना विरोध जताने के लिए सोमवार को एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को तलब किया। विदेश कार्यालय के मुताबिक रविवार को नियंत्रण रेखा के पास खुईराटा सेक्टर में भारतीय सैन्य बलों के द्वारा बिना किसी उकसावे के अंधाधुंध गोलीबारी में 11 नागरिकों की मौत हो गई। विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया कि भारत ने इस साल 2820 बार संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया, जिससे 26 लोगों की मौत हुई और 245 नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भारत से 2003 के संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने, इस घटना और संघर्षविराम उल्लंघन की ऐसी ही कई अन्य घटनाओं की जांच कराने तथा एलओसी एवं कामकाजी सीमा पर शांति बनाए रखने को कहा गया।

### इजराइली प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब के शहजादे से मुलाकात की: मीडिया रिपोर्ट

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सऊदी अरब के शहजादे (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान के साथ मुलाकात की। इजराइली मीडिया की सोमवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई है।हिब्रू भाषा के मीडिया ने एक अज्ञात इजराइली अधिकारी के हवाले से बताया कि नेतन्याहू और इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख योसी कोहेन रविवार को सऊदी शहर निओम रवाना हुए थे जहां उन्होंने सलमान से मुलाकात की। खबर के अनुसार सलमान अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ से वार्ता करने के लिए वहां मौजूद थे। इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने इस संबंध में पूछे जाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।



कंबोडिया में कोरोना वायरस को लेकर स्कूलों में प्रवेश के समय छात्रों का तापमान नापते कर्मचारी

## क्विक न्यूज

### ट्रंप ने पेनसिल्वेनिया में मुकद्मा खारिज करने के न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ अपील की

**पेनसिल्वेनिया।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेनसिल्वेनिया में चुनाव परिणाम को चुनौती देने के उनके अभियान के प्रयास को एक संघीय न्यायाधीश द्वारा खारिज करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की है।अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप के अभियान की ओर से पेनसिल्वेनिया में दायर उस मुकद्मे को खारिज कर दिया था, जिसमें लाखो मतो को अवैध घोषित करने की मांग की गई थी।यूएस मिडल डिस्ट्रिक्ट ऑफ पेनसिल्वेनिया के न्यायाधीश मैथ्यू ब्राउन ने ट्रंप अभियान का अनुरोध शनिवार को खारिज कर दिया, जिससे तीन नवंबर को हुए चुनाव के परिणामों को चुनौती देने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों को खासा झटका लगा। अब राष्ट्रपति तथा अन्य वादियों ने थर्ड यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स में रविवार को अपीली नोटिस दिया, जो नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन को पदभार संभालने से रोकने का एक और प्रयास है।

### सैन जोस के गिरजाघर में हमला, दो लोगों की मौत

**सैन जोस (अमेरिका)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया के एक गिरजाघर में रविवार रात हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सैन जोस पुलिस और मेयर सैम लिकार्डो ने यह जानकारी दी। लिकार्डो ने रविवार देर रात ट्वीट किया, ग्रेस बैपटिस्ट चर्च में धारदार हथियार से किए गए हमले में मारे गए समुदाय के दो लोगो के परिवार के साथ हमारी संवेदनाए है। मेयर ने एक ट्वीट मे यह भी बताया था कि संदिग्ध को गिरफ्तार किया जा चुका है लेकिन बाद में ट्वीट हटा दिया। इसके बाद उन्होंने बताया कि पुलिस स्थिति पर अपना बयान जारी करेगी।सैन जोस पुलिस ने ट्विटर पर बताया कि अधिकारी गिरजाघर पहुंचे। विभाग ने मारे गए लोगों की पुष्टि की और कहा कि कई लोग हमले में घायल भी हुए है, जिनमें से कई की जान को खतरा भी है। पुलिस ने बताया कि हमले के समय गिरजाघर मे कोई प्रार्थना सभा नही हो रही थी, लेकिन ठंड के कारण वहां कई लोगो को गिरजाघर लाया गया था।

### अमेरिका के विस्कॉन्सिन में मॉल में हुई गोलीबारी के मामले में 15 वर्षीय किशोर गिरफ्तार

**विस्कॉन्सिन (अमेरिका)।** उपनगरीय मिलवाउकी मॉल मे हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने 15 वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार किया है। इस घटना में आठ लोग घायल हो गए थे।वाउवाटोसा पुलिस प्रमुख बैरी वेबर ने बताया कि दो समूहो के बीच किसी विवाद के चलते शुक्रवार दोपहर गालीबारी की यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस घटना में आसपास खड़े चार लोगों को भी गोलियां लग गई थी, लेकिन किसी की जान को कोई खतरा नही है।जाचंकर्ताओ ने बताया कि संदिग्ध किशोर बाकी लोगों के साथ मॉल से बाहर भाग आया था वेबर ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, वहां किसी बात को लेकर कोई बहस हुई और फिर गोलियां चल गईं। अधिकारियो ने संदिग्ध का नाम उजागर नहीं किया है और उस पर क्या आरोप लगे है, इसकी भी कोई जानकारी नही दी।जांचकर्ताओ ने बताया कि एक हथियार भी बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि मॉल शनिवार को बंद था और जांचकर्ता मौके पर मौजूद थे। दुकानदारो को रविवार को वापस मॉल मे आने दिया गया।

### दुबई में तीन पाकिस्तानी चोरों ने भारतीय पर हमला किया, घर से नकदी समेत सामान चुरा ले गए

**दुबई (भाषा)।** संयुक्त अरब अमीरात में मास्क पहने तीन पाकिस्तानी चोरों ने 33 साल के एक भारतीय व्यक्ति पर हमला कर उसके घर से लैपटॉप, मोबाइल फोन एवं कुछ नकदी चुरा ली। मीडिया में आई खबरों में इसकी जानकारी दी गई है। गल्फ न्यूज की खबरों में कहा गया है कि दुबई की फर्स्ट इंस्टांस अदालत में रविवार को सुनवाई के दौरान पीड़ित भारतीय ने आरोप लगाया कि ए चोर अगस्त में बुर दुबई इलाके में स्थित घर में सेंधमारी कर घुसे और वहां से कई सामान चुराए। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसके चेहरे को प्लास्टिक बैग से ढक दिया और उनके मुंह पर टेप चिपका दिया। पीड़ित ने अदालत को बताया, उनलोगों ने मास्क पहना था। उनमें से एक ने मेरा मुंह बंद कर दिया था और दूसरे ने धातु की छड़ से हमला किया। मैने इसका विरोध करने का प्रयास किया लेकिन उनलोगों ने मुझे जकड़ रखा था। मैने एक हमलावर का मास्क खीच लिया और उसका चहेरा देखा। उन्होंने बताया, मै किसी तरह से प्लास्टिक बैग तथा टेप हटाने मे सफल रहा और कमरे से बाहर आया। मै साथ रह रहे साथी के पास गया और हमने हमलावरो का पीछा करने का प्रयास किया। खबर में कहा गया है कि चोरो ने उनका लैपटॉप, मोबाइल फोन, नकद एवं क्रेडिट कार्ड चुरा लिया। इसमे कहा गया है कि पुलिस के गश्ती दल ने एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो अन्य अब भी फरार है। खबर मे कहा गया है कि दुबई पुलिस ने पाकिस्तानी चोर के खिलाफ डकैती और हमला करने का आरोप लगाया गया है। इसमे कहा गया है कि मामले की अगली सुनवाई अब नौ दिसंबर को होगी।

# चीन के तीन शहरों में कोविड-19 के मामले सामने आये

- लाखों लोगों की जांच की गई, स्कूल बंद किए गए

**भाषा।** बीजिंग



**चीन के** तीन शहरों में कोरोना वायरस के कुछ मामले सामने आने के बाद लाखों लोगों की जांच की गई। संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए इन शहरों में स्कूलों को बंद कर दिया गया तथा लोगों के जमावड़े पर पाबंदियां लगाई गई हैं। अमेरिका और अन्य देशों में संक्रमण की नई लहर की तुलना में चीन के तिआनजिन, शंघाई और मंझौली शहरों में कम मामलों के बावजूद कोविड-19 को लेकर विभिन्न कदमों की घोषणा की गई है। कई विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों ने आगाह किया है कि सर्दी के मौसम में संक्रमण फैलने का ज्यादा खतरा रहेगा। चीन में संक्रमण पर काबू पा लाने के बावजूद हालिया मामलों के मद्देनजर ऐसी आशंका है कि फिर से बड़े स्तर पर यह फैल सकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि पिछले 24 घंटे में शंघाई में संक्रमण के दो मामले आए और शुक्रवार से सात मामले आ चुके हैं।

पिछले साल वुहान में संक्रमण का पहला मामला आने के बाद से चीन में कुल 86,442 मामले आए हैं और 4634 लोगों की मौत हुई है। शंघाई में जांच अभियान तेज कर दिया गया है और खासकर हवाई अड्डा, अस्पतालों जैसे स्थानों पर काम करने वाले लोगों की जांच की जा रही है। तिआनजिन के बिनहाई में पांच मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने 22 लाख लोगों के नमूनों की जांच की। मंझौली में दो मामले आने के बाद सभी निवासियों की जांच की जा रही है। इस शहर की आबादी दो लाख से ज्यादा है। शहर में सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के जमावड़े पर भी रोक लगा दी गई है।

## महात्मा गांधी के प्रपौत्र सतीश धुपेलिया का कोरोना से निधन

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**राष्ट्रपिता महात्मा** गांधी के प्रपौत्र सतीश धुपेलिया का यहां कोरोना वायरस संबंधी जटिलताओं के चलते निधन हो गया। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि तीन दिन पहले ही वह 66 वर्ष के हुए थे।धुपेलिया की बहन उमा धुपेलिया मिस्त्री ने पुष्टि की है कि उनके भाई का कोविड-19 संबंधी जटिलताओं के कारण रविवार को निधन हो गया। उन्होंने यह भी बताया कि सतीश धुपेलिया को निमोनिया हो गया था और करीब एक महीने से अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था, वहीं पर वह इस संक्रमण की चपेट में आ गए।उमा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय भाई करीब एक महीने से निमोनिया से पीड़ित थे, अस्पताल में उन्हें एक और संक्रमण हो गया और इलाज के दौरान ही वह कोविड-19 की भी चपेट में आ गए। आज शाम उन्हें दिल का दौरा पड़ा तथा उनका निधन हो गया। धुपेलिया की उमा के अतिरिक्त एक और बहन हैं जिनका नाम कीर्ति मेनन है। वह जोहानिसबर्ग में रहती हैं।तीनों भाई-बहन मणिलाल गांधी के वंशज हैं। महात्मा गांधी दो दशक तक दक्षिण अफ्रीका में रहने के बाद भारत में अपना काम जारी रखने के लिए स्वदेश लौट गए थे और अपने पुत्र मणिलाल को यहीं छोड़ आए थे।

धुपेलिया ने अपना ज्यादातर जीवन मीडिया में खासकर वीडियोग्राफर एवं फोटोग्राफर के रूप में बिताया। वह गांधी डेवलपमेंट ट्रस्ट के लिए भी सक्रियता से काम कर रहे थे।

### ऑनलाइन चुने गए अमेरिका रोड्स स्कॉलर्स 32 विजेताओं में चार भारतीय-अमेरिकी छात्र

**न्यूयॉर्क ।** कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण पहली बार अमेरिका रोड्स स्कॉलर्स का चयन ऑनलाइन किया गया। इसके तहत 32 छात्रों ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति हासिल की है।इनमें से 22 अल्पसंख्यक (स्टूडेंट ऑफ कलर) और 10 अश्वेत हैं। इससे पहले कभी इतनी अधिक संख्या में अश्वेत छात्रों का चयन नहीं हुआ है।रोड्स ट्रस्ट के अमेरिकी सचिव एलिट गर्सन ने 32 विजेताओं की नाम की घोषणा रविवार को की, जो रोड्स स्कॉलर में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें चार अमेरिकी-भारतीय छात्र स्वाति आर. श्रीनिवासन, विजयसुंदरम रामसैमी, गरिमा पी. देसाई और सवरानी संका। गर्सन ने कहा, इससे पहले कभी भी रोड्स स्कॉलर के लिए छात्रों का चयन ऑनलाइन नहीं किया गया... इस छात्रवृत्ति के लिए 288 कॉलेजों और विश्वविद्यालय से करीब 2300 छात्रों ने आवेदन दिया था।

### बेलेव्यू रेस्तरां हमला: 23 वर्षीय एक युवक गिरफ्तार

**एपी ।** बेलेव्यू (अमेरिका)

**नेब्रास्का फास्ट** फूड रेस्तरां में हुए हमले के मामले में अधिकारियों ने 23 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। इस घटना में दो कर्मचारियों की गोली लगने से मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हुए थे।

ओमाहा वर्ल्ड हेराल्ड की खबर के अनुसार ओमाहा के रॉबर्टो कार्लोस सिल्वा जूनियर के खिलाफ बेलेव्यू में एक सोनिक ड्राइव-इन रेस्तरां में शनिवार रात हुए हमले के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। सिल्वा को बिना किसी बॉन्ड के रविवार को गिरफ्तार किया गया था।

प्रेस विज्ञप्ति में लेफ्टिनेंट एंडी जशिंस्के ने बताया कि बेलेव्यू पुलिस को शनिवार रात करीब नौ बजकर 23 मिनट पर रेस्तरां के बाहर एक ट्रक में बम होने की जानकारी देने के लिए फोन आया था। इसके एक मिनट बाद ही वहां पर गोलीबारी होने की जानकारी मिली। जांच के बाद वहां बम ना होने की पुष्टि हो गई है।

# 'थियेटर से हमारा संबंध बहुत विशेष और पवित्र होता है'



## टॉक टाइम

अभिनेत्री **अहाना कुमरा** को हम उनकी फिल्म खुदा हाफिज़, में पहले ही देख चुके हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि फिल्म में उनका चरित्र तमेना हामिद करने के लिए उन्हें काफी तैयारियां करनी पड़ी थीं। उन्होंने थियेटर शो सर सर सरला सहित अपने भावी प्रोजेक्ट्स आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश

■ **आपको इससे पहले खुदा हाफिज़, में एक पुलिस वाले की भूमिका करते देखा गया था। क्या आपको उसके लिए कुछ विशेष तैयारियां करनी पड़ी थीं?**

मुझे फिल्म में अरबी भाषा में बात करनी पड़ी थी। इसके साथ ही मुझे ऐक्शन आदि भी करने थे, तैयारियां बस इसी की करनी पड़ीं, अन्यथा मुझे अधिक तैयारियों की आवश्यकता नहीं थी। लेकिन इसमें भाषा तथा उच्चारण अलग होने के कारण विशेष ध्यान देना था। जब हम वास्तविक शूटिंग कर रहे थे, एक ऐक्शन निर्देशक भी हमारी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने हमें घूंसा चलाने और वार करने तथा प्रतिरक्षा करने के गुर समझाए। इसके लिए हमें विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करना पड़ा था।

■ **क्या ये भूमिका आपको आपकी सहजता की सीमा से आगे का लगा?**

मेरी प्रमुख चिंता इस बात की थी कि यहां तो हर बात नाम से जुड़ जाती है तो यदि मैं चरित्र के साथ न्याय न कर पाई तो क्या होगा? जब मैंने इस फिल्म को स्वीकार किया था तो कई लोगों ने बताया कि ये अच्छा काम होगा, चूंकि मैं अतीत के अपने चयन के कारण गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए ही जानी जाती हूं। ये बताते हुए ये कहना भी जरूरी हो जाता है कि हम कुछ जोखिम भी लें। लेकिन मैं निर्देशक फारुख कबीर तथा अपूर्वा की कृतज्ञ हूं कि उन्होंने मुझे इसे करने के लिए प्रेरित किया। मैं फिल्म की शूटिंग प्रारंभ होने से मात्र एक सप्ताह पहले ही फिल्म से जुड़ी थी लेकिन जब मैंने अनु कपूर जी को अपनी लाइनें दोहराते देखा तो मैंने भी वही किया और सब कुछ ठीक होता चला गया।

■ **तो क्या इसका अर्थ ये है कि आप एक विशेष प्रकार की फिल्में ही ऑफर की जाती हैं?**

नहीं ऐसा नहीं है। मुझे ढेरों फिल्में मिलती हैं जो बहुत ही विविधतापूर्ण होती हैं। ऐसी भूमिका तो मुझे मिली ही नहीं जो दोहराई जाती हों। मैं कह सकती हूं कि मैं ये शिकायत तो कर ही नहीं सकती कि मुझे विविधतापूर्ण भूमिकाएं नहीं मिलीं या फिर पर्याप्त भूमिकाएं न मिली हों। मैं ऐसी अभिनेत्री हूं जिसे विविधतापूर्ण रोल पर्याप्त संख्या में मिले हैं। फिल्म मर्ज़ी में मैं एक अध्यापिका थी तो बेताल में एक आईपीएस अधिकारी।

■ **सर सर सरला, नाटक में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

मैं इसमें साहित्य की छात्रा सरला बनी हूं। नाटक किसी विशेष पृष्ठभूमि से जुड़ा नहीं है। ये प्रोफेसर पालेकर का घर ही है जहां उनके दो प्रिय छात्र भी होते हैं-परिधर तथा सरला। प्रारंभ में नाटक में सरला का चरित्र सोनाली कुलकर्णी ने किया था। इसे 2012 में एक नई टीम के साथ प्रारंभ किया गया था। उसी समय से मैं इससे जुड़ी हूं। नाटक का प्रथम अर्ध स्मृतियों पर आधारित है और इसमें सरला प्रोफेसर परिधर की स्मृति में आती रहती है। सरला का विवाह हो गया था और वो चली गई थी। सरला और प्रोफेसर परिधर एक दूसरे से प्रेम करते थे। नाटक के दूसरे भाग में सरला अपने दूसरे परिवार से सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाती क्योंकि वहां साहित्य के स्थान पर बिजनेस और धन की ही चिंता की जाती है। इसके पश्चात तीनों एक स्थान पर एकत्र होकर अपनी-अपनी समस्या के बारे में बताते हैं।

■ **क्या आप अपने रोल से तारतम्य स्थापित कर पाईं। क्या आपको किसी प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा था?**

मैं तो सरला के साथ ही बड़ी हुई हूं। मैं पिछले आठ सालों से सरला का चरित्र करती आ रही हूं। हमनें इस चरित्र के लिए काफी पहले से तैयारी प्रारंभ कर दी थी और इस चरित्र के साथ तो 2012 से ही जुड़ी हूं। थियेटर एक मैदान होता है और हम सब छात्र। दर्शक कई बार अलग होते हैं और कई बार समय भी भिन्न हो जाता है या कुछ और भी घटित हो जाता है। जब मैं स्टेज पर नहीं होती तो कुछ विचित्र लगता है। हम सभी के लिए बीच बीच में थियेटर करना एक प्रकार से अपने कौशल को पैना करने के समान होता है। जब मैंने ये रोल करना प्रारंभ किया था उस समय मैं इसके बारे में अधिक नहीं जानती थी मैं घबराई रहती थी क्योंकि लोग तो एक से दूसरे की तुलना करते हैं। लेकिन धीरे धीरे सब कुछ सामान्य होता चला गया और अब तो ये शो बहुत हिट हो गया है। अब तो सरला से मेरा एक प्रकार से संबंध जैसा स्थापित हो गया है जो एक विशेष संबंध कहा जा सकता है।

■ **आप काफी समय से थियेटर करती आ रही हैं। इसमें आपको क्या आकर्षित करता है?**

देखिये ये मेरे लिए एक माध्यम है जैसे कि हर अभिनयकर्मी के लिए एक माध्यम होता है। दूसरे माध्यम तो निर्देशक के अधीन होते हैं। वो ही इसमें बताते हैं कि आपको क्या कब और कैसे करना होगा। जो भी सीन निर्देशक जोड़ता या घटाता है उसमें अभिनेत्री का कोई हस्तक्षेप नहीं होता। लेकिन थियेटर को आप हमारा मंच और शो कह सकते हैं। थियेटर में हमारा महत्व काफी अधिक होता है अन्यथा हमें अपने स्वर कहीं भी सुनाई ही नहीं देते। हम जिस प्रकार का समय अभ्यास करने में बितती हैं वो काफी अधिक होता है। हर नाटक के साथ आपका एक विशेष संबंध स्थापित हो जाता है। आप ऐसे किसी भी व्यक्ति से इस बारे में बात कर सकते हैं, उसे हर रिहर्सल का स्मरण होगा। किसी को भी एक अभिनेता और थियेटर के बीच का संबंध समझाया नहीं जा सकता क्योंकि ये बहुत विशेष और पवित्र होता है।

■ **इस रोल के लिए आपका किस प्रकार उनसे जुड़ना संभव हुआ?**

मुझे मकरंद देशपांडे, जिन्हें हम प्यार से मैक कहते हैं, का एक फोन आया। मैं पहले से ही उनके साथ कई नाटक कर चुकी थी लेकिन वे बहुत ही छोटी भूमिकाएं होती थीं। वो इसी नाटक 'सर सर सरला' को पुनर्जीवित करना चाहते थे। मुझे इस नाटक के बारे में जरा भी अनुमान नहीं था बस मैंने बचपन में इसे एक बार देखा था। जब मुझे फोन आया और उन्होंने जब मुझे इस चरित्र को निभाने का निमंत्रण दिया तो मैं अवाक रह गई। मुझे सहसा विश्वास ही नहीं हुआ और मुझे अच्छे ढंग से पता है कि हर अभिनेता या अभिनेत्री को ऐसा रोल मिलने पर सहसा विश्वास नहीं होता। ये एक सशक्त भूमिका थी। मैं तो बस इस चरित्र को पाकर अभिभूत हो गई थी।

■ **आगे के लिए आपकी क्या योजना है?**

मैंने रोहन सिप्पी की फिल्म सैंडविच के लिए शूटिंग प्रारंभ कर दी है। इसके अलावा साद अली की 'कॉल माइ एजेंट' की भी शूटिंग चल रही है।

---

## वेब सीरीज ए सूटेबल बॉय विवाद

# नेटफ्लिक्स के दो अफसरों के विरुद्ध मप्र में प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश** पुलिस ने सोमवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के दो अधिकारियों के खिलाफ वेब सीरीज ए सूटेबल बॉय में कथित रूप से एक मंदिर में किसिंग सीन दिखाने से लोगों की भावनाओं को आहत करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने यह प्राथमिकी भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय सचिव गौरव तिवारी की शिकायत पर दर्ज की है। मध्यप्रदेश के रीवा शहर के सिविल लाइंस पुलिस थाने में नेटफ्लिक्स के दो अधिकारियों मोनिका शेरगिल, (वाइस प्रेसीडेंट, कन्टेंट) तथा अंबिका खुराना (डायरेक्टर, पब्लिक पॉलिसीज) के नाम से प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दूसरी ओर प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को कहा, मैंने अधिकारियों से इस बात की जांच करने के निर्देश दिए थे कि सीरीज ए सूटेबल बॉय में दिखाए जा रहे किसिंग सीन क्या किसी मंदिर में फिल्माएं गए हैं और क्या इससे धार्मिक भावनाओं को चोट लगी है। जांच में प्राथमिक तौर पर यह पाया गया है कि इन दृश्यों से एक विशेष धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा, गौरव तिवारी की शिकायत के आधार पर भादवि की धारा 295 ए (धार्मिक भावनाओं के आहत होने संबंधी धारा) के तहत रीवा में नेटफ्लिक्स के अधिकारियों मोनिका शेरगिल और अंबिका खुराना के खिलाफ दर्ज की जा रही है।

इससे पहले, तिवारी ने शनिवार को रीवा के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर नेटफ्लिक्स और सीरीज के निर्माताओं से माफी मांगने तथा आपत्तिजनक दृश्यों को हटाने की मांग की थी।

तिवारी ने कहा कि सीरीज के कुछ हिस्सों को मध्यप्रदेश के महेश्वर में नर्मदा किनारे एक शिव मंदिर में फिल्माया गया है तथा मंदिर के अंदर किसिंग सीन से हमारी भावनाओं को ठेस पहुंची है।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक को अपनी शिकायत में नेटफ्लिक्स के दो अधिकारियों मोनिका शेरगिल और अंबिका खुराना को नामित किया था। उधर, एसपी राकेश कुमार ने सोमवार को कहा कि तिवारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे जांच की जा रही है। मालूम हो कि छह भागों वाली नेटफ्लिक्स सीरीज ए सूटेबल बॉय को प्रसिद्ध निर्माता एवं निर्देशक मीरा नायर ने बनाया है। नायर, समीक्षकों द्वारा अपनी फिल्मों जैसे सलाम बॉम्बे, मॉनसून वेडिंग और द नेमसेक की प्रशंसा की लिए जानी जाती है।

---

# सोनी लिव पर ए सिंपल मर्डर




## हास्यप्रद गड़बड़ियों से भरपूर है सीरीज

**एक मशहूर** कहावत है कि ज्यादा लालच के चक्कर में हम अपना सब कुछ जोखिम में डाल देते हैं।... और यही है मनीष के जीवन की दास्तान। मध्यमवर्गीय मनीष नाकाम शादी को बचाने के लिए जूझ रहा है। मनीष का ख्याल है कि उसका बिजनेस आइडिया उसकी किस्मत संवार सकता है। अपने उस आइडिया के लिए एक निवेशक की तलाश के दौरान वह गलत दरवाजे पर दस्तक दे बैठता है और फिर उसकी जिंदगी सिर के बल खड़ी हो जाती है। स्कैम 1992 की हैरान कर देने वाली सफलता के बादए सोनी लिव अगली पेशकश के तौर पर आपके लिए लेकर आया है मल्टी स्टारर सीरीज श्ए सिंपल मर्डर। 20 नवंबर से शुरू हो चुकी हास्य और रोमांच के बेहतरीन मेल वाली यह सीरीज सात एपिसोड में दिलचस्प डार्क कॉमेडी पेश करेगी।सचिन पाठक द्वारा निर्देशित और प्रतीक पयोधि द्वारा लिखित ए सिंपल मर्डर एक दिलचस्प डार्क कॉमेडी है, जिसमें लालच गड़बड़झाले से भरे ढेर सारे किरदारों के सर चढ़कर बोलता है और उन्हें अनचाही घटनाओं की श्रृंखला में उलझा देता है। अपनी रोजाना की जिंदगी की एकरसता से खीझे या सुरक्षित भविष्य हासिल करने की तमन्ना लिए, परस्पर विपरीत संसार के ये लोग राहें बदलते हैं और एक बेहतर जिंदगी पाने की खातिर कुछ अकल्पनीय कर गुजरने के लिए सबकुछ दांव पर लगा देते हैं। इस सीरीज का निर्माण जेएआर पिक्चर्स ने किया है और मोहम्मद जीशान अय्यूब सुशांत सिंह और अमित सियाल के बेजोड़ परफॉर्मेंस बेहद दिलचस्प डायलॉग्स और एक आम आदमी की कंप्लीट ड्रामेडी की बदौलत इसे आसमानी ऊंचाइयां मिली हैं। प्रिया आनंद, यशपाल शर्मा, गोपाल दत्त और अयाज खान जैसे कई कलाकारों से सजी ए सिंपल मर्डर बेहतरीन मजेदार सीरीज है जिसकी शुरुआत 20 नवंबर को सिर्फ सोनी लिव पर हो चुकी है।

---


# वरिष्ठ अभिनेत्री विजयशांति जल्द भाजपा में हो सकती हैं शामिल

**हैदराबाद।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और अभिनेत्री विजयशांति जल्द भाजपा में शामिल हो सकती हैं। उनके करीबी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्व सांसद बीते कुछ महीनों से राज्य में कांग्रेस की गतिविधियों और कार्यक्रमों में सक्रिय नहीं हैं। अगर विजयशांति भाजपा में शामिल होती हैं तो वह दक्षिण भारत में भगवा दल में शामिल होने वाली दूसरी मशहूर अभिनेत्री होंगी। इससे पहले तमिलनाडु में अभिनेत्री खुशबू ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था। विजयशांति का भाजपा में शामिल होना एक तरह से घर वापसी कर तरह होगा और इससे भगवा दल को मजबूती मिलेगी, जो ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव (जीएचएमसी)में जुटी हुई है। यह चुनाव एक दिसंबर को होगा। विजयशांति ने अपना राजनीतिक सफर भाजपा के साथ शुरू किया था और बाद में टीआरएस में शामिल हो गई थीं। इसके बाद वह तेलंगाना राज्य के गठन से पहले 2014 में कांग्रेस में आ गई थीं। सूत्रों ने बताया कि वह कांग्रेस में उनके साथ किए जा रहे सलूक से खुश नहीं हैं। वह जल्द दिल्ली के लिए रवाना हो सकती हैं और अमित शाह जैसे वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो सकती हैं। जीएचएमसी चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा ने कहा कि विजयशांति जल्द भाजपा में शामिल होंगी तथा और कई अन्य भी पार्टी में शामिल होने की कतार में हैं।



---

# ग्रैमी पुरस्कार विजेता आडियो इंजीनियर ब्रूस स्वेडिएन का निधन



**लॉस एंजिलिस ( अमेरिका )।** पांच बार के ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित आडियो इंजीनियर ब्रूस स्वेडिएन का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। स्वेडिएन की बेटी एवं सगीतकार रॉबर्टा स्वेडिएन ने बताया कि उनके पिता का निधन फ्लोरिडा के गैनेस्विल्ले में 16 नवम्बर को हुआ था। वह लंबे समय से बीमार थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर के अनुसार उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की भी पुष्टि हुई थी, लेकिन उनमें कोविड-19 के कोई लक्षण नहीं थे। रॉबर्टा ने फेसबुक पर लिखा कि उन्हें जीवन में प्यार, बेहतरीन संगीत और एक शानदार शादी सभी का सुख मिला। अपने 65 साल से अधिक लंबे करियर में पांच बार ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम कर चुके स्वेडिएन ने माइकल जैक्सन और क्विंसी जोन्स जैसे कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया था।

---

# कंगना ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कराने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल ने सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने खिलाफ मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया। यह प्राथमिकी सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के जरिए समाज में नफरत और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के आरोप में दर्ज की गई है। बांद्रा मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के अनुसरण में दर्ज प्राथमिकी में राजद्रोह का आरोप भी है। मजिस्ट्रेट अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया था कि रनौत और उनकी बहन के खिलाफ जांच करें।उनके वकील रिजवान सिद्दीकी ने कहा, कंगना और रंगोली ने प्राथमिकी और मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द कराने के लिए बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है।' उन्होंने कहा कि याचिका में अदालत से यह भी अनुरोध किया गया है कि पूछताछ के वास्ते पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए जारी समन पर भी रोक लगाई जाए और पुलिस को निर्देश दिया जाए कि वह उनके खिलाफ दंडात्मक कार्वाई नहीं करे।



मुंबई पुलिस ने पिछले हफ्ते रनौत और उनकी बहन को तीसरी बार समन जारी कर 23 और 24 नवंबर को दो समुदायों के बीच कथित रूप से दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए अपने बयान दर्ज कराने को कहा था।

---

# ऑनलाइन चुने गए अमेरिका रोड्स स्कॉलर्स 32 विजेताओं में चार भारतीय-अमेरिकी छात्र

**न्यूयॉर्क।** कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण पहली बार अमेरिका रोड्स स्कॉलर्स का चयन ऑनलाइन किया गया। इसके तहत 32 छात्रों ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति हासिल की है। इनमें से 22 अल्पसंख्यक (स्टूडेंट ऑफ कलर) और 10 अश्वेत हैं। इससे पहले कभी इतनी अधिक संख्या में अश्वेत छात्रों का चयन नहीं हुआ है। रोड्स ट्रस्ट के अमेरिकी सचिव एलिट गर्सन ने 32 विजेताओं की नाम की घोषणा रविवार को की, जो रोड्स स्कॉलर में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें चार अमेरिकी-भारतीय छात्र स्वाति आर. श्रीनिवासन, विजयसुंदरम रामसैमी, गरिमा पी. देसाई और सवरानी संका। गर्सन ने कहा, इससे पहले कभी भी रोड्स स्कॉलर के लिए छात्रों का चयन ऑनलाइन नहीं किया गया... इस छात्रवृत्ति के लिए 288 कॉलेजों और विश्वविद्यालय से करीब 2300 छात्रों ने आवेदन दिया था। रोड्स ट्रस्ट की 16 समितियों ने आवेदनों की छंटाई की और फिर प्रबल दावेदारों का ऑनलाइन साक्षात्कार लिया गया। इसके बाद प्रत्येक जिले से दो-दो छात्रों का चयन किया गया। विजेताओं में 17 महिलाओं, 14 पुरुष और एक ट्रांस जेंडर छात्र है। रोड्स स्कॉलरशिप इंग्लैंड में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में दो या तीन साल के अध्ययन के लिए छात्रों का पूरा खर्च उठाता है। सेसिल रोड्स की वसीयत के तहत 1902 में रोड्स स्कॉलरशिप की शुरुआत की गई थी।

---

# राष्ट्रपति कोविंद आज भगवान बालाजी के मंदिर में करेंगे पूजा-अर्चना

**तिरुपति।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 24 नवंबर को तिरुमला में भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति पांच घंटे के दौरे पर मंगलवार को यहां आएंगे। उन्होंने बताया कि तिरुपति के पास स्थित रेनीगुंटा हवाई अड्डे पर आने के बाद राष्ट्रपति तिरुचानुर में देवी श्री पद्मावती के मंदिर में प्रार्थना करेंगे। इसके बाद वह दोपहर में भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना के लिए मंदिर जाएंगे।


---

# वेब बेड



## आटर वी कोलाइडेड

टेसा को हार्डिन से प्यार हो गया, लेकिन प्यार में धोखा खाने के बाद अब उसके लिए जीवन में आगे बढ़ने और हार्डिन को एक और अवसर देने में से क्या चुनना उचित होगा? फिल्म नेटलिक्स पर 1 दिसंबर को रिलीज़ होगी।



## भाग बीनी भाग?

माता-पिता से इंकार होने के बाद उसके जीवन में उलझनों का एक दौर प्रारंभ होता है, लेकिन उसे आगे बढ़ने के लिए अपने अतीत को क्या विस्मृत करना होगा? फिल्म में स्वरा भास्कर, डॉली सिंह तथा रवि पटेल जैसे मंझे कलाकार हैं और इस शो का पहला सीज़न 4 दिसंबर से नेटलिक्स पर रिलीज़ होगा।



## तोरबाज़

एक अगानी शरणार्थी कैंप में एक पूर्व सैनिक चिकित्सक क्रिकेट के माध्यम से बच्चों को कुछ प्रसन्नता के क्षण वापस देना चाहता है लेकिन शीघ्र ही उसे पता चलता है कि बात केवल क्रिकेट तक ही सीमित नहीं रहने वाली। फिल्म में संजयदत्त, नर्गित फाकरी और राहुल देव जैसे परिपक्व अभिनेता हैं और ये 11 दिसंबर को नेटलिक्स पर रिलीज़ होगी।